राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र


# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 ▶ सोफी चौधरी ने टॉक शो की सफलता पर ...



वैश्विक अनिश्चितता के बीच ब्रिक्स... ◀ 12

गाजियाबाद, शुक्रवार 15 मई 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 13 अंकः 67, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## सरकारी कर्मचारियों के लिए 2 दिन घर से काम अनिवार्य, प्राइवेट कंपनियों को भी मिलेगी सलाह

**दिल्ली।** दिल्ली ने सरकारी कर्मचारियों के लिए सप्ताह में 2 दिन घर से काम करना अनिवार्य घोषित किया है, निजी क्षेत्र के लिए जल्द ही परामर्श जारी किया जाएगा। वहीं सरकार प्राइवेट कंपनियों से भी दो दिन के वर्क फ्रॉम होम की अपील करेगी। सीएम ने कहा है कि सरकार पेट्रोल-डीजल बचाने के लिए सरकारी और प्राइवेट दोनों स्तरों पर काम कर रही है। इसके लिए 'मेरा भारत मेरा योगदान' स्कीम शुरू की गई है। दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) व्यस्त समय में यातायात जाम और ईंधन की खपत कम करने के लिए कार्यालय समय में भी बदलाव करेंगे। दिल्ली सरकार ईंधन



की बचत और ज़िम्मेदार खपत के लिए नागरिकों को प्रोत्साहित करने हेतु एक अभियान शुरू करने की भी योजना बना रही है। सरकार ने सरकारी वाहनों का उपयोग कम करने का भी निर्णय लिया है। अधिकारियों को आवंटित पेट्रोल की सीमा 20% कम कर दी गई है, जिससे मासिक सीमा 200 लीटर से घटकर 200 लीटर हो गई है। सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक अन्य कदम के तहत, दिल्ली में "मेट्रो दिवस" मनाया जाएगा, साथ ही सरकार लोगों से सप्ताह में एक बार "कार-मुक्त दिवस" मनाने की अपील करेगी। दिल्ली सरकार ने यह भी घोषणा की है कि वह अगले छह महीनों तक कोई नया वाहन नहीं खरीदेगी। कर्मचारियों के बीच सार्वजनिक परिवहन के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए, सरकारी कर्मचारियों के लिए 29 सरकारी कॉलोनियों में 58 विशेष बसें चलाई जाएंगी। ये उपाय प्रधानमंत्री द्वारा नागरिकों से अनावश्यक ईंधन खपत कम करने, सोने जैसी गैर-जरूरी खरीदारी को स्थगित

> **सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक अन्य कदम के तहत, दिल्ली में "मेट्रो दिवस" मनाया जाएगा**

करने और भारत के विदेशी मुद्रा भंडार की रक्षा के प्रयासों के तहत अनावश्यक विदेश यात्रा से बचने के आग्रह के बाद किए गए हैं।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बड़ा ऐलान, नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से 15 जून से शुरू होंगी सेवाएं

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को कहा कि नोएडा के जेवर स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान



सेवाएं आगामी 15 जून से शुरू हो जाएंगी। आदित्यनाथ ने कहा कि हवाई अड्डे की यह परियोजना उस क्षेत्र के बदलाव को दशार्ती है, जो कभी अपराध के लिए जाना जाता था। ह्यउत्तर प्रदेश के बदलाव के नौ वर्ष विषय पर आयोजित एक सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने कहा कि जेवर क्षेत्र, जो कभी अपराध के लिए बदनाम था, अब एक वैश्विक निवेश केंद्र के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा, भारत का सबसे बड़ा हवाई अड्डा जेवर में बन चुका है और 15 जून से हम वहां से उड़ान सेवाएं शुरू करने जा रहे हैं। विमानन कंपनी इंडिगो और अकासा एयर ने हाल ही में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ानों का संचालन करने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2017 में अपनी सरकार के सत्ता में आने से पहले उत्तर प्रदेश की स्थिति को बहुत खराब बताते हुए आरोप लगाया कि राज्य बीमारू बन गया था और सूबे में दंगे अराजकता, व्यापारियों का पलायन, किसानों की आत्महत्या और पारंपरिक उद्योगों का पतन आम बात थी।

## ▶▶ न्यूज डायरी

### आईईडी में सिम कार्ड लगाकर बीएसएफ कैंप के बाहर किया था ब्लास्ट, जालंधर धमाके का आरोपी गिरफ्तार, पाकिस्तान में बैठा है आका

**जालंधर (आरएनएस)।** जालंधर में बीएसएफ हेडक्वार्टर के सामने 5 मई को हुए आईईडी ब्लास्ट केस में पुलिस ने मुख्यारोपी को हिरासत में लिया है। सूत्रों के मुताबिक पकड़ा गया मुख्य आरोपी पंजाब का ही रहने वाला है। इस मामले में अभी तक 17 के करीब आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। इस ब्लास्ट मामले में एक हैरान कर देने वाली



जानकारी सामने आई है। जानकारी के अनुसार, आरोपी ने आईईडी में अपना सिम कार्ड लगाया हुआ था। आरोपी ने उसी नंबर पर कॉल किया जिस से आईईडी ब्लास्ट हुआ था। सूत्रों के मुताबिक आईईडी में इस्तेमाल विस्फोटक आरोपी ने बॉर्डर एरिया में मौजूद किसी शख्स से लिया था।

### निकाय चुनाव में जनता ने मोदी और भाजपा की नीतियों पर लगाई मुहर : नायब सिंह सैनी

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने निकाय चुनाव में जीत दर्ज करने पर सभी विजयी उम्मीदवारों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आम जनता ने निकाय चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी की नीतियों पर जीत की मुहर लगाई है। मुख्यमंत्री बुधवार को नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद है, उनके नेतृत्व



में नॉन स्टॉप भारतीय जनता पार्टी की सरकारें बन रही हैं। प्रधानमंत्री की नीतियों पर लगातार आम जनता का विश्वास बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लगातार झूठ का सहारा लेकर लोगों के बीच में जाती है। लोग कांग्रेस के चेहरे को जान गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो कहते हैं, उसे पूरा करते हैं। उनके नेतृत्व में पश्चिम बंगाल में ऐतिहासिक जीत दर्ज की, असम में भारी बहुमत से भाजपा ने जीत दर्ज की। इसी तरह हरियाणा में हुए निकाय चुनाव में एकतरफा जीत दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जनता ने चुनावों में कांग्रेस के चेहरे से नकाब उतारा है। कांग्रेस झूठ बोलने का काम करती है। जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी की नीतियों पर विश्वास जताया है।

## राजस्थान के सीएम ने की पानसेरी गांव में सुबह की सैर

**जालोर (आरएनएस)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को जालोर जिले के पानसेरी गांव में गुरुवार सुबह की सैर की। इस दौरान उन्होंने गांव वालों, स्कूली बच्चों, किसानों और पशुपालकों से बातचीत की। मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों का अभिवादन किया और उनका

> **कलेक्टर को दिए ग्रामीणों के मुद्दों पर कार्रवाई के निर्देश**

हालचाल पूछा। उन्होंने स्कूल जा रहे बच्चों से भी बातचीत की, उन्हें चॉकलेट और टॉफियां बांटीं और उन्हें पढ़ाई पर ध्यान देने तथा बेहतर भविष्य के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। सुबह की सैर के बाद सीएम शर्मा ने गांव के 'चौहटा' (पारंपरिक केंद्रीय मिलन स्थल) पर गांव वालों के साथ चर्चा की, जहां लोगों ने स्थानीय विकास से जुड़ी कई मांगें रखीं। मुख्यमंत्री ने जिला कलेक्टर को गांव वालों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर जरूरी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरे के दौरान सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री केके बिश्नोई, स्थानीय जन प्रतिनिधि, और जिला प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद थे। इससे पहले बुधवार को



मुख्यमंत्री ने पानसेरी गांव में 'ग्राम विकास चौपाल' कार्यक्रम में हिस्सा लिया, जहां उन्होंने किसानों और पशुपालकों से बातचीत की। गांव वालों को संबोधित करते हुए सीएम शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने राजस्थान के विकास के लिए एक रोडमैप तैयार किया है, जिसका लक्ष्य राज्य को एक आदर्श राज्य में बदलना है। उन्होंने कहा कि सरकार हर पंचायत में सुनियोजित विकास सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री विकसित गांव-वार्ड अभियान चला रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने बिजली और पानी के बुनियादी ढांचे को प्राथमिकता दी है और रामजल सेतु लिंक परियोजना, यमुना जल समझौता, इंदिरा गांधी नहर परियोजना, गंग नहर सुदृढ़ीकरण कार्य, तथा माही और देवास परियोजनाओं सहित प्रमुख सिंचाई और जल परियोजनाओं पर काम तेज कर दिया है।

उन्होंने कहा कि सोम-कमला-अंबा परियोजना से जवाई बांध में पानी पहुंचाने में मदद मिलेगी, जिससे जालोर, पाली और सिरोही जिलों में पानी की बेहतर आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

सीएम शर्मा ने यह भी बताया कि 24 जिलों के किसानों को अभी दिन के समय बिजली मिल रही है और 2027 तक इस सुविधा का विस्तार पूरे राज्य में कर दिया जाएगा।

## 22 साल में 54 विदेश यात्रा... कमाई 11 करोड़ और खर्च किए 60 करोड़; बीजेपी ने राहुल गांधी पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर उनके विदेश दौरों और उनसे जुड़े कथित खर्च को लेकर सवाल उठाए हैं। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दावा किया कि राहुल गांधी ने वर्ष 2004 से 2026 के बीच 54 निजी विदेश यात्राएँ की हैं, जिन पर लगभग 60 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि इन दौरों में कोई आधिकारिक सरकारी या संसदीय यात्रा शामिल नहीं है।



पात्रा ने राहुल गांधी की घोषित आय का हवाला देते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2013-14 से 2022-23 के बीच उनकी कुल आय लगभग 11 करोड़ रुपये रही है। ऐसे में उन्होंने सवाल उठाया कि जब घोषित आय सीमित है, तो विदेश यात्राओं पर इतना खर्च कैसे हुआ और इसका स्रोत क्या है। उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी पिछले 22 वर्षों से जनप्रतिनिधि हैं और इस दौरान उन्होंने इटली, ब्रिटेन, अमेरिका, जर्मनी, वियतनाम, सिंगापुर, बहरीन, मालदीव, कतर और संयुक्त अरब अमीरात सहित कई देशों की यात्रा की है। भाजपा ने यह आरोप भी लगाया कि इन यात्राओं से जुड़े कई रिकॉर्ड और तस्वीरें सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं, लेकिन उनके वित्तपोषण के स्रोत और भुगतान प्रक्रिया को लेकर अब तक स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के अंत में पात्रा ने कहा कि मुख्य सवाल यह है कि इन कथित निजी यात्राओं की फंडिंग किस माध्यम से हुई और इसका पूरा विवरण सार्वजनिक क्यों नहीं किया गया है।

## पश्चिम बंगाल में सुवेंदु अधिकारी का बड़ा ऐलान, सरकारी स्कूलों में वंदे मातरम गाना अनिवार्य

**पश्चिम बंगाल।** मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने गुरुवार को घोषणा की कि पश्चिम बंगाल के सभी सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में 18 मई से वंदे मातरम गाना अनिवार्य होगा। मीडिया से बात करते हुए अधिकारी ने कहा कि निजी विद्यालयों से भी इसे अपनाने का अनुरोध किया गया है और इस संबंध में औपचारिक सूचना आज बाद में जारी की जाएगी। अधिकारी ने कहा कि सोमवार से सभी सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में वंदे मातरम अनिवार्य होगा। निजी स्कूलों में भी इसे शामिल करने की अपील की गई है। इस संबंध में आज औपचारिक नोटिस जारी किया जाएगा। एक अलग घटनाक्रम में, अधिकारी ने पश्चिम बंगाल विधानसभा के अध्यक्ष पद के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक रथेंद्र बोस के नामांकन के बारे में भी बात की और परंपरा के अनुसार सर्वसम्मति बनाए रखने का आग्रह किया। बोस की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वे एक समर्पित पार्टी कार्यकर्ता हैं और पेशे से चार्टर्ड



अकाउंटेंट हैं। उन्होंने आगे कहा कि वे इस भूमिका में प्रशासनिक समझ और संगठनात्मक अनुभव दोनों लेकर आएंगे। अधिकारी ने कहा कि उन्होंने कभी विधायक, मंत्री या अध्यक्ष जैसे किसी पद के लिए आवेदन नहीं किया। पार्टी ने उनकी निष्ठा को पहचाना है। वे चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं और इस जिम्मेदारी को संभालने के लिए उनमें आवश्यक क्षमता है। हम उनके नेतृत्व के लिए सभी पक्षों से सहयोग चाहते हैं। उन्होंने विपक्ष से संसदीय परंपरा का पालन करते हुए निर्विरोध स्पीकर चुनाव सुनिश्चित करने की अपील की।

## चीनी के निर्यात को लेकर केंद्र सरकार का बड़ा फैसला, सितंबर तक लगाई रोक, देश में कीमतें कंट्रोल रखने को उठाया कदम

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्र सरकार ने एक बड़ा ऐलान किया है, इसमें चीनी के निर्यात पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया है। कच्ची, सफेद और रिफाइंड चीनी के निर्यात (एक्सपोर्ट) पर सितंबर 2026 तक रोक रहेगी। ये फैसला देश में चीनी की कीमतों को कंट्रोल में रखने के लिए किया गया है। बता दें कि भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा चीनी उत्पादक देश है। केंद्र सरकार ने बुधवार को एक अधिसूचना में कहा कि उसने 30 सितंबर, 2026 तक या अगले आदेश तक तत्काल प्रभाव से चीनी निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है।

भारत ने घरेलू मांग से अधिक उत्पादन की उम्मीद में मिलों को 15 लाख मीट्रिक टन चीनी निर्यात करने की अनुमति दी थी। लेकिन अब आशंका है कि प्रमुख गन्ना उत्पादक क्षेत्रों में गन्ने की पैदावार कमजोर होने की वजह से उत्पादन लगातार दूसरे वर्ष खपत से कम रहेगा। अल नीनो वेदर कंडीशन की



वजह से मानसून में रुकावट होने की आशंका है। इसने पैदावार के प्रारंभिक अनुमानों से कम होने के जोखिम को भी बढ़ा दिया है।

रॉयटर्स की खबर के मुताबिक, डीलरों ने बताया कि निर्यात के लिए स्वीकृत 15 लाख मीट्रिक टन में से व्यापारियों ने लगभग 8 लाख टन के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए, जिसमें से 6 लाख टन से अधिक पहले ही भेजा जा चुका है।


सरकार ने भी कहा है कि जो माल पहले से निर्यात प्रक्रिया में है उनको नहीं रोका जाएगा। अधिसूचना में कहा गया है कि पहले ही माल की लोडिंग शुरू हो चुकी हो तो माल की ढुलाई की अनुमति दी जाएगी। ये अनुमति उन मामलों में भी दी जाएगी जहां शिपिंग बिल दाखिल किया गया हो और जहाज पहले ही किसी भारतीय बंदरगाह पर लंगर डाल चुका हो।

भारत द्वारा निर्यात पर प्रतिबंध के ऐलान के बाद न्यूयॉर्क में कच्चे चीनी के वायदा भाव में 2 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि लंदन में सफेद चीनी के वायदा भाव में 3 प्रतिशत की उछाल आया।

**अपील का असर** | पीएम मोदी की देशवासियों से की गई अपील का असर भी देखने को मिला है

## पीएम मोदी की अपील पर बोले सीएम सुक्खू- मैं छोटी इलेक्ट्रिक कार में करता हूं सफर

**मंडी (आरएनएस)।** ईंधन संरक्षण को लेकर पीएम मोदी की देशवासियों से की गई अपील का असर भी देखने को मिला है। भाजपा शासित राज्यों में सीएम से लेकर उनके मंत्रियों ने काफिले को आधा कर दिया है। दूसरी ओर, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने दावा किया है कि वे छोटी इलेक्ट्रिक कार से सफर करते हैं। मंडी में मीडिया से बातचीत के दौरान हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि मैंने पहले ही अपने काफिले को कम कर दिया है। यह अच्छी बात है कि राज्यपाल ने भी अपने काफिले को कम कर दिया है। हमने मंत्रियों के वेतन में 30 फीसदी और विधायकों के वेतन में 20 फीसदी की कटौती की है। हमने वित्तीय रूप से कटौती की है। मैंने अपने काफिले का आकार भी कम करने के निर्देश दिए हैं। मेरे काफिले में छोटी इलेक्ट्रिक गाड़ियां हैं। हम तो तीन साल से ही खर्चा कम कर रहे हैं। प्रदेश आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। हमने तो बहुत पहले से ही काफिला कम कर दिया है। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा की पूर्व सरकार में फिजूलखर्ची हुई है। करोड़ों रुपये बिल्डिंग बनाने में फूंके गए। प्रदेश की संपदा को भाजपा ने लूटा है। वे जैसे तैसे प्रदेश की सत्ता में आना चाहते हैं। जनता की सेवा के पैसे रोकोगे तो कैसे



हिमाचल की सत्ता में आओगे। उन्होंने कहा कि केंद्र की ओर से मिलने वाले पैसे जो हमें नहीं मिले हैं, हिमाचल भाजपा के नेताओं में हिम्मत नहीं है कि केंद्र से इस बारे में सवाल पूछें। जहां तक हमारी बात है तो प्रदेश के हित में हम इसे उठाते रहेंगे। कांग्रेस सरकार में प्रदेश आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है।प्रदेश को हमने आर्थिक तौर पर मजबूत किया है। आने वाले 6 से 8 महीने में इसके सार्थक परिणाम देखने को मिलेंगे।

दूसरी ओर, पीएम मोदी की सोने के आभूषण खरीदारी में कटौती किए जाने वाले बयान पर सीएम सुक्खू ने कहा कि शादी-विवाह हमारी संस्कृति, परंपराओं और पारिवारिक मूल्यों का अभिन्न हिस्सा हैं। ऐसे शुभ अवसरों पर परिवार अपने सामर्थ्य के अनुसार आभूषण खरीदकर बेटी को स्नेह, शगुन और आशीर्वाद के रूप में भेंट करते हैं। देशभर में ज्वेलरी उद्योग से जुड़े लाखों कारीगरों, कर्मचारियों, छोटे व्यापारियों और उनके परिवारों की आजीविका भी इसी पर निर्भर है। मेरा आग्रह है कि प्रधानमंत्री अपने सोना न खरीदने संबंधी सलाह पर पुनर्विचार करें क्योंकि इससे सामाजिक परंपराओं और रोजगार पर प्रभाव पड़ेगा।

निकाय चुनाव को लेकर सीएम ने कहा कि मंडी के भाइयों और बहनों ने संकल्प लिया है कि इस बार वे एकजुट होकर कांग्रेस के सभी उम्मीदवारों को विजयी बनाएंगे और निकाय चुनाव में भी कांग्रेस की मजबूत सरकार जीत हासिल करेगी।

## जालंधर की लेखिका सीमा आनंद ने राजस्थान की डिप्टी सीएम दीया कुमारी को भेंट की पुस्तक 'टाइमलेस ट्रेल्स

**जालंधर (आरएनएस)।** जालंधर शहर की लेखिका सीमा आनंद चोपड़ा द्वारा रचित कॉफी-टेबल बुक 'टाइमलेस-ट्रेल्सइ हाल ही में राजस्थान की उपमुख्यमंत्री एवं पर्यटन मंत्री दीया कुमारी को लेखिका ने भेंट की। यह पुस्तक सुंदर चित्रों और शोधपरक लेखों के माध्यम से विरासत को संरक्षित करने का एक शानदार प्रयास है। 'टाइमलेस ट्रेल्स पुस्तक में अनेक ऐसे भाग हैं, जो भारत एवं ब्रिटेन की समृद्ध विरासत, इतिहास एवं संस्कृति को इतने रोचक ढंग से प्रस्तुत करते हैं कि पढ़ने वाले को ऐसा प्रतीत होता है मानो वह वहां स्वयं उपस्थित हो। इस अवसर पर दीया कुमारी जी ने पुस्तक की सराहना करते हुए कहा कि 'टाइमलेस-ट्रेल्स जैसी कृतियां हमारी हर पीढ़ी को अपनी जड़ों और इतिहास से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने पुस्तक के प्रत्येक अध्याय को ध्यानपूर्वक देखा और लेखिका सीमा के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने में ऐसी पुस्तकों की अहम भूमिका है। मुलाकात के दौरान लेखिका ने उनसे कहा कि राजस्थान और पंजाब का संबंध तो सदियों पुराना है। दीया कुमारी स्वयं जयपुर के शाही परिवार से हैं और विरासत संरक्षण के प्रति उनका समर्पण बेहद प्रेरणादायक है। इस पुस्तक की सबसे खास बात यह है कि 'टाइमलेस ट्रेल्स का प्राक्कथन दीया कुमारी जी के पिता महाराजा भवानी सिंह जी के मित्र, कपूरथला के महाराजा ब्रिगेडियर सुखजीत सिंह जी ने लिखा है। इसे पढ़कर दीया कुमारी जी भावुक हो गईं।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

# हनीट्रैप में फसाकर ठगी करने वाले महिला सहित 05 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त गाडी व 04 मोबाइल फोन बरामद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**





**गुलावठी।** थाना पुलिस ने हनीट्रैप के जरिए ठगी और दुष्कर्म के मुकदमे में फंसाने की धमकी देने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए एक महिला समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

संपत्ति विवाद में दरोगा द्वारा अपने भाई को हनीट्रैप में फंसाने की रची साजिश को गुलावठी पुलिस ने नाकाम साबित कर दिया है। पुलिस ने चैकाने वाला खुलासा करते हुए महिला समेत 5 लोगो को गिरफ्तार किया है। साथ ही आरोपियों के कब्जे से युक्त गाडी व 4 मोबाइल फोन बरामद किए है। पुलिस ने बताया कि 14 मई 2026 को राकेश कुमार निवासी ग्राम उलेडा ने थाने पर तहरीर दी कि करीब एक माह पूर्व उसके मोबाइल फोन पर एक लडकी की कॉल आयी, लडकी ने कहा की वह उससे बात करना चाहती हैं, दोनो के मध्य बात होने लगी तो 6 मई 2026 को युवती ने वादी को जनपद हापुड बुलाया तथा हापुड में घुमाने के लिए कहा गया। राकेश कुमार उसके साथ जनपद हापुड चला गया, घुमने के दौरान लडकी द्वारा अपने फोन में दोनो के फोटो खीचे लिये थे। उसके बाद वादी द्वारा युवती को वापस छोड दिया गया। युवती द्वारा अगले दिन राकेश कुमार से 500 रुपए मांगे गये वादी द्वारा अपने एक परिचित से 500 रुपए रुपये लडकी के खाते में यूपीआई के माध्यम से भिजवा दिये। फिर अगले दिन लडकी द्वारा उससे 20 हजार रुपए की मांग की गयी न देने पर दुष्कर्म के मुकदमें में फसाने की धमकी दी गयी। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई करते हुए घटना में संलिप्त 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार लोगो में ओंमकार सिंह पुत्र श्री दर्शन सिंह निवासी जौलपुर की मडैया थाना पटवाई जनपद रामपुर, पवन सैनी पुत्र प्रसादीलाल सैनी निवासी गौशाला रोड कस्बा व थाना चंदौसी जनपद सम्भल, मुनेश कुमार पुत्र मोतीराम सैनी निवासी मॉ0 ससादक सराय सिरी थाना हजरतनगर गढी जनपद सम्भल, राजू पुत्र ईश्वरीलाल निवासी न्यू कृष्ण नगर थाना सिविल लाइन जनपद रामपुर व रानी पुत्री राजू निवासी इंदरा कॉलोनी विजय नगर गाजियाबाद को गिरफ्तार किया है।

संपत्ति विवाद में दरोगा ने अपने भाई को हनीट्रैप में फंसाने की रची साजिश

खुलासा। वादी राकेश कुमार व उसके भाई नीरज कुमार का जमीन को लेकर विवाद चल रहा हैं। नीरज कुमार वर्तमान में उत्तर प्रदेश पुलिस में उपनिरीक्षक के पद पर जनपद रामपुर मे तैनात हैं, नीरज कुमार ने जमीन हडपने के उद्देश्य से अभियुक्कत ओमकार सिंह, (जो हनी ट्रेप का गिरोह चलाता हैं) के साथ मिलकर वादी को फसाने की योजना बनाई तथा योजनानुसार अभियुक्त ओमकार सिंह द्वारा अन्य अभियुक्तों के साथ मिलकर अभियुक्ता रानी को वादी से बात करने के लिए कहा गया।

जिसके बाद अभियुक्ता रानी द्वारा वादी से बात कर उसे मिलने के लिए बुलाया गया तथा अपने फोन में उसके फोटो ले लिए गये। आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार शर्मा, व0उ0नि0 नीरज, उ0नि0 कुंवर सिंह, उ0नि0 वैभव पटेल है0का0 सुनील, का0 अंकुर,का0 कुलदीप, म0का0 रिया वशिष्ठ, म0रि0का0 भारती आदि शामिल रहे।

# फर्जी आईडी बनाकर विवाहिता को बदनाम कर रहा पूर्व पति, पीड़िता ने पूर्व पति के खिलाफ कराया मामला दर्ज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**औरंगाबाद/बुलंदशहर।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला को उसका पूर्व पति इंस्ट्राग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर पुराने फोटो डालकर बदनाम कर रहा है। पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मैथना जगतपुर निवासी एक महिला ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर अवगत कराया कि उसके पूर्व पति अनुज निवासी ग्राम फतेहपुर पोस्ट वैर जनपद बुलंदशहर ने उसके नाम से इंस्ट्राग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर पुराने फोटो अपलोड कर दिये हैं और उसे बदनाम करने व नई शादी में व्यवधान पैदा करने का प्रयास कर रहा है। पीड़िता का यह भी कहना है कि कहीं और संबंध

**अपनी बदनामी सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल होने का हवाला देते हुए पीड़िता ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई है**

की बात चलने पर उनके पास जाकर उन्हें बरगला कर संबंध नहीं होने दे रहा। अपनी बदनामी सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल होने का हवाला देते हुए पीड़िता ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। मामला दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। नामजद आरोपी फरार है।

# स्थाई नौकरी का झांसा दे अध्यापिका को फर्जी संस्था अध्यक्ष बनाकर प्रिंसिपल ने कराया एक करोड़ का बैंक लोन स्वीकृत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**औरंगाबाद (बुलंदशहर)।** एक स्कूल की प्रिंसिपल एवं आनर ने एक शिक्षिका से उसके तमाम कागजात स्थाई नौकरी लगवाने का झांसा देकर धोखे से हासिल कर अध्यापिका को एक फर्जी संस्था अध्यक्ष बनाकर उसके नाम से एक करोड़ का बैंक लोन डिग्री कालेज खोलने के नाम पर स्वीकृत करा लिया।

अध्यापिका के फोन पर साठ लाख पैसठ हजार रुपए का लोन स्वीकृत किए जाने का मैसेज आया तो अध्यापिका के होश फाख्ता हो गए। पीड़िता ने धोखाधड़ी का अहसास होते ही थाना प्रभारी को लिखित तहरीर देकर संबंधित प्रिंसिपल के खिलाफ मामला दर्ज करने की गुहार लगाई।?न्याय ना मिलने पर पीड़िता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर मदद की गुहार

- **लोन स्वीकृत किए जाने का मैसेज आते ही अध्यापिका के उड़ गए होश**
- **थाने में तहरीर देकर लगाई मदद की गुहार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को भी भेजा शिकायती पत्र**

लगाई है। मामला दर्ज नहीं हुआ है। मामला बेहद संगीन। भारती निवासी टीचर्स कालोनी जो कि यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल में विगत चार साल से बतौर अध्यापिका कार्यरत है, ने थाना प्रभारी को लिखित तहरीर देकर अवगत कराया कि उसकी प्रिंसिपल सीमा चौधरी ने उसे स्थाई नौकरी लगवाने का झांसा देकर उसके समस्त कागजात पेन कार्ड आधार कार्ड बैंक पासबुक आदि ले लिए। और उससे कुछ कागजों पर हस्ताक्षर भी करा लिये। बाद में उसे सेलरी बैंक खाते में जमा कराये जाने की बात कहते हुए उसे पंजाब नेशनल बैंक डिप्टी गंज शाखा बुलंदशहर ले जाकर उसके नाम पर बैंक खाता भी खुलवा दिया। बैंक खाते में यूनिवर्सल शिक्षण संस्थान के नाम पर स्वीकृत एक करोड़ के लोन की पहली किस्त साठ लाख पैसठ हजार रुपए जमा कराए जाने का मैसेज भारती के फोन पर आया तो उसके होश फाख्ता हो गए।? धोखाधड़ी का अहसास होते ही भारती ने थाना प्रभारी को लिखित तहरीर दी लेकिन पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया। पीड़िता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर अपनी रिपोर्ट दर्ज कराने और उसके साथ हुई नाइंसाफी और धोखाधड़ी से बचाने की गुहार लगाई है। थाना प्रभारी मौहम्मद असलम खान ने बताया कि पीड़िता ने पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी है। मामले की जानकारी फोन पर दी गई थी। जांच पड़ताल की जा रही है।

# बुलंदशहर पहुंचीं साध्वी निरंजन ज्योति, बालाजी दरबार में की मंगल आरती

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** साध्वी निरंजन ज्योति ने जनपद बुलंदशहर आगमन के बाद कृष्णा नगर स्थित प्रभु श्री बालाजी महाराज के दिव्य धाम बालाजी दरबार में पहुंचकर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना एवं मंगल आरती में भाग लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में सनातन धर्म प्रेमी भी उपस्थित रहे।





बालाजी दरबार में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में साध्वी निरंजन ज्योति ने श्रद्धा भाव से भगवान श्री बालाजी महाराज की आराधना की। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। उपस्थित श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मंगल आरती में सहभागिता की। गौरतलब है कि साध्वी निरंजन ज्योति वर्तमान में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष हैं तथा इससे पूर्व केंद्र सरकार में ग्रामीण विकास एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री की जिम्मेदारी भी संभाल चुकी हैं। सनातन धर्म के प्रति उनकी आस्था और समर्पण को लेकर भी चर्चा रही।इस अवसर पर बालाजी दरबार के महंत स्वामी परमदेव महाराज ने कहा कि साध्वी निरंजन ज्योति संत विचारधारा को राजनीतिक क्षेत्र में प्रसारित कर रही हैं, जो सामाजिक, राजनीतिक और आध्यात्मिक दृष्टि से सराहनीय कार्य है।

कार्यक्रम में प्रखर पांडे, चंद्र भूषण मित्तल, योग गुरु नरेंद्र बंसल, सभासद सुनील शर्मा, संजय गोयल, ब्रजेश गर्ग, नीरू गर्ग, तनुज सनातनी, एडवोकेट अशोक चौधरी, युगल गोस्वामी, आर.के. गर्ग एवं अरुण गोयल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित

# सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के बच्चों का शानदार प्रदर्शन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** स्थानीय नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षाओं उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

**विद्यार्थियों की मेहनत व समर्पण का फल है परिणाम : कमल कुमार**



नाम- ईशा गुप्ता 92.2% वाणिज्य वर्ग ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, शिकारपुर



नाम- रिया कुमारी 90.8% मानविकी वर्ग ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, शिकारपुर




नाम-सानिया 89% मानविकी वर्ग ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल शिकारपुर




नाम-सोनिया सैनी 87% विज्ञान वर्ग ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, शिकारपुर



नाम-नेहा गौर 84.8% विज्ञान वर्ग ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, शिकारपुर

परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह की लहर दौड़ गई।


मेधावी छात्र-छात्राओं का प्रदर्शनः

विद्यालय की छात्राओं ने विभिन्न वर्गों में उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए हैं, जिनमें मुख्य रूप से ईशा गुप्ता (वाणिज्य वर्ग) 92.2% अंकों के साथ विद्यालय में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। रिया कुमारी (मानविकी वर्ग) 90.8% अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा दिखाई। सानिया (मानविकी वर्ग) 89% अंकों के साथ सफलता पाई। सोनिया सैनी (विज्ञान वर्ग) 87% अंक हासिल किए। नेहा गौर (विज्ञान वर्ग) 84.8%, हर्षिका सैनी 83.4 प्रतिशत, साक्षी कुमारी 83 प्रतिशत, देवेश बरगोती 80.2 प्रतिशत, दीपिका राजोरा 80.2 प्रतिशत, दैविक निखिल सागर 81.4 प्रतिशत, गुंजन 81 प्रतिशत, कामिनी त्यागी 81 प्रतिशत, विषि गुप्ता 80 प्रतिशत श्लेष कुमार 80 प्रतिशत, , दीप्ति शर्मा 80 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रबंधन और प्रधानाचार्य ने दी बधाई देते हुए विद्यार्थियों के इस शानदार प्रदर्शन पर विद्यालय के प्रबंधक कमल कुमार एवं प्रधानाचार्य दुलिप कुमार शर्मा ने सभी विद्यार्थियों अभिभावकों एवं शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकोके सहयोग का प्रतिफल है। प्रबंधक कमल कुमार ने कहा कि यह सफलता बच्चों के कड़े परिश्रम और शिक्षकों के सही मार्गदर्शन का परिणाम है। प्रधानाचार्य दुलिप कुमार शर्मा ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि हमें अपने विद्यार्थियों पर गर्व है, जिन्होंने न केवल अच्छे अंक प्राप्त किए बल्कि यह भी साबित किया कि कड़ी मेहनत से हर मुकाम हासिल की जा सकती है। हमारे छात्र निरंतर उत्कृष्टता की नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। हमें विश्वास है कि विद्यार्थी भविष्य में भी विद्यालय और देश का नाम रोशन करेंगे।

बच्चों में उत्साह की लहर से इस बड़ी सफलता के बाद विद्यालय के अन्य छात्र-छात्राओं में भी अपार उत्साह की लहर देखी गई। सभी बच्चों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। अभिभावकों ने भी स्कूल के अनुशासन और पढ़ाई के स्तर की सराहना करते हुए प्रबंधन का आभार व्यक्त किया है। विद्यालय प्रबंधन एवं समस्त स्टाफ ने सभी सफल विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# पुलिस की सक्रियता बढ़ी, थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र शर्मा के नेतृत्व में नगर में किया गया पैदल गश्त

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**गुलावठी।** वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र शर्मा के नेतृत्व में नगर क्षेत्र में व्यापक पैदल गश्त अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस टीम ने मुख्य बाजारों, भीड़भाड़ वाले इलाकों, बैंकों, चौराहों तथा संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण कर आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गश्त के दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र शर्मा ने दुकानदारों, व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों से संवाद करते हुए उन्हें सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने अपील की कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

उन्होंने कहा कि नगर में कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा आमजन की सुरक्षा के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क और प्रतिबद्ध है। गश्त के दौरान पुलिसकर्मियों ने सड़कों पर अनावश्यक रूप से खड़े लोगों को हटाया और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के निर्देश भी दिए।

बाजार क्षेत्र में पुलिस की सक्रिय मौजूदगी से व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने राहत महसूस की तथा पुलिस प्रशासन के इस प्रयास की सराहना की। थाना प्रभारी ने बताया कि अपराध और असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से आगे भी नियमित रूप से पैदल गश्त एवं चेकिंग अभियान जारी रहेगा।

# अनाज मंडी समिति में नवीन प्रतिष्ठान अक्षय ट्रेंडिंग कम्पनी का शुभारंभ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**डिबाई (केपी सिंह चौहान)।** नगर की अनाज मंडी समिति परिसर में नवीन प्रतिष्ठान अक्षय ट्रेडिंग कम्पनी का शुभारंभ बड़े ही हर्षोल्लास एवं विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक चन्द्रपाल सिंह लोधी, सौरभ सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं भवन पूजन के साथ किया गया। इसके उपरांत अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ सिंह (सुपुत्र राजवीर सिंह राजू भैया) ने विधिवत फीता काटकर अक्षय ट्रेडिंग कम्पनी का उद्घाटन किया।



उद्घाटन समारोह के दौरान उपस्थित अतिथियों एवं कार्यकताओं ने प्रतिष्ठान के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में अतिथियों का पुष्पमालाएं पहनाकर स्वागत किया गया तथा सभी ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं।

इसी अवसर पर सौरभ सिंह का जन्मदिवस भी कार्यकताओं एवं परिवारजनों के साथ केक काटकर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उपस्थित लोगों ने उन्हें जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं मंगलकामनाएं प्रेषित कीं।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, व्यापारीगण, समाजसेवी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# रघुवर दयाल प्रभु दयाल पब्लिक स्कूल जहांगीराबाद में सीबीएससी 12वी के विद्यार्थियों ने न केवल अपने स्कूल को वरन संपूर्ण नगर को भी गौरवान्वित किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**जहांगीराबाद ।** रघुवर दयाल प्रभु दयाल पब्लिक स्कूल जहांगीराबाद में सीबीएससी 12वी के विद्यार्थियों ने न केवल अपने स्कूल को वरन संपूर्ण नगर को भी गौरवान्वित किया है। स्कूल के होनहार छात्र अभिनव गर्ग ने (विज्ञान वर्ग, मैथ में )95.4% अंक प्राप्त करके टॉपर्स में अपनी जगह बनाई,वहीं लव कुमार ने (विज्ञान वर्ग, मैथ में) 86.2%, नीरव सैनी ने (विज्ञान वर्ग ,मैथ में )85.2%, तथा चेतन कुमार ने ( विज्ञान वर्ग ,बायोलॉजी में) 82.2% अंक प्राप्त करके स्कूल के साथ साथ अपने अभिभावकों का भी नाम रोशन किया। स्कूल के प्रबंधक गिरीश गर्ग, निदेशक हर्ष अग्रवाल,संयोजक कुलदीप गर्ग, प्रधानाचार्य सुंदर सिंह तोमर तथा कोऑर्डिनेटर सरिता चौधरी ने मेधावी विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर स्कूल के अन्य प्राध्यापक गण भी उपस्थित रहे और होनहारों को शुभकामनाएं भी दीं।

# दोनों समुदाय के पूर्व भाईचारे को कायम करने के लिए थाना परिसर में बैठके करा रहे

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धौलाना।** महाराणा प्रताप जयंती के दौरान हुए बवाल के बाद क्षेत्र में शांति और सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से धौलाना थानेदार अवनीश शर्मा रात दिन प्रयासरत है। इसी कड़ी में वे बार बार दिनों समुदाय के पूर्व भाईचारे को कायम करने के लिए थाना परिसर में बैठके करा रहे । इसी कड़ी में गुरुवार को भी थाना परिसर में शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और दोनों समुदायों के गणमान्य लोगों ने भाग लेकर क्षेत्र में अमन-चैन कायम रखने का संकल्प लिया।

बैठक की अध्यक्षता उप जिलाधिकारी धौलाना मनोज सिंह ने की । मो क्षेत्राधिकारी । थाना प्रभारी सहित पुलिस प्रशासन की पूरी टीम मौजूद रही। अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि क्षेत्र का माहौल खराब करने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है और किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने लोगों से सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेशों से बचने और कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की।

**सौंपा ज्ञापन** | ापन के माध्यम से मांग की गई कि सांसद अजेंद्र सिंह लोधी के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाए

# प्रधानमंत्री पर अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा का प्रदर्शन,सौंपा ज्ञापन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारासमाजवादी पार्टी के सांसद अजेंद्र सिंह लोधी द्वारा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध की गई अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में आज जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मलका पार्क में एकत्रित हुईं, जहां उन्होंने समाजवादी पार्टी एवं उसके नेताओं के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध दर्ज कराया। इसके उपरांत महिला मोर्चा की कार्यकर्ता जुलूस के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचीं और जिलाधिकारी संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा।







ज्ञापन में कहा गया कि दिनांक 12 मई 2026 को महोबा कलेक्ट्रेट परिसर में समाजवादी पार्टी के सांसद श्री अजेंद्र सिंह लोधी द्वारा मीडिया के समक्ष प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को ह्लराष्ट्रविरोधीह्व कहकर संबोधित किया गया, जो प्रधानमंत्री पद की गरिमा के विरुद्ध एवं करोड़ों देशवासियों की भावनाओं को आहत करने वाला है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि सांसद अजेंद्र सिंह लोधी के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाए, उन्हें सार्वजनिक रूप से माफी मांगने हेतु निर्देशित किया जाए तथा ऐसे बयानों से सामाजिक सौहार्द प्रभावित न हो, इसके लिए प्रशासन द्वारा आवश्यक कदम उठाए जाएं प्रदर्शन के दौरान महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के खिलाफ भी नारेबाजी करते हुए बयान की कड़ी निंदा की। वक्ताओं ने कहा कि विपक्ष लगातार राजनीतिक मयार्दाओं को तोड़ने का कार्य कर रहा है, लेकिन देश की जनता इसका जवाब आने वाले समय में अवश्य देगी।

इस अवसर पर भाजपा जिल मंत्री कुमारी संतोष राजपूत,भाजपा महिला मोर्चा जिला पदाधिकारी वर्मा, पारूल बंसल ,प्रवेश कौशिक, कुसुम गौतम, दिव्या अग्रवाल,सुमन शुक्ला पूनम चौधरी,मंजू तेवतिया राधा सिरोही,रीना लोधीडॉली शर्मा,गौरी चौधरी अनुराधा तौमर, कल्पना भटनागरखुशबू सिंह,शोभा सिंह अलका, सुमन शर्मा आशालता, शालिनी व कार्यकर्ता आदि बहनें बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

# तपिस ने बढ़ाई गमछो की मांग,लू-लपट मैं गमछा बना आम आदमी का सहारा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** गर्मी आते ही गमछा (अंगोछा) की मांग बढ़ गई है। युवा वर्गवी जमकर गमछा खरीद रहा है। गर्मी में गमछा सिर पैर बांधकर निकलने से लू लपट से राहत मिलती है। बीमारियों से भी बचाव होता है। बाजार में सूती गमछा 90 से 150 रुपए में बिक रहे हैं। सफेद केसरिया की तिरंगा रंग पट्टी के गमछे की मांग ज्यादा है। इस बार मई मैं ही अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। भीषण गर्मी के चलते घर से निकलने से लोग कतराते हैं। कामकाजी लोगों को मजबूरी में निकालना पड़ता है, चटक धूप व लू के थपेडों से कई बीमारियां भी हो जाती हैं। बीमारियों से बचने के लिए को गमछा सिर पैर बांधकर निकल रहे हैं। वैसे तो अधिकतर ग्रामीण क्षेत्र के लोग ही गर्मी में सिर पर अंगोछा बाधे मिलते थे लेकिन अब नगर के युवाओं में भी गमछा का क्रेज बढा है। गर्मी में गमछा की मांग बढ़ने लगी है। बाजार में ट्रेडिशनल सूती गमछा उपलब्ध है। युवाओं की पसंद केसरिया गमछा बने हैं। सफेद गमछा की भी मांग है। बाजार में सूती गमछा 90 से 150 रुपए में बिक रहा है।

# ऑडीटोरियम का किया भूमि पूजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहांगीरपुर।** पब्लिक इंटर कॉलेज जहांगीरपुर गौतम बुद्ध नगर में माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चलाई गई महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अंतर्गत एक ऑडिटोरियम का शिलान्यास जेवर विधानसभा क्षेत्र के विधायक ठाकुर धीरेंद्र सिंहजी ने विद्यालय की छात्राओं के द्वारा फीता काटकर कराया ! इस अवसर पर विधायक जी के साथ विद्यालय के प्रधानाचार्य कुलभूषण शर्मा एवं क्षेत्र के गणमान्य जन जहांगीरपुर नगर पंचायत के अध्यक्ष गजेंद्र मीणा, केशव जैन ,ठाकुर संजीव सिंह, सीताराम शर्मा, महेश प्रधान, विजय अग्रवाल, ठाकुर अरविंद सिंह ,दीपक चौधरी, राजेंद्र राणा, प्रदीप गहलौत आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



# सिल्वरलाइन प्रेस्टिज स्कूल के कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों की बोर्ड परीक्षा 2025-26 में शानदार उपलब्धि

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** सिल्वरलाइन प्रेस्टिज स्कूल के कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने सत्र 2025-26 की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यार्थियों ने विज्ञान, वाणिज्य एवं कला तीनों संकायों में उल्लेखनीय परिणाम प्राप्त कर अपनी शैक्षणिक प्रतिभा का उत्कृष्ट परिचय दिया। विद्यालय की छात्रा राधिका त्यागी ने 97.5% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। पार्थ श्रीवास्तव एवं ईशान गर्ग ने 97.25% अंक अर्जित कर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि शिवम दमानी ने 96.75% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

संकायवार उपलब्धियों में राधिका त्यागी ने कला संकाय में 97.5% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में पार्थ श्रीवास्तव एवं ईशान गर्ग ने 97.25% अंक अर्जित कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया, वहीं सिद्धार्थ शर्मा ने 96.25% अंक प्राप्त कर वाणिज्य संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

विषयवार उत्कृष्टता में भी विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। ध्वनि अग्रवाल ने अंग्रेजी में, राधिका त्यागी, सृष्टि जैन एवं आनंदी गिनोत्रा ने मनोविज्ञान में, पार्थ श्रीवास्तव एवं दार्शिया शर्मा ने गणित में, कार्तिक सिंह, अनन्या अग्रवाल, दिव्यांशी सिंह, शचि जैन एवं प्राची गोयल ने पेंटिंग में तथा सिद्धार्थ शर्मा ने बिजनेस स्टडीज में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस वर्ष कुल 218 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की, जबकि विभिन्न विषयों में विद्यार्थियों द्वारा कुल 656 विशिष्ट अंक श्रेणियाँ (75%) प्राप्त की गईं, जो उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रमाण हैं। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. सुभाष जैन ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय सदैव गुणवत्तापूर्ण एवं उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और यह उपलब्धि उसी दिशा में प्रेरणादायक कदम है। वाइस चेयरमैन नमन जैन ने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग एवं शिक्षकों के समर्पण का परिणाम है।विद्यालय प्रबंधक एवं डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन प्रणव जैन ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धियाँ अनुशासन, निरंतर प्रयास और शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन का प्रतिफल हैं। प्रधानाचार्या डॉ. गीता जोशी ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों के सामूहिक प्रयास को देते हुए कहा कि विद्यालय भविष्य में भी शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


SHIVAM DAMANI 96.75 Third Topper (Science)


ISHAN GARG 97.25 Second Topper (Science)


PARTH SRIVASTAVA 97.25 Second Topper (Science)

# डीएम ने निर्माणधीन जिला कारागार का किया निरीक्षण, कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण समय से पूर्ण करने के दिये निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जिलाधिकारी कविता ने बुलन्दशहर रोड स्थित ग्राम अकड़ौली में निर्माणधीन जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण उपरांत उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्माणकार्य गुणवत्तापूर्ण समय से पूर्ण करने के निर्देश दिये। आपको बता दें,कि बुलन्दशहर रोड स्थित ग्राम अकड़ौली में जिला कारागार का निर्माण चल रहा है। गुरुवार को जिलाधिकारी कविता मीना जिला कारागार का निरीक्षण करने पहुंची। उन्होंने जिला जेल की ड्राइंग का अवलोकन करने के उपरांत कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए।





# डिजिटल जनगणना के महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लें नागरिक : जिलाधिकारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** भारत सरकार द्वारा आयोजित जनगणना-2027 के अंतर्गत पहली बार डिजिटल माध्यम से स्व-जनगणना की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मॉंदड़ एवं जिला जनगणना अधिकारी सौरभ भट्ट के निर्देशन में जनपद में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक नागरिक इस महत्त्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सकें। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट परिसर में जनगणना सेल्फी प्वाइंट भी स्थापित किया गया है, जहां स्व-जनगणना करने वाले जागरूक नागरिक सेल्फी लेकर अन्य लोगों को भी प्रेरित कर रहे हैं। प्रशासन ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे स्वयं भी स्व-जनगणना करें तथा अपने परिवार, मित्रों और आसपास के लोगों को भी इसके लिए जागरूक करें। जिला प्रशासन द्वारा बताया गया है कि 07 मई 2026 से 21 मई 2026 तक नागरिक आधिकारिक पोर्टल se.census.gov.in पर जाकर घर बैठे स्व-गणना कर सकते हैं। इस प्रक्रिया के लिए सबसे पहले पोर्टल पर मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी, नाम तथा भाषा का चयन कर पंजीकरण करना होगा। इसके बाद मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी के माध्यम से आगे की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। स्व-जनगणना के दौरान सही वर्तमान पता एवं सही लोकेशन भरना अत्यंत आवश्यक है। पोर्टल पर उपलब्ध लोकेशन विकल्प में मानचित्र को खोलकर अपने घर की सही स्थिति को केंद्र बिंदु पर निर्धारित करना होगा, जिससे जनगणना संबंधी जानकारी सही रूप से दर्ज हो सके।

**7 से 21 मई तक घर बैठे करें स्व-जनगणना, आधिकारिक पोर्टल पर उपलब्ध है सुविधा**

इसके पश्चात नागरिकों को अपने आवास से संबंधित आवश्यक जानकारियां भरनी होंगी, जिनमें मकान की स्थिति, गैस कनेक्शन, शौचालय एवं स्नानघर की व्यवस्था, बिजली, टीवी, कंप्यूटर तथा अन्य सुविधाओं से संबंधित विवरण शामिल हैं। हेड ऑफ फैमिली की विस्तृत जानकारी भरनी होगी, जबकि अन्य सदस्यों की केवल संख्या दर्ज की जाएगी।

ऑनलाइन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद नागरिकों को एक स्व-गणना आई.डी. (र.ए. ID) प्राप्त होगी, जिसे सुरक्षित रखना आवश्यक है। जब जनगणना कार्मिक घर-घर सर्वेक्षण हेतु पहुंचेंगे, तब यह आई.डी. उन्हें उपलब्ध करानी होगी। इससे पहले से भरी गई जानकारी सीधे सिस्टम में सिंक हो जाएगी और दोबारा पूरी जानकारी लिखवाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मॉंदड़ ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा है कि जनगणना राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। प्रत्येक नागरिक को इस महाअभियान में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए डिजिटल जनगणना को सफल बनाने में सहयोग करना चाहिए।



# गाजियाबाद के सभी जनप्रतिनिधियों की विश्वसनीयता पर जनता को अब नहीं रहा यकीन: अवधेश शर्मा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** बताते चले अवधेश शर्मा अध्यक्ष उद्योग व्यापार मण्डल नगर निगम पर लगाया आरोप कहा कि जब मेरठ में पुरानी दरो पर गृहकर लागू है और उसके बाद भी पिछले कई वर्षों से वहां पर नगर निगम एक्ट के अनुसार मकानों की आयु के अनुरूप गृहकर में छूट भी दी जा रही है तो गाजियाबाद वासियों के साथ ये अन्याय क्यों क्या मेरठ में नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों को गाजियाबाद से कम तनख्वाह दी जाती है क्या मेरठ में हमारे यहां से पेट्रोल डीजल सस्ते मिलते है क्या मेरठ में निर्माण कार्यों की सामग्री यहां से सस्ती है क्या मेरठ के जनप्रतिनिधि हमारे यहां के जन प्रतिनिधियों से ज्यादा काबिल है हमारे शहर की जनता का अपने सभी जनप्रतिनिधियों से सीधा सादा एक ही प्रश्न है कि जब 30 जून 2025 की नगर निगम की बोर्ड बैठक में जब शहर के सभी विधायकों सांसद महोदय माननीय मेयर साहिबा और सभी दलों के पार्षद मौजूद थे तब सभी जनप्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से ग्रहकर वृद्धि का प्रस्ताव निरस्त कराया था बड़ी शान के साथ अपने स्वागत समारोह आयोजित कराए झूठी वाहवाही लूटी।तो अब शहर की जनता सीधा सा एक सवाल पूछती है कि अब इतना सब होने के बाद भी बढ़ा हुआ गृहकर वृद्धि जनता पर क्यों थोपी जा रही है कहां है 30 जून को हुई बोर्ड मीटिंग के मिनट्स। जब हमसे मात्र 50 किलोमीटर दूर स्थित मेरठ में हम से आधा गृह कर वसूला जा रहा है और पूर्व से ही वहां पर नगर निगम एक्ट के अनुसार मकानों की आयु के हिसाब से छूट दी जा रही है तो गाजियाबाद वासियों के साथ ये भेद भाव क्यों।



केजीबीवी में मिडडेमिल की गुणवत्ता परखी,दिये निर्देश

# सीडीओ ने पंचायती गौशाला,वर्मी कंपोस्ट उत्पादन केन्द्र व केजीबीवी का औचक निरीक्षण किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जनपद की मुख्य विकास अधिकारी ने पंचायत गौशाला व वर्मी कंपोस्ट उत्पादन केन्द्र व जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के परिसर में संचालित कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी श्रुति शर्मा ने पक्का बाग स्थित गौशाला व जरौठी रोड स्थित गौशाला को अध्यक्ष सुरेश गुप्ता के साथ निरीक्षण किया। साथ वर्मी कंपोस्ट उत्पादन केन्द्र का भी निरीक्षण किया गया। इसके उपरांत सीडीओ ने हापुड़ शहर में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के परिसर में संचालित कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने रजिस्टरों का अवलोकन किया,छात्राओं के शयन कक्ष को देखने के उपरांत छात्राओं को दिये जाने वाले को ग्रहण कर गुणवत्ता परखी।

**छात्राओं को प्रतिदिन मीनू के अनुसार दिये जाये भोजन**

सीडीओ ने वार्डन को निर्देशित किया,कि छात्राओं को शासन द्वारा निर्धारित मीनू के अनुसार प्रतिदिन भोजन दिया जायें। छात्राओं की शैक्षिक गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाये।





# टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत हिंडन एयरपोर्ट पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 14 मई 2026 को जनपद गाजियाबाद के सिविल एयरपोर्ट हिंडन, में एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अनिल कुमार यादव के नेतृत्व में जिला क्षय रोग विभाग की टीम द्वारा हिंडन एयरपोर्ट पर कार्यरत समस्त कर्मचारियों एवं यात्रियों के लिए स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। शिविर के दौरान डिजिटल एक्स-रे , बलगम जांच, HIV जांच के साथ-साथ स्वास्थ्य परामर्श एवं आवश्यक औषधियों की सुविधा भी प्रदान की गई। इस पहल का उद्देश्य क्षय रोग (टीबी) की शीघ्र पहचान कर समयबद्ध उपचार सुनिश्चित करना तथा जनसामान्य में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस स्वास्थ्य शिविर में क्षय रोग विभाग की ओर से डॉ. अतुल यादव, पीपीएम कोऑर्डिनेटर दीपाली गुप्ता, एसटीएस कपिल कुमार, एसटीएलएस राजेश शर्मा एवं पंकज कुमार ने सक्रिय सहभागिता निभाई। इसके अतिरिक्त सहयोगी संस्था नेहरू युवा ग्रामीण विकास संस्थान की ओर से सुदेश यादव एवं अंकित द्वारा शिविर के सफल संचालन में सहयोग प्रदान किया गया।

शिविर के सफल आयोजन हेतु एयरपोर्ट डायरेक्टर डॉ. चिलका महेश एवं फैसिलिटी मैनेजर अर्चना जी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ, जिसके लिए जिला क्षय रोग विभाग ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अनिल कुमार यादव ने उपस्थित जनसमूह को क्षय रोग की गंभीरता, उसके लक्षण, जांच एवं उपचार के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि किसी भी विकसित राष्ट्र के लिए स्वस्थ समाज का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। आधुनिक युग में टीबी जैसी बीमारी किसी अभिशाप से कम नहीं है, यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टीबी मुक्त भारत का संकल्प लिया है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान को लेकर अत्यंत गंभीर हैं, जिसके परिणामस्वरूप देशभर में 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान युद्ध स्तर पर संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत क्षय रोग विभाग द्वारा हाई-रिस्क ग्रामों, वार्डों एवं सामूहिक स्थलों पर विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर अधिकाधिक लोगों की जांच सुनिश्चित की जा रही है। इस अवसर पर एयरपोर्ट डायरेक्टर डॉ. चिलका महेश ने स्वास्थ्य विभाग एवं क्षय रोग विभाग के प्रयासों की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए जिला क्षय रोग अधिकारी एवं उनकी टीम को साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि जिस समर्पण एवं प्रतिबद्धता के साथ स्वास्थ्य एवं क्षय रोग विभाग टीबी के विरुद्ध अभियान चला रहा है, उससे पूर्ण विश्वास है कि भारत बहुत जल्द टीबी मुक्त होगा तथा इस महाअभियान में अग्रणी भूमिका निभाएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि टीबी हारेगा, देश जीतेगा और गाजियाबाद का क्षय रोग विभाग चैंपियनों की तरह इस जनस्वास्थ्य के महायुद्ध में विजय प्राप्त करेगा।




# ग्रेटर नोएडा वर्ल्ड स्कूल का सीबीएसई 12वीं परीक्षा परिणाम शानदार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** वर्ल्ड स्कूल का के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों की सफलता पर खुशी का माहौल है।

विद्यालय की प्राचार्या मंजू कौल रैना ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को शानदार परीक्षा परिणाम के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

परीक्षा परिणाम में छात्रा एंजेल शर्मा ने ह्यूमैनिटीज स्ट्रीम में 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। वहीं प्राची नागर ने साइंस स्ट्रीम में 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया।

इसके अलावा आयुष भाटी एवं स्वास्ति आर्या ने ह्यूमैनिटीज स्ट्रीम में 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। साइंस स्ट्रीम में तेजस कसाना ने 92 प्रतिशत अंक हासिल किए, जबकि देवांश त्रिपाठी एवं कायना भाटी ने 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

ह्यूमैनिटीज स्ट्रीम में चेतना कौर ने 91 प्रतिशत तथा पारस शर्मा ने 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की। विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि विद्यालय भविष्य में भी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा।


ANGEL SHARMA 95.4%


AYUSH BHATI 94.2


TEJAS KASANA 92%


KYNA BHATI 91.6%


PARAS SHARMA 90.4%


PRACHI NAGAR 94.8%


SWASTI ARYA 94.2


DEVANSH TRIPATHI 91.6%


CHETNA KAUR 91%

**ह्यूमैनिटीज स्ट्रीम में चेतना कौर ने 91 प्रतिशत तथा पारस शर्मा ने 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की**

जन्मोत्सव — नगर के राणा फार्म हाउस में किया जाएगा भगवान परशुराम की लीला का भव्य मंचन

# आगामी 17 मई को धूम धाम से मनाया जाएगा भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** नगर के रेलवे रोड स्थित भगवान परशुराम जन कल्याण सेवा समिति के कार्यालय पर एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता आगामी रविवार यानी 17 मई को होने वाले भगवान परशुराम जन्मोत्सव की तैयारी को लेकर की गई थी। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए भगवान परशुराम जन कल्याण सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष बॉबी पंडित ने पत्रकारों को कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि आगामी रविवार यानी 17 मई को नगर के राणा फार्म हाउस में भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के अवसर पर भगवान परशुराम की लीला का मंचन किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता पंडित अभिषेक मिश्र होंगे। साथ ही भाजपा से एमएलसी श्री चंद शर्मा, पंडित अमरपाल शर्मा, मुकुल उपाध्याय कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि होंगे। बॉबी पंडित ने सर्व समाज के लोगों को एक संदेश दिया कि भगवान परशुराम भगवान विष्णु जी के छठे अवतार हैं तो यह केवल किसी विशेष जाति के नहीं सर्व समाज के भगवान हैं, तो सभी से निवेदन है कि आगामी 17 मई दिन रविवार को शाम 4 बजे आप सभी सह परिवार मित्र गण सहित कार्यक्रम में सादर आमंत्रित हैं। भगवान परशुराम जन कल्याण सेवा समिति के राष्ट्रीय महासचिव पंडित अरुण शर्मा ने भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह में सह परिवार सभी लोगों को आने का निवेदन किया। इस अवसर पर बॉबी पंडित, व पंडित अरुण शर्मा के अतिरिक्त भगवान परशुराम सेवा समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पं मनोज शर्मा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पं राजेंद्र शर्मा, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संदीप शर्मा, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य शिवकुमार शर्मा उर्फ लाला प्रधान, राष्ट्रीय उप सचिव सचिन शर्मा, पं शशिकांत शर्मा, पं देवेंद्र शर्मा, ठेकेदार, पंडित मयंक शर्मा, शांकित त्यागी, आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।






# जवां में पति ने की पत्नी की फावड़े का प्रहार कर हत्या

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अलीगढ़।** जवां थाना क्षेत्र के गांव रामपुर में एक पति ने अपनी पत्नी की फावडे का प्रहार करके हत्या करदी। शोर शराबा सुनकर आस-पास के लो आ गये और से लथपथ महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों द्वारा पुलिस को सूचना दी, पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर और आरोपी पति को हिरासत में ले लिया और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना जवां क्षेत्र के गांव रामपुर निवासी कमल सिंह का बुधवार रात 10 बजे के करीब 45 वर्षीय नीलम देवी से वाद विवाद हो गया। जो देखते ही देखते हिंसक हो गया। इसी दौरान आरोपी ने फावड़े से पत्नी पर हमला कर दिया।

आरोपी पति दंपति के पांच बच्चे हैं, जिनमें तीन बेटे और दो बेटियां शामिल हैं। सबसे बड़ा बेटा लगभग 18 वर्ष का है, जबकि सबसे छोटा बेटा मात्र 2 वर्ष का है। इंस्पेक्टर जवां ने बताया कि हत्या के मामले में आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# नगर आयुक्त व महापौर ने किया कालीदह और पला में सम्पवेल का उद्घाटन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** गुरुवार को अलीगढ़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा संचालित ड्रेनेज सिस्टम परियोजना के अंतर्गत वार्ड-28 कालीदह पोखर क्षेत्र में 8.64 एमएलडी क्षमता के सम्पवेल तथा वार्ड-7 नगला पला क्षेत्र में 5.76 एमएलडी क्षमता के सम्पवेल का महापौर प्रशान्त सिंघल एवं नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने पार्षदों, नामित पार्षदों एवं स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में विधिवत पूजा-अर्चना के उपरांत बटन दबाकर उद्घाटन किया। दशकों से महेंद्र नगर एवं पला क्षेत्र के आसपास जलभराव की समस्या विकराल रूप धारण किए हुए थी। इन दोनों बड़े पम्पिंग स्टेशनों के निर्माण से क्षेत्रीय नागरिकों को अब बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने बताया कि स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज परियोजना-प्प के अंतर्गत कालीदह पोखर क्षेत्र की




जलनिकासी व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु वार्ड-28 गंभीरपुरा क्षेत्र स्थित कालीदह पोखर पर 8.64 एमएलडी क्षमता का सम्पवेल निर्मित किया गया है, जिसका कैचमेंट एरिया लगभग 101 हेक्टेयर है। सम्पवेल पर 3 पम्पिंग प्लांट (2 वर्किंग $1 स्टैंडबाय) स्थापित किए गए हैं। प्रत्येक पम्प 25 एचपी क्षमता का है, जिसकी डिस्चार्ज क्षमता 3000 एलपीएम तथा हेड 23 मीटर है। इस पम्पिंग स्टेशन के संचालन से भगवान नगर, अवतार नगर, बिहारी नगर, गुरुधाम कॉलोनी, महेंद्र नगर, हनुमानपुरी, न्यू हनुमानपुरी, कालीदह रोड, बापू नगर, वैदिक विहार, बैंक कॉलोनी एवं प्रीमियर नगर सहित अनेक क्षेत्रों को जलभराव से राहत मिलेगी।

नगर आयुक्त ने बताया कि स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज परियोजना-प्प के अंतर्गत नगला पला क्षेत्र स्थित पला पोखर पर 5.76 एमएलडी क्षमता का सम्पवेल निर्मित किया गया है, जिसका कैचमेंट एरिया 46.3 हेक्टेयर है। यहां भी 3 पम्पिंग प्लांट (2 वर्किंग$1 स्टैंडबाय) स्थापित किए गए हैं। प्रत्येक पम्प 15 एचपी क्षमता का है, जिसकी डिस्चार्ज क्षमता 2160 एलपीएम तथा हेड 20 मीटर है इस सम्पवेल के माध्यम से नगला पला, पला साहिबाबाद, अवतार नगर, न्यू अवतार नगर, शिव शक्ति धाम, आजाद हिंद नगर, भदेसी फाटक क्षेत्र, गंगाधाम कॉलोनी, दक्ष कॉलोनी, विक्रांत नगर एवं भजन विहार सहित अनेक क्षेत्रों को जलभराव से राहत मिलेगी। उन्होने बताया कि दोनों क्षेत्रों की प्रभावी जलनिकासी हेतु 2786 मीटर लंबाई में संयुक्त राइजिंग मेन बिछाने का कार्य भी पूर्ण किया गया है।

नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने कहा कि दोनों नए पम्पिंग स्टेशनों के क्रियाशील होने से जलनिकासी व्यवस्था में ऐतिहासिक परिवर्तन देखने को मिलेगा। पहले जहां छर्रा अड्डा क्षेत्र में लगभग 10 एमएलडी क्षमता से जलनिकासी होती थी, वहीं अब क्षमता बढ़कर लगभग 130 एमएलडी तक पहुंच जाएगी।

# अमुविः नर्सिंग स्टाफ का धरना दूसरे दिन मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल आफिस के सामने किया प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी नर्सेज एसोसिएशन की ओर से अपनी लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर शुरू किया गया चरणबद्ध आंदोलन दूसरे दिन भी जारी रहा। गुरूवार 14 मई को नर्सिंग स्टाफ ने जे एन मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल कार्यालय के सामने सुबह 10:30 बजे से 12:30 बजे तक धरना प्रदर्शन किया। धरने पर बैठे नर्सिंग स्टाफ ने आंदोलन और तेज करने की बात कही है। 2 जून को सुबह 10:30 बजे बाब-ए-सैयद गेट से रजिस्ट्रार कार्यालय तक विशाल विरोध रैली निकाली जाएगी। एसोसिएशन का कहना है कि कई बार ज्ञापन देने और प्रशासन से वार्ता की मांग करने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इससे नर्सिंग कर्मचारियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। एसोसिएशन के अध्यक्ष सिज्जाउद्दीन ने कहा कि जेएनएमसीएच की स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सिंग स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका है और कर्मचारी पूरी निष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभा रहे हैं। इसके बावजूद उनकी समस्याओं की लगातार अनदेखी की जा रही है, जिसके चलते उन्हें लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा।

# डबल इंजन सरकार पूरी तरह से फ्लॉपः शेरपाल सिंह सविता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ शेरपाल सिंह सविता जी के नेतृत्व में एक विशाल ओबीसी कार्यकर्ता सम्मेलन खैर हावड़ा धर्मशाला में आयोजित किया मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी ओबीसी विजयपाल सिंह उपस्थित रहे ओबीसी कार्यकर्ता सम्मेलन में जिला अध्यक्ष श्रीशेरपाल सिंह सविता का जोरदार स्वागत किया गया कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शेरपाल सिंह सविता ने कहा है कि अब लोग भाजपा की असलियत जान चुके हैं भाजपा सरकार में लोग परेशान हो चुके हैं महंगाई चरम सीमा पर है डबल इंजन सरकार पूरी तरह से फ्लॉप हो चुकी है हर तरफ जंगल राज कायम हो चुका है भाजपा सरकार




में सबसे ज्यादा पेपर लिक एक हो रहे हैं ओबीसी आरक्षण में महिलाओं को सामान्य भागीदारी पर विशेष जोर दिया गया ओबीसी महिलाओं के मान सम्मान बढ़कर के लिए जिला अध्यक्ष डॉक्टर शेरपाल सिंह सविता पूर्ण रूप से संकल्प हैं इस कार्यकर्ता सम्मेलन में सैकड़ो की संख्या में उपस्थित जन समूह में ओबीसी कांग्रेस सदस्यता ग्रहण की और उन्होंने संकल्प लिया कि 20 29 में भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया और राहुल गांधी जी को प्रधानमंत्री बनाएंगे इस मौके पर सुशीला देवी मिथलेश देवी अंजू शर्मा शबनम रामवती हसन बानो संभोग शहज लाडो राशिदन राधा ज्योति गौरी सुनीता भारती माया सबरी बेगम हसन बानो जब सिंह वर्मा हरि किशोर अकरम और उर्फ मोटा भाई सतीश चंद्र गांधी नीरज सिंह तोमर गौरव सविता आदि लोग उपस्थित रहे इस मौके पर सुशीला देवी मिथलेश देवी अंजू शर्मा शबनम रामवती हसन बानो संभोग शहज लाडो राशिदन राधा ज्योति गौरी सुनीता भारती माया सबरी बेगम हसन बानो जब सिंह वर्मा हरि किशोर अकरम और उर्फ मोटा भाई सतीश चंद्र गांधी नीरज सिंह तोमर गौरव सविता आदि लोग उपस्थित रहे।

# सिटी कॉन्वेंट स्कूल का 12वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत, छात्रों की सफलता पर झूमे अभिभावक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अतरौली।** नगर के प्रतिष्ठित सिटी कॉन्वेंट स्कूल का इंटरमीडिएट (12वीं) परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी शानदार रहा। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत घोषित होने पर स्कूल परिसर में खुशी और उत्साह का

**अलीशा खान ने 94 प्रतिशत अंक हासिल कर किया टॉप, विद्यालय परिसर में बांटी गई मिठाइयां**

माहौल देखने को मिला। जैसे ही परीक्षा परिणाम घोषित हुआ, छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय पहुंचे अभिभावकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। विद्यालय की छात्रा अलीशा खान ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं अयान खान ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। कृष्णा वार्ष्णेय एवं रिया ने 90-90 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से शिक्षकों और अभिभावकों में गर्व का माहौल है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय परिसर में छात्रों की भीड़ उमड़ पड़ी। सफल छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षकों का आशीर्वाद लिया तथा एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी साझा की। कई अभिभावकों की आंखों में अपने बच्चों की सफलता को लेकर खुशी साफ दिखाई दी। अभिभावकों ने कहा कि बच्चों ने कठिन मेहनत और अनुशासन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। विद्यालय के




प्रधानाचार्य ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की लगन, शिक्षकों की मेहनत और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि विद्यालय हमेशा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ-साथ नैतिक मूल्यों की शिक्षा भी प्रदान करता है, जिससे छात्र हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकें। विद्यालय के डायरेक्टर ने भी सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि सिटी कॉन्वेंट स्कूल लगातार बेहतर शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है। विद्यालय का उद्देश्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक दिलाना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को जीवन के हर क्षेत्र में सक्षम बनाना है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम विद्यालय परिवार के लिए गर्व की बात है। आने वाले वर्षों में भी छात्र-छात्राएं इसी प्रकार मेहनत और अनुशासन के साथ सफलता प्राप्त कर विद्यालय, परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। विद्यालय के शिक्षकों ने भी सफल विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों ने पूरे वर्ष नियमित अध्ययन और मेहनत के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है।

शिक्षकों ने अन्य विद्यार्थियों को भी इन सफल छात्रों से प्रेरणा लेने की बात कही। परिणाम के बाद पूरे दिन विद्यालय परिसर में जश्न जैसा माहौल बना रहा। छात्र-छात्राएं अपने दोस्तों के साथ फोटो खिंचवाते नजर आए, वहीं अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

**जन औषधि केंद्र पर खेला जा रहा बड़ा खेल!**

# प्रधानमंत्री योजना की जगह बाजार की जेनेरिक दवाएं बेचने का आरोप, मरीजों से अभद्रता और धमकी देने की चर्चा तेज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अतरौली।** केंद्र सरकार द्वारा गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई प्रधानमंत्री जन औषधि योजना अतरौली में सवालों के घेरे में आ गई है। नगर स्थित एक जन औषधि केंद्र पर गंभीर अनियमितताओं, मनमानी वसूली और मरीजों के साथ अभद्र व्यवहार के आरोप लगने से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि केंद्र पर प्रधानमंत्री जन औषधि योजना की अधिकृत दवाओं के बजाय बाजार में मिलने वाली सामान्य जेनेरिक दवाएं बेची जा रही हैं, जबकि मरीजों को यह कहकर दवाएं दी जा रही हैं कि यह जन औषधि योजना की दवाएं हैं।

मरीजों और तीमारदारों का कहना है कि सरकार ने जन औषधि केंद्र इसलिए खोले थे ताकि गरीबों को कम दाम में अच्छी गुणवत्ता की दवाएं मिल सकें, लेकिन यहां उल्टा खेल चल रहा है। आरोप है कि बाजार में मिलने वाली जेनेरिक दवाओं को जन औषधि के नाम पर बेचकर मरीजों से मोटी रकम वसूली जा रही है। कई लोगों का कहना है कि दवाओं की कीमत पूछने पर स्पष्ट जानकारी नहीं दी जाती और बिल देने में भी आनाकानी की जाती है।

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि जब कुछ मरीजों ने दवाओं की कीमत और कंपनी को लेकर सवाल उठाए तो केंद्र पर मौजूद युवक ने दबंगई दिखानी शुरू कर दी। लोगों के अनुसार युवक खुद को राजू भैया का भांजाह्व बताते हुए खुलेआम कहता है कि जिससे जो हो सके कर ले, स्वास्थ्य विभाग को अपनी जेब में रखता हूं। इस कथित बयान के बाद लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। मरीजों का कहना है कि शिकायत करने वालों को डराने और दबाव बनाने का प्रयास किया जाता है, जिससे आम लोग खुलकर विरोध करने से डरते हैं।

लोगों का यह भी आरोप है कि केंद्र का लाइसेंस डिंपल राजपूत के नाम पर है, लेकिन संचालन कोई और व्यक्ति कर रहा है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि आखिर केंद्र का वास्तविक जिम्मेदार कौन है और स्वास्थ्य विभाग द्वारा इसकी निगरानी किस प्रकार की जा रही है। क्षेत्रीय लोगों ने आरोप लगाया कि यदि समय-समय पर जांच होती तो इतनी बड़ी अनियमितताएं सामने नहीं आतीं।




जन औषधि योजना केंद्र सरकार की सबसे महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं में मानी जाती है। इस योजना का मकसद गरीब और जरूरतमंद लोगों को बाजार से 50 से 90 प्रतिशत तक सस्ती दवाएं उपलब्ध कराना है, लेकिन यदि जन औषधि केंद्रों पर ही बाजार की दवाएं बेची जाएं और मरीजों से अभद्र व्यवहार किया जाए तो योजना का उद्देश्य ही खत्म हो जाएगा। स्थानीय लोगों और मरीजों ने स्वास्थ्य विभाग व प्रशासन से पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि केंद्र पर उपलब्ध दवाओं की गुणवत्ता, खरीद-बिक्री का रिकॉर्ड, स्टॉक रजिस्टर, बिलिंग व्यवस्था और लाइसेंस संबंधी दस्तावेजों की गहन जांच होनी चाहिए। साथ ही मरीजों को धमकाने और अभद्रता करने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाए ताकि आम जनता का भरोसा सरकारी योजनाओं पर बना रह सके।

क्षेत्रीय नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि मामले में जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वह प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायत कर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। फिलहाल पूरे मामले को लेकर नगर में चचाओं का बाजार गर्म है और लोग स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं।

# नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में अभियुक्त गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** थाना जवाँ पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, 14 मई 2026 को वादी द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई कि आरोपी उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। इस संबंध में थाना जवाँ पर मु0अ0सं0 185/26 धारा 65(1)/ 137 (2)/351(3) बीएनएस, 3/4 पॉक्सो एक्ट एवं 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया।

थाना जवाँ पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त रेहान पुत्र शाकिर निवासी ग्राम बरौली थाना जवाँ जनपद अलीगढ़ को थाना क्षेत्र जवाँ से गिरफ्तार कर लिया। मामले में अन्य वैधानिक कार्रवाई प्रचलित है।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष धीरज कुमार, उपनिरीक्षक शाहिद अली, हेड कांस्टेबल मुलायम सिंह एवं कांस्टेबल रोहित कुमार शामिल रहे।

# जनपद में गठित एण्टी रोमियो टीमों/मिशन शक्ति टीमों द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ चलाए जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-5"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,अलीगढ़ महोदय के निर्देशन में जनपद में गठित एण्टी रोमियो टीमों/मिशन शक्ति टीमों द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ चलाए जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-5" के द्वितीय चरण के तहत सशक्तीकरण/ विश्वास का वातावरण बनाने नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन हेतु जनपद में महिला सुरक्षा एवं मनचलों, शोहदों द्वारा छेडछाड़ व महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत बाजारों, कोचिंग सेन्टर, पार्क, बस स्टैण्ड,रेलवे स्टेशन आदि भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों के आसपास भ्रमणशील रहकर सतत निगरानी रखी जा रही है ।



महिलाओं/बालिकाओं से वार्ता कर नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन की दिशा में चलाई जा रही महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न वूमेन पावर हेल्प लाइन 1090, यूपी-112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, महिला हेल्पलाइन 181 व सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर ,फेसबुक इंस्टाग्राम) आदि का सतर्कतापूर्ण उपयोग करने संबंधी जानकारियां देते हुए जागरूक किया जा रहा है तथा किसी भी विषम परिस्थिति में तत्काल उक्त दिए गए हेल्पलाइन नंबरों पर कॉल करने हेतु बताया जा रहा है । मिशन शक्ति फेज-5 के द्वितीय चरण के तहत थानों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों, समस्त थानों पर गठित महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा गाँवों में जन चौपाल लगाकर तथा बस स्टैंड/बाजार/ गांव/कस्बा/ स्कूल/कालेज/सार्वजनिक एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर बालिकाओं/ महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक करते हुए महिलाओं/बालिकाओं से जुड़ कर उन्हे सक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है ।

**हादसा**

**क्षमता से अधिक 85 छात्र थे सवार, तीन की हालत गंभीर**

# स्कूल बस पलटी, दर्जनभर बच्चे घायल बस का शीशे तोड़कर बाहर निकाला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** गंगीरी थाना अन्तर्गत स्कूल की बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। बस में फंसे बच्चों में चीखपुकार मच गई। बच्चों की चीख सुनकर गांव वाले और राहगीर मौके पर पहुंचे। लोगों ने बस के शीशे तोड़कर बच्चों को बाहर निकाला। इस घटना में 12 बच्चे घायल हुए हैं और तीन बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गये, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।

मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह करीब 7:30 बजे बस सिकंदराराऊ क्षेत्र के वाजिदपुर गांव से बच्चों को बैठाकर भदरोई गांव जा रही थी। कौड़ियागंज स्थित वेटेंज इंग्लिश मीडियम स्कूल की बस रोज की तरह बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी।

रास्ते में तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई। बस पलटते ही बच्चों में चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने बस के शीशे तोड़े और अंदर फंसे बच्चों को बाहर निकाला। इस हादसे में टीटू वर्मा, अनन्या, प्रतीक, कैमिस, कुशांत, तनुज, निर्भय, उत्कर्ष, शौर्य, आदित्य, परी, कर्मेंद्र, अय्याश, आराध्य, इशिता, चंद्रेश, सरगी घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वाजिदपुर निवासी एक छात्र की हालत गंभीर बताई जा रही है।



घटना की सूचना मिलते ही गंगीरी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से बच्चों को अस्पताल पहुंचाया। इसके बाद उच्चाधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे और मौके का निरीक्षण किया।

पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मनीष कुमार मिश्र ने बताया कि स्कूल की बस बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी, तभी रास्ते में हादसे का शिकार होकर पलट गई। पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है और जांच पूरी होने के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मेरठ रोड ओवर ब्रिज का मरम्मत कार्य 27 मई के बाद होगा : शैलेन्द्र

बुलन्द संदेश ब्यूरो

- मेरठ रोड स्थित कालोनी के लोग जिलाधिकारी से मिले
- ओवर ब्रिज का मरम्मत कार्य 20 मई के बाद कराने की मांग की थी

**हापुड़।** गुरुवार को मेरठ रोड स्थित आवासीय कालोनी के लोगों ने जिलाधिकारी कविता मीना को पत्र सौंपकर मेरठ रोड स्थित ओवर ब्रिज की मरम्मत का कार्य आगामी 20 मई के बाद कराने की मांग की थी। अब ओवर ब्रिज की मरम्मत का कार्य आगामी 27 मई के बाद कराया जायेगा। आपको बता दें,कि लोक निर्माण विभाग द्वारा मेरठ रोड स्थित ओवर ब्रिज की मरम्मत कराने के लिए गत 14 मई



से 23 मई तक ओवर ब्रिज पर वाहनों के आवागमन के लिए पूर्णतया बंद कर दिया। जिसके बंद होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

गुरुवार को मेरठ रोड आवासीय कालोनी आवास विकास व संजय विहार के लोगों ने जिलाधिकारी कविता मीना को पत्र सौंपा। जिसमें उन्होंने कहा कि मेरठ रोड स्थित फ्लाई ओवर दस बंद होने से लोगों के साथ-साथ स्कूल कालेज जाने वाले बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी ने ओवर ब्रिज की मरम्मत का कार्य आगामी 20 मई के बाद कराने की मांग की। इस अवसर पर सभासद रुद्राक्ष त्यागी,अक्षय कुमार गुप्ता, अंकित गुप्ता, अधिवक्ता विकास कुमार त्यागी, वीरेन्द्र सैनी, हेमंत त्यागी एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि मेरठ रोड स्थित ओवर ब्रिज के मरम्मत का कार्य अब आगामी 27 मई के बाद से कराया जायेगा।

## जिले के 23 गांवों में चकबन्दी प्रक्रिया प्रचलित है

# चकबन्दी कोर्ट में 03 वर्षों से अधिक पुराने वादों का प्राथमिकता से करें निस्तारण : कविता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** गुरुवार को प्रमुख सचिव निदेशों में अनुपालन में जिलाधिकारी कविता मीना ने जनपद में चकबन्दी प्रक्रियाधीन ग्रामों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी है।

जिलाधिकारी को बताया गया कि जनपद में कुल 23 ग्राम चकबन्दी प्रक्रियाधीन है, जिसमें से जनपद में 16 ग्राम तहसील-गढ़मुक्तेश्वर के चकबन्दी प्रक्रियाओं में प्रचलित है,तथा तहसील हापुड़ के 06 ग्राम तथा तहसील-धौलाना का 01 ग्राम चकबन्दी प्रक्रियाओं में प्रचलित है। जिलाधिकारी कविता मीना ने उक्त ग्रामों में जिलाधिकारी/जिला उप संचालक चकबन्दी द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 की चकबन्दी निदेशालय स्तर से जारी कार्य योजना के अनुरूप कार्य प्रगति बढ़ाने तथा चकबन्दी वादों का समयबद्ध निस्तारण करने व चकबन्दी प्राधिकारी कृषकों के मध्य ग्राम में बैठक कर पारदर्शिता रखते हुए चकबन्दी कार्य आगे बढ़ाना सुनिश्चित करें। साथ ही चकबन्दी न्यायालयों में 03 वर्षों से अधिक पुराने वादों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किये जाने हेतु व शासन / चकबन्दी निदेशालय / जिला स्तर पर प्राप्त परिवाद/आई0जी0आर0एस0 के गुणवत्तापूर्ण ससमय निस्तारण तथा मा0 उच्च न्यायालय से सम्बन्धित प्रकरणों में प्रभावी पैरवी करने के निर्देश भी दिये गये है। इस मौके पर चकबन्दी विभाग में कार्यरत अपर जिलाधिकारी (न्यायिक)/ उप संचालक चकबन्दी/ बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी/ चकबन्दी अधिकारी/सहायक चकबन्दी अधिकारीगण उपस्थित रहे है।



# जीएस आयुर्वेद मेडिकल कालेज व यूनिवर्सिटी को प्लैटिनम सस्टेनेबल कैंपस पार्टनर सम्मान प्राप्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़/पिलखुवा।** जी.एस. यूनिवर्सिटी के अंतर्गत संचालित जीएस आयुर्वेद मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल ने पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिसर विकास के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए प्लैटिनम सस्टेनेबल कैंपस पार्टनर सम्मान प्राप्त किया है।

यह सम्मान रिचर्स हाईटस फाउंडेशन द्वारा आयोजित भारत एनवायरनमेंट प्रोग्राम-केम्पस इम्पेक्ट समिट एंड अवार्ड 2026 के अंतर्गत प्रदान किया गया। संस्थान को यह सम्मान परिसर में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, ऊर्जा संरक्षण, हरित पहल, जल संरक्षण एवं सतत विकास से संबंधित उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदान किया गया।

जीएस आयुर्वेद मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल के द्रवयगुण विभाग द्वारा समय-समय पर वृक्षारोपण अभियान,प्लास्टिक मुक्त परिसर, स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम तथा पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों का सफल संचालन किया जाता रहा है। संस्थान के प्रबंधन एवं अधिकारियों



ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि जीएस यूनिवर्सिटी भविष्य में भी पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बनाए रखेगी तथा विद्यार्थियों एवं समाज को हरित जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करती रहेगी।

# सावधानी बरतें: डीएम ने की अपील, बच्चों को तालाब नदियों से रखें दूर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जिलाधिकारी कविता मीना ने जनपदवासियों से तालाब,पोखर और नदियों में बच्चों को स्नान करने से रोकने की अपील की है। हाल के दिनों में डूबने की घटनाओं से जनहानि के

**पानी में सेल्फी लेना भी हादसे का कारण बन सकता है: गजेन्द्र**

मामले लगातार सामने आ रहे हैं। थोड़ी सी लापरवाही बड़े हादसे का कारण बन सकती है। अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों को जल स्त्रोतों के पास अकेला न छोड़ें। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में अक्सर बच्चे तालाब या नदी में स्नान करने चले जाते हैं। यह उनकी जान के लिए खतरा बन सकता है। अभिभावकों को चाहिए कि वे बच्चों को समझाएं और उन्हें सुरक्षित स्थानों पर ही खेलने दें। पानी के पास खेलना या मस्ती करना खतरनाक है।

जिलाधिकारी ने नाव यात्रा को लेकर स्पष्ट निर्देश दिए। कि जर्जर, टूटी-फूटी नाव पर सवारी न करें। नाव साफ और सूखी होनी चाहिए। छोटे बच्चों को अकेले नाव पर यात्रा न करने दें। नाव की भार क्षमता और लाइफ जैकेट की उपलब्धता की जांच करना आवश्यक है। यदि नाव पर अधिक भार होगा तो दुर्घटना की संभावना बढ़ जाएगी।

उन्होंने कहा कि नाव पर चढ़ते समय सावधानी बरतें और यह सुनिश्चित करें कि नाव सुरक्षित है। आपदा विशेषज्ञ गजेन्द्र सिंह बघेल ने भी लोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति मादक पदार्थों का सेवन कर पानी में प्रवेश न करे। शराब या नशे की हालत में पानी में उतरना जानलेवा साबित हो सकता है। जल में बने



सुरक्षात्मक चिन्हों से आगे न जाएं। गहरे पानी में प्रवेश करना खतरनाक है। नाव से नाव पर कूदना या पानी में सेल्फी लेना भी हादसे का कारण बन सकता है।

उन्होंने कहा कि तैरना न आने वाले लोग नदी,तालाब या पोखर से दूर रहें। पानी में खेलना, मजाक करना या एक-दूसरे को धक्का देना खतरनाक है। कई बार लोग पानी में खेलते-खेलते हादसे का शिकार हो जाते हैं। यदि कोई व्यक्ति पानी में डूब रहा हो तो सबसे पहले आसपास मौजूद लोग उसकी मदद करें और तुरंत एम्बुलेंस बुलाएं। यदि व्यक्ति श्वास नहीं ले रहा है तो उसकी नब्ज जांचें और उसे सीपीआर दें। इसके बाद तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाएं।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि थोड़ी सी सावधानी और जिम्मेदारी से कई हादसों को रोका जा सकता है। बच्चों की सुरक्षा,नाव यात्रा के नियम और पानी में व्यवहार को लेकर दी गई ये हिदायतें हर नागरिक को गंभीरता से माननी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि यह जिम्मेदारी केवल प्रशासन की ही नहीं बल्कि हर नागरिक की है कि वह अपने परिवार और समाज को सुरक्षित रखे।

# रक्तदान सबसे बड़ा महादान है : ज्ञानेश्वेर त्यागी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन युवा विंग द्वारा युवा जिला अध्यक्ष ज्ञानेश्वर त्यागी धनौरा द्वारा बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि के अवसर पर एक दिन पहले रक्तदान शिविर का आयोजन आभार चैरिटेबल ब्लड सेंटर द्वारा ग्राम अध्यक्ष धनोरा उज्वल

- भाकियू युवा विंग के कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान
- युवा जिलाध्यक्ष ने रक्तदान करने वाले कार्यकर्ताओ को सम्मान पत्र सौंपे

त्यागी के कार्यालय किया गया। रक्तदान शिविर में भाकियू युवा विंग के पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करते हुए रक्तदान किया। युवा जिलाध्यक्ष ज्ञानेश्वर त्यागी द्वारा रक्तदान दाताओं को भारतीय किसान यूनियन के सम्मान पत्र भी सौंप गए। भाकियू युवा विंग के जिलाध्यक्ष ज्ञानेश्वर त्यागी ने कहा कि सभी को वर्ष में एक बार रक्तदान जरूर करना चाहिए। रक्तदान सबसे बड़ा महादान है। रक्तदान करके किसी का जीवन बचाया जा सकता है। वर्ष में एक बार रक्तदान करने से शरीर में कोई कमजोरी भी नहीं आती है,और शरीर में नया खून बनता है।

इस अवसर पर रोहित सिरोही,कासिम,पवन त्यागी, शकील, रुस्तम, राशिद अली, जितेंद्र चौधरी, विवेक त्यागी,आकाश शर्मा,उज्जवल त्यागी,अंकित त्यागी, शकील अहमद,अनमोल त्यागी,मन्नू त्यागी, आकेनदर सिंह ओलख,रविंद्र सिंह,इमली हसन, विवेक चौधरी, गौरव त्यागी,अमित कुमार,नासिर खान, जयवर्धन, आकाश गुर्जर, अयूब अली, मुकेश त्यागी विकास त्यागी,वंश त्यागी आदि मौजूद रहे।




# देहरा हिंसा प्रकरण: पीड़ितों से मिलने जा रहे कांग्रेस नेताओं को पुलिस ने रोका

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)।** धौलना के देहरा हिंसा प्रकरण में पीड़ित परिवारों से मुलाकात करने जा रहे कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल को पुलिस ने रास्ते में रोक दिया।

वहीं कांग्रेस के जिला प्रवक्ता शहजादा चौधरी एडवोकेट को गुरुवार सुबह थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने उनके आवास पर ही नजरबंद कर दिया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओ का आरोप है कि प्रशासन ने प्रतिनिधिमंडल को पीड़ित परिवारों से मिलने से रोकने के लिए यह कार्रवाई की। पार्टी नेताओं ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताते हुए नाराजगी जताई। सूचना मिलने पर कांग्रेस समर्थकों में रोष फैल गया। पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवारों का हाल जानने और उन्हें न्याय दिलाने के उद्देश्य से जा रहा था। वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर एहतियातन कदम उठाए गए हैं।



# धौलाना मे 16 मई को भगवान शनि देव महाराज का होगा गुणगान,धूमधाम से मनेगा जन्मोत्सव समारोह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)** । धौलाना के पेठ चबूतरा स्थित तोमर कालोनी में भगवान शनिदेव के मंदिर परिसर में 16

**परम शनि भक्त एड अभिषेक तोमर द्वारा किया जाएगा आयोजन**

मई शनिवार को सूर्य और माता छाया के पुत्र नवग्रह के स्वामी कलयुग के न्यायधीश भगवान शनिदेव महाराज का जन्मोत्सव समारोह पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा । इस मंदिर की स्थापना परम शनिदेव भक्त तोमर परिवार अभिषेक तोमर और उनकी पत्नी रेनू शिशोदिया द्वारा कराया गया । जिसके दर्शन से भक्तों को कोकिला वन शनिधाम के दर्शन की अनुभूति होती है । इसलिए धौलाना का शनिधाम भी दूर दूर तक प्रसिद्ध है । बड़ी संख्या में लोग शनिवार को भगवान को तेल अर्पण कर अपनी श्रद्धा को भगवान के सम्मुख प्रकट करते है । शनिदेव उनकी हर मनोकामना को पूर्ण करते है । मंदिर संस्थापक अभिषेक तोमर ने बताया की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबा के दरबार में विशाल शनिदेव जन्मोत्सव 16 मई शनिवार को मनाया जाएगा । जिसमें सर्वप्रथम शनिवाह्य हवन यज्ञ के उपरांत बाबा को भोग लगाकर भंडारे का आयोजन होगा । तदोपरांत रात्रि में आठ बजे से विशाल बाबा के जगराते का आयोजन किया जाएगा । जो प्रसिद्ध जगराता मंडली द्वारा होगा । आयोजकों ने शनि भक्तों से अपील की कि 16 मई को बाबा के दरबार में पहुंच प्रसाद ग्रहण कर बाबा का गुणगान कर धर्म लाभ कमाए । एड अभिषेक तोमर ने बताया की शनि देव कलयुग के न्यायधीश हैं जिनके स्मरण मात्र से ही सभी संकट समाप्त हो जाते है । कलयुग के न्यायधीश शनि देव की सदा ही जय हो । है महाप्रभु सभी भक्तों पर कृपा करो । कष्ट हरो ।




धौलाना का शनिधाम मंदिर और आयोजक एड अभिषेक तोमर

## प्रोजेक्ट अलंकार — निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जायें

# प्रोजेक्ट अलंकार के तहत सभी निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण करें : डीएम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जिलाधिकारी कविता मीना ने प्रोजेक्ट अलंकार की समीक्षा बैठक करते हुए अधिकारियों को प्रोजेक्ट अलंकार के तहत सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी कवितामीन ने माध्यमिक शिक्षा अभियान के अंतर्गत विद्यालयों के निर्माण जैसे जनपद के इंटर कालेज,जनपद के डिग्री कालेज,आईटीआई , पॉलिटेक्निक तकनीकी शिक्षा एवं प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत किए जाने वाले सभी कार्यों की संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली गई। उन्होंने ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए सभी अधिकारीगण मानक एवं गुणवत्ता सहित लक्ष्य को समय से पूरा करने के लिए प्रभावी रूप से रणनीति बनाते हुए कार्य को कराना सुनिश्चित करें ।

डीएम ने कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही न होने पाए,इसके अलावा संबंधित कार्यदाई संस्था तथा संबंधित विभाग आपस में समन्वय बनाकर निर्माण कार्य को जल्द से जल्द समय सीमा के अंतर्गत पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे ।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रुति शर्मा,शैलेन्द्र कुमार,जिला समन्वयक माध्यमिक शिक्षा दीपा तोमर व जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना...डीएम ने पात्र बालिका को 10 लाख का चैक प्रदान किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

- जिले में योजना के लिए 11 बच्चों को चिन्हित किया गया है
- डीएम ने धनराशि को शिक्षा व स्वास्थ्य पर खर्च करने के दिये निर्देश

**हापुड़।** पी0एम0 केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के तहत जिले में 11 बच्चों को चिन्हित किया गया है। गुरुवार को जिला सभागार कक्ष में जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उक्त योजना की पात्र बालिका को 10 लाख रुपये का चैक प्रदान किया। जिसे पाकर बालिका का चेहरा खुशी से खिल उठा।

आपको बता दें,कि पी0एम0 केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना तहत कोविड-19 महामारी के कारण अनाथ हुए बच्चों को उक्त योजनान्तर्गत भारत सरकार द्वारा 10 लाख रुपए 23 वर्ष पूर्ण होने पर देने का प्रावधान है। जनपद में उक्त योजना के लिए 11 बच्चों को चिन्हित किये गये थे।



गुरुवार को जिला सभागार कक्ष में जिलाधिकारी कविता मीना व मुख्य विकास अधिकारी श्रुति शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से पी0एम0 केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना की पात्र बालिका खुशी चौहान पुत्री स्व0 पंकज चौहान को 10 लाख रुपये का चेक प्रदान किया। गया।

जिलाधिकारी कविता मीना द्वारा उक्त बालिका को दी गयी धनराशि का अपने शिक्षा,स्वास्थ्य तथा अपने जीवन में आगे बढ? के लिये उचित उपयोग करने का निर्देश दिया।

इस मौके पर श्रुति शर्मा मुख्य विकास अधिकारी, स्मिता सिंह जिला प्रोबेशन अधिकारी,मनीष द्विवेदी संरक्षण अधिकारी आदि अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# विधानसभा चुनावों के परिणाम से विपक्षी दलों पर धुंध छाई



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

पश्चिमी बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पांडिचेरी के विधानसभा चुनाव के परिणाम को लेकर विपक्ष में भ्रम की स्थिति है क्योंकि कांग्रेस सहित अनेक विपक्षी दलों को लगता है कि भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव हारना काफी मुश्किल है। राजनीतिक विश्लेषकों आशुतोष, जयंत घोषाल, राजीव रंजन,का मानना है कि 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद हुए विधानसभा चुनाव में हरियाणा, दिल्ली, महाराष्ट्र,बिहार, असम, उड़ीसा, और अब पश्चिमी बंगाल में जिस तरह भारतीय जनता पार्टी ने एक तरफा जीत हासिल की है उससे तो लगता है कि 2029 लोकसभा चुनाव का रास्ता उसके लिए साफ हो गया है क्योंकि 2024 के लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र, पश्चिमी बंगाल, उत्तर प्रदेश, हरियाणा,में भारतीय जनता पार्टी का प्रदर्शन 240 सीट पर आकर टिक गया था। लेकिन अब वह बात नहीं क्योंकि पश्चिमी बंगाल विधानसभा चुनाव जीतने बाद उसकी 42 लोकसभा सीट पर उसे अब आसानी होगी । आशुतोष कहते हैं कि भारतीय जनता पार्टी और अन्य पार्टियां में आइडियोलॉजी का फर्क है। भाजपा चुनाव इस लिए लड़ती है कि वह आरएसएस और अपनी एजेंडे को लागू कर सके चाहे वह अनुच्छेद 370 का मामला हो या राममंदिर का मसला, ।अब भाजपा के समक्ष बांग्लादेशी घुसपैठ, कॉमन सिविल कोड, जैसे बड़े मामले है । जिसमें एक सीट परिसीमन, महिला आरक्षण संबंधी विधेयक संसद से पारित कराने है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने अनुसार एक बृहद शिक्षा नीति बनाना चाहता है। दूसरी ओर विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है क्योंकि वे सरकार में सत्ता करने वाला खेल खेलते हैं। यद्यपि दक्षिण भारत में तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना में अलग अलग पार्टियों का शासन है लेकिन उनके पास भी हिंदी ब केंद्रीय सरकार का मुद्दा है क्योंकि वे चाहते हैं कि भारत लोकतांत्रिक देश में राज्यों की भूमिका अधिकतर तथ्यों में है ।वे रक्षा, वित्त, दूरसंचार,विदेश मामलों तक केंद्रीय सरकार को जिम्मेदार बनाते हैं। लेकिन भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय भूमिका की पक्षधर है।

राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस की सरकार आजादी के बाद लगभग साठ साल रही लेकिन उद्देश्य पूर्ण कार्य जवाहरलाल नेहरू, श्री मति इंदिरा गांधी,ने किया बाद में नरसिंह राव सरकार ने भी उदारीकरण नीति बनाई जिससे देश का वित्तीय विकास हुआ , रोजगार का सृजन हुआ। लेकिन उसके बाद अटल बिहारी वाजपेई की सरकार ने भारतीय जनता पार्टी सरकार की नींव रखी थी जिसमें दक्षिण पंथी विचारों को अपनाया गया। लेकिन 2004से ,2014 तक मनमोहन सिंह सरकार ने उद्देश्य हीन ही सरकार चलाई जिसमें भ्रष्टाचार का बोलबाला था। राज्यों में जैसे पश्चिमी बंगाल में 37 साल लेफ्ट पार्टियों की सरकार रही थी उस कालखंड में कोलकाता, पूरे राज्य का ओद्योगिक ढांचा समाप्त हो गया था।टीएमसी ने 15 वर्ष उसे खड़ा करने कोई प्रयास नहीं किया।जुट उद्योग बुरी तरह प्रभावित हुआ। इस प्रकार बीएसपी की उत्तर प्रदेश में 2002 से 2007 तक बिना किसी उद्देश्य के चली ।

बाद में समाजवादी पार्टी की सरकार 2007 से 2012 तक भी कोई उल्लेखनीय कार्य नहीं हुआ । भारत के राज्यों में गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, मध्य प्रदेश, राजस्थान,ने उल्लेखनीय कार्य किया। कांग्रेस, बीजेडी, डीएमके, तुड़मूल कांग्रेस, सपा , टीवीके, आप, एआईडीएमके, राजेडी,सीपीई,सीपीएम, टीआरएस, सहित अनेक पार्टियां ऐसी है कि कुनवा चला रहा है । इन पार्टियां ने मुस्लिम तुष्टिकरण को हवा दी है । जिसमें सपा, डीएमके, तुड़मूल , कांग्रेस,राजद,ने तो मुसलमानों को जैसे वोट बैंक ही बनाया। इन पार्टियां के प्रमुखों ने अकूत संपत्ति अर्जित की है। 2027 में उत्तर प्रदेश,पंजाब, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड में विधानसभा चुनाव होने है । जिसमें से हिमाचल प्रदेश को छोड़कर सभी राज्यों में भारतीय जनता पार्टी सरकारें है।

# अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस : सपनों की उड़ान अकेले नहीं,परिवार के पंखों से ऊँची होती है



कृति आरके जैन

**रिश्तों की नींव छोटे रोजमर्रा के प्रयासों से मजबूत होती है। परिवार को सशक्त बनाने के लिए व्यावहारिक कदम जरूरी हैं। माता-पिता बच्चों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताएँ और संवाद को प्राथमिकता दें। सरकारें परिवार-समर्थक नीतियाँ जैसे मातृत्व अवकाश, बाल देखभाल और आर्थिक सहायता लागू करें। स्कूलों में परिवार शिक्षा शामिल हो ताकि संबंधों की समझ बढ़े। समुदाय स्तर पर ऐसे कार्यक्रम हों जहाँ परिवार अनुभव साझा कर सीखें।**

टूटते रिश्तों की खामोशी जब जीवन में फैलती है, तो हर दिशा सूनी और अर्थहीन लगने लगती है। इंसान जीता तो है, पर भीतर से खाली हो जाता है। 15 मई, अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस, इसी सच को उजागर करता है कि परिवार ही वह अटूट आधार है, जो हमें स्थिरता देता है, कठिन समय में संभालता है और आगे बढ़ने की प्रेरणा बनता है। यह दिन केवल एक औपचारिक उत्सव नहीं, बल्कि मानव सभ्यता की जड़ों को मजबूत करने का आह्वान है। 1993 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा इसकी घोषणा का उद्देश्य भी यही था–परिवार बिखरा, तो समाज का संतुलन डगमगा जाएगा। आज बढ़ती असमानताओं के दौर में यह दिवस हमें चेताता है कि परिवार ही वह सुदृढ़ कवच है, जो बच्चों के भविष्य को सुरक्षित रखता है।

परिवार की संरचना सदियों से बदल रही है, लेकिन उसका मूल मर्म आज भी प्रेम, सहयोग और जिम्मेदारी ही है। 1980 के दशक से संयुक्त राष्ट्र ने पारिवारिक मुद्दों पर ध्यान दिया, जिसके चलते 1994 से यह दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन परिवारों को प्रभावित करने वाली सामाजिक, आर्थिक और जनसांख्यिकीय चुनौतियों की याद दिलाता है। आधुनिक युग में न्यूक्लियर परिवार बढ़े हैं, फिर भी संयुक्त परिवार की गर्मजोशी कई संस्कृतियों में बरकरार है। भारत में जहां 'परिवार' शब्द ही संस्कृति का पर्याय है, यह दिवस हमें सिखाता है कि परिवार सिर्फ रक्त के रिश्ते नहीं, बल्कि भावनात्मक बंधन है। 2026 की थीम परिवार, असमानताएँ और बाल कल्याण दर्शाती है कि सशक्त परिवार ही समानता और बच्चों के सुरक्षित भविष्य का मार्ग बनाते हैं।

परिवार व्यक्ति के विकास की पहली पाठशाला है, जहाँ बच्चा भाषा के साथ संस्कार, नैतिकता और संघर्ष की क्षमता सीखता है। शोध बताते हैं कि मजबूत पारिवारिक सहारे वाले बच्चे चुनौतियों का सामना अधिक दृढ़ता से करते हैं। चंद्रयान-3 मिशन के दौरान वैज्ञानिकों के परिवारों ने लगातार समर्थन देकर लंबे कार्यदबाव में उनका मनोबल बनाए रखा–यह परिवार की अदृश्य शक्ति का उदाहरण है। परिवार आत्मविश्वास का आधार है, जो गिरने पर संभालता है और डर में हिम्मत देता है। इसके अभाव में बच्चे अकेलेपन और मानसिक तनाव से जूझ सकते हैं। इसलिए परिवार दिवस हर बच्चे के लिए इस सहारे की आवश्यकता याद दिलाता है।

दौड़ती-भागती आधुनिक जिंदगी ने परिवारों के सामने कई नई चुनौतियाँ खड़ी कर दी हैं। शहरीकरण, काम का दबाव, सोशल मीडिया और आर्थिक असमानताएँ रिश्तों में दूरी बढ़ा रही हैं। कई माता-पिता रोजगार के कारण बच्चों से दूर रहते हैं, जिससे भावनात्मक जुड़ाव कमजोर होता है। बढ़ती विषमताएँ गरीब परिवारों को शिक्षा और स्वास्थ्य से वंचित कर देती हैं। फिर भी कुछ परिवार इन हालात में मजबूत बनकर उभरते हैं। महामारी के दौरान कई परिवारों ने साथ रहकर संकट झेला–बच्चों ने ऑनलाइन पढ़ाई की, माता-पिता ने घर से काम किया। यह दिखाता है कि एकजुट परिवार कठिन समय में बड़ी शक्ति बनता है।

परिवार टूटने से समाज में अपराध, अवसाद और अस्थिरता बढ़ती है, जो विकास को भी प्रभावित करती है।

राष्ट्र की नींव परिवारों पर ही टिकी होती है। सशक्त परिवार जिम्मेदार नागरिक गढ़ते हैं, जो देश के विकास में योगदान देते हैं। आर्थिक रूप से परिवार उपभोक्ता बनकर बाजार को गति देते हैं और मानव संसाधन भी तैयार करते हैं। बच्चों के कल्याण की शुरूआत परिवार से होती है–पोषण, शिक्षा और नैतिक दिशा यहीं मिलती है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्टें बताती हैं कि परिवार-केंद्रित नीतियाँ सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने में मददगार हैं। भारत में ह्यबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे अभियान भी परिवारों की भागीदारी से सफल हुए हैं। स्पष्ट है, स्वस्थ परिवार ही स्वस्थ समाज बनाते हैं; अन्यथा असमानताएँ बढ़ती जाएँगी। परिवार दिवस हमें यही सिखाता है कि नीतियों में परिवार को प्राथमिकता दी जाए।

तुर्की और सीरिया के हालिया भूकंप ने दुनिया को यह दिखाया कि टूटते मलबे के बीच भी परिवार की डोर नहीं टूटती–माँ ने बच्चों को बचाने के लिए घंटों उन्हें अपनी बाहों में थामे रखा, यह दृश्य वैश्विक संवेदना का प्रतीक बना। इसी तरह केरल के निपाह संकट में अस्पताल में भर्ती माता-पिता ने दूरी के बावजूद बच्चों की पढ़ाई और मानसिक साहस बनाए रखने के लिए लगातार संपर्क साधा। भारत के पर्वतीय क्षेत्रों में भी अनेक परिवार सीमित साधनों के बीच शिक्षा को प्राथमिकता देकर बच्चों का भविष्य संवारते हैं। ये घटनाएँ साबित करती हैं कि परिवार केवल सामाजिक इकाई नहीं, बल्कि विपरीत परिस्थितियों में भी जीवित रहने वाली गहरी भावनात्मक शक्ति है। मजबूत परिवार ही बच्चों को हर संकट में स्थिर रखते हैं और जीवन की हर परीक्षा के लिए तैयार करते हैं।

रिश्तों की नींव छोटे रोजमर्रा के प्रयासों से मजबूत होती है। परिवार को सशक्त बनाने के लिए व्यावहारिक कदम जरूरी हैं। माता-पिता बच्चों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताएँ और संवाद को प्राथमिकता दें। सरकारें परिवार-समर्थक नीतियाँ जैसे मातृत्व अवकाश, बाल देखभाल और आर्थिक सहायता लागू करें। स्कूलों में परिवार शिक्षा शामिल हो ताकि संबंधों की समझ बढ़े। समुदाय स्तर पर ऐसे कार्यक्रम हों जहाँ परिवार अनुभव साझा कर सीखें। डिजिटल युग में सोशल मीडिया का सकारात्मक उपयोग भी रिश्तों को जोड़ सकता है। इन प्रयासों से असमानताएँ घटेंगी और बच्चों का कल्याण मजबूत होगा। अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस केवल तिथि नहीं, बल्कि निरंतर सुधार का संकल्प है। अंधकार के बीच जो निरंतर स्थिर प्रकाश बनकर मार्ग दिखाता है, वह परिवार ही है। इस अवसर पर संकल्प होना चाहिए कि हर घर को सशक्त और संवेदनशील बनाया जाए, हर बच्चे को स्नेह, सुरक्षा और सम्मान मिले तथा समाज में एकता और भरोसा लगातार मजबूत हो। मजबूत परिवार ही मजबूत राष्ट्र और सुदृढ़ दुनिया की नींव बनते हैं। यह केवल भावनात्मक विचार नहीं, बल्कि व्यावहारिक सत्य है–जैसे गहरी और मजबूत जड़ें पेड़ को हर तूफान, आंधी और विपरीत परिस्थितियों में भी टिकाए रखती हैं। यह दिन हमें गहराई से याद दिलाता है कि परिवार की शक्ति को केवल समझना पर्याप्त नहीं, बल्कि उसे अपने जीवन में अपनाकर हर रिश्ते में सहेजना और आगे बढ़ाना ही सच्चा संकल्प है।

## छोटी-छोटी सी खुशियॉं

छोटी-छोटी सी खुशियॉं, महकाती जीवन की बगिया,
चेहरे पर मुस्कान खिलाती, अनूठी पहचान बन जाती,
बूंद-बूंद खुशी का प्राणायाम, तन-मन को देती आराम,
दुःखों के बादल मिटाती, सुकून की बारिश बन जाती ।

भावों की मीठी-मीठी मिसरी, मन की चमकीली ढिबरी,
परिवार में प्रेम बढ़ाती, पल-पल को नव रंगों से सजाती,
जीवन का बन हिस्सा, अगली-पिछली यादों का किस्सा,
प्रेम भाव साझा करती, भीतर-बाहर को मधुरम बनाती ।

भावों की रसीली मंजरी, यादों की बनकर सुंदर गठरी,
जीवन में आस उजास भरती, संजीवनी सी ये बहती,
खुशियों का कारण बन जाना ,"आनंद" जीवन में बहाना,
खुशियॉं दिलों को पास लाती, जीवन अनुराग बढ़ाती ।

जी लेना भरपूर वर्तमान, कल क्या होगा किसको ज्ञान,
खुशियॉं ढाल बन जाती, सकारात्मकता को ये बढ़ाती,
सबसे पहले है परिवार, मत रोकना खुशियों की धार, ?
ये साथ को दिलचस्प बनाती, सार्थक एहसास जगाती ।

चार दिन की जिंदगानी, कब खत्म हो अपनी कहानी,
बड़ों छोटों को लुभाती, ये परिवार को नेह से सजाती,
छोटी-छोटी खुशियों का बन गीत, जग में फैलाना प्रीत,
ये मन-मस्तिष्क का द्वंद्व मिटाती, अहम को भी घटाती ।



मोनिका डागा आनंद",

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com**

### वैधानिक सूचना

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# कौन जवाब देगा नीट की इस लगातार बिगड़ती व्यवस्था का ?



प्रो. आरके जैन अरिजीत

कड़े नियमों, डिजिटल निगरानी और सुधार के दावों के बावजूद जब परीक्षा व्यवस्था बार-बार संदेह में आ जाए, तो नीट-यूजी 2026 जैसी घटनाएँ पूरे सिस्टम की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर देती हैं। 3 मई को देशभर के 22 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने डॉक्टर बनने के सपने के साथ परीक्षा दी, लेकिन कुछ ही दिनों में यह विवादों में घिर गई। 12 मई को एनटीए द्वारा परीक्षा रद्द करने और मामले की जांच सीबीआई को सौंपने के फैसले ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया। राजस्थान एसओजी की प्रारंभिक जांच में ह्गेस पेपरह्व और प्रश्नों के मेल ने परीक्षा की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर गंभीर चोट पहुँचाई। यह केवल परीक्षा रद्द होने की घटना नहीं, बल्कि पूरे परीक्षा तंत्र की गहरी संरचनात्मक विफलताओं का स्पष्ट संकेत बन गई। जब लाखों विद्यार्थी किसी परीक्षा के लिए अपने जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष समर्पित करते हैं, तो उनका पूरा भविष्य उसी एक दिन से जुड़ जाता है। नीट अभ्यर्थियों ने कोचिंग, टेस्ट सीरीज, निरंतर अभ्यास और मानसिक दबाव के बीच कठिन संघर्ष किया, लेकिन परीक्षा रद्द होने के फैसले ने उनकी मेहनत को अनिश्चितता में धकेल दिया। ग्रामीण और छोटे शहरों के छात्रों पर भी इसका गहरा असर पड़ा, जो सीमित संसाधनों में भी बड़े सपने लेकर आगे बढ़ रहे थे। उनके लिए यह परीक्षा केवल प्रवेश नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक उन्नति का अवसर थी, जो फिर से अधर में लटक गया। जब किसी बच्चे के सपने को साकार करने के लिए परिवार अपनी पूरी जमा-पूंजी, कर्ज और संसाधन तक दाँव पर लगा देता है, तब ऐसा निर्णय उन्हें आर्थिक ही नहीं, गहरे मानसिक आघात से भी जकड़ देता है। मध्यमवर्गीय माता-पिता ने कोचिंग, हॉस्टल, किताबों और तैयारी पर अपनी सीमाओं से बाहर जाकर खर्च किया था। परीक्षा रद्द होने से यह निवेश अब सिर्फ आर्थिक नुकसान नहीं, बल्कि भावनात्मक टूटन में बदल गया है। कई घरों में तनाव और चिंता बढ़ गई है। माता-पिता के मन में अब यही सवाल गूंज रहा है कि क्या हर साल उनके बच्चों का भविष्य इसी तरह अनिश्चितता के अंधेरे में फँसा रहेगा?

मल्टी-लेयर सुरक्षा, डिजिटल निगरानी, फ्लाइंग स्क्वाड और सीलबंद प्रोटोकॉल जैसी मजबूत व्यवस्थाओं के बावजूद जब बार-बार पेपर लीक और प्रश्नों के मिलान जैसी घटनाएँ सामने आती हैं, तो यह परीक्षा प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। राजस्थान के सीकर जैसे कोचिंग केंद्र में उजागर हुआ गेस पेपर का मामला यह दिखाता है कि समस्या केवल परीक्षा केंद्र तक सीमित नहीं, बल्कि पूरी प्रक्रिया की श्रृंखला में कहीं गहराई तक फैली हो सकती है। प्रश्नपत्र निर्माण से लेकर भंडारण, परिवहन और वितरण तक हर चरण में यदि थोड़ी भी चूक रह जाए, तो पूरी परीक्षा की विश्वसनीयता पर सीधा असर पड़ता है। गलती सामने आने पर हर बार परीक्षा रद्द करना समाधान नहीं, बल्कि उसका सीधा बोझ छात्रों पर डाल देना बन जाता है, जबकि वास्तविक चूक करने वाली व्यवस्था अक्सर जवाबदेही से बच जाती है। यही सबसे बड़ा असंतुलन है। सिस्टम की खामियों को सुधारने के बजाय उसकी कीमत अभ्यर्थियों को समय, श्रम और मानसिक दबाव के रूप में चुकानी पड़ती है। यह सिलसिला बार-बार दोहराया जाता है, लेकिन जवाबदेही का स्पष्ट ढांचा आज भी कमजोर प्रतीत होता है। ऐसे में सवाल और भी तीखा हो जाता है कि जब सुरक्षा के इतने स्तर मौजूद हैं, तो आखिर चूक किस चरण में और किसकी लापरवाही से हो रही है एनटीए द्वारा यह कहना कि छात्रों को दोबारा आवेदन नहीं करना होगा और फीस वापस कर दी जाएगी।

## शुक्रवार का राशिफल

**मेष** कोर्ट मैरेज का विचार बनेगा, मनोरोग, प्रसूति चिकित्सा के क्षेत्र आगे बढ़ेंगे, वाहन, मकान, दुकान ले सकते है। भाग्य प्रतिशत-79

**वृषभ** मित्रता का रिश्ता से विवाह तक पहुंच सकती है, व्यवसाय में पार्टनर को ढूंढ सकते है, शिक्षा का स्तर बढ़ेगा। भाग्य प्रतिशत-68

**मिथुन** परिवार में मांगलिक कार्य हो सकता है, बेवजह की बातों पर विवाद सम्भव है, राजनीति में प्रसिद्धि मिलेगी लेकिन विशेष टिप्पणी से बचें। भाग्य प्रतिशत-77

**कर्क** मित्रता करने से आपके काम बन जाएंगे, घर में कुछ कुकिंग कर सकते है, मिठाई, फल, जूस, डेयरी व्यवसाय से उन्नति होगी। भाग्य प्रतिशत-79

**सिंह** चाहेंगे कोई आपको व आपकी समस्या समझे, किसी से लम्बी बात होगी, धार्मिक सामग्री की दुकान, लकड़ी, चाय पत्ती, तेल, टेलिकॉम का व्यवसाय अब चलेगा। भाग्य प्रतिशत-76

**कन्या** विदेश में कारोबार बढ़ेगा, सलाहकार, समाचार प्रेजेंटर है तो विशेष कार्य मिलेगा, प्रतिष्ठा बढ़ेगी, व्यवसाय में कुछ नया करेंगे, कामयाब होंगे। भाग्य प्रतिशत-82

**तुला** पिता के धन का खर्चा करेंगे, आवश्यक खरीदारी कर सकते है, मन किसी महिला पर अटक सकता है, दैनिक आय बढ़ेगी। भाग्य प्रतिशत-73

**वृश्चिक** कोई लंबी यात्रा कर सकते है, खर्चों पर नियंत्रण रखना होगा, मीडिया, मैनेजमेंट, प्रोमोशन आदि क्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। भाग्य प्रतिशत-74

**धनु** नेटवर्किंग द्वारा लोगों से आर्थिक फायदा होगा, कोई सरकारी कार्य करने को सौप सकता है, धन जुड़ेगा, प्रिंटिंग, टेलीकॉम, स्वर्ण व्यवसाय में उन्नति होगी। भाग्य प्रतिशत-81

**मकर** परिश्रम का पूर्ण लाभ अटक सकता है, यात्रा से लाभ होगा, वैवाहिक जीवन में खिन्नता आ सकती है,कार्य में बैलेन्स बनाना होगा तभी आगे बढ़ेंगे। भाग्य प्रतिशत- 54

**कुंभ** नौकरी के लिए लोगों से बात चला सकते है, कोई केस होगा तो पेशी की तारीख पता चलेगी, भाग्य से कोई पेचीदा मामला सुलझने की ओर जाएगा। भाग्य प्रतिशत-53

**मीन** मनोरंजन करेंगे, पूजा पाठ में मन रमेगा, बेवजह के क्लेश से बचना होगा, व्यवसाय में अड़चने दूर होंगी, परिश्रम से लाभ बढ़ेगा। भाग्य प्रतिशत-69



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# 15 मई अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस पर विशेष: परिवार में बच्चों की परवरिश से मान-सम्मान, संस्कृति एवं संस्कार पनपते

समाजशास्त्रियों ने कहा कि परिवार के सदस्यों की पहली पाठशाला होती-- संयुक्त परिवार है। व्यक्ति जो कुछ भी अच्छा या बुरा सीखता है, वह परिवार से ही सीखता है। क्योंकि परिवार समाज की पहली और सबसे महत्वपूर्ण इकाई है। परिवार का मार्गदर्शन ही हमें ऊँचाइयों के शिखर तक ले जाता है। अन्यथा परिवार का उचित मार्गदर्शन न मिलने पर व्यक्ति पथभ्रष्ट भी हो जाता है। इसलिए परिवार हमारी नींव में, आचरण में और फिर हमारे पूरे जीवन में झलकता और छलकता है। परिवार एक विचार है, सुरक्षा और जीवनशैली है। इसमे होने और रहने का तरीका है ,जिसे हम पारिवारिक संस्कार कहते है। पारिवारिक संस्कार व संस्कृति का मतलब साथ- साथ रहने का आनंद, निर्भरता और निश्चितता का सुख, सुरक्षा का आश्वासन, संस्कारों और संवेदनाओं की सहभागिता होती हैं , स्पष्ट है कि साथ रहने और जोड़ते चलने का संबल है तो बस परिवार ही है। शहरीकरण से आये बदलावों ने परिवार को तोड़ना शुरू किया है, फिर भी परिवार में सदस्यों की भावनाएँ होती है, कि प्रत्येक तीज-त्यौहार पर परिवार के सदस्यों के साथ मनाए, चाहे सदस्य कहीं भी हो, कितना भी व्यस्त हो ,अपने परिवार के साथ ही. त्यौहार मनाने की प्रबल इच्छा रहती है। वर्तमान में बढ़ते शहरीकरण के बावजूद परिवार में घुलमिलकर रहने की भावनाएँ भी आज प्रबल होती रहती है। पूर्व आईएएस अधिकारी विवेक अत्रे कहते है, कि "भारत में परिवार की संस्था ही समाज को संभालती है। समृद्ध पश्चिमी देशों में ऐसा नहीं दिखाता। सिर्फ अपना परिवार ही नहीं, हमारे नाते-रिश्तेदारों, दोस्त भी परिवार विस्तार और हमारी जिंदगी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। अब मोबाइल पर व्हाट्सएप ग्रुप बने हुए हैं

लोग स्काइप व फेसबुक टाइम एप विदेश में बैठे अपने प्रियजनों से बातचीत करते हैं। इसके कारण वाट्सएप वीडियो काल तो बहुत ही लोकप्रिय हो गया है। कोरोना काल में परिवार के साथ प्रत्येक सदस्य ने एक-दूसरे का सहयोग कर, यह कठिन समय निकाला है। इस

तरह परिवार साथ है, तो मुश्किलों का सामना कर सकते हैं। परिवार दिवस मनाने का उद्देश्य हो कि एक परिवार के प्रत्येक सदस्य को यह संकल्प लेने का है , कि परिवार की जड़े मजबूत करेगे और परिवार रूपी मजबूत वटवृक्ष को जिंदगी की तेज हवाओं के सामने झुकने नहीं देगे।

जीवनशैली विशेषज्ञ रचना खन्ना सिंह कहती है-" परिवार को मजबूत बनाने के लिए हम आप मतभेद भूल जाएँ । सकारात्मक चीजों पर फोकस करे । नकारात्मक बातों से दूर रहने का प्रयास करें। अब समय यह कहता है कि परिवार के साथ हंसी-खुशी से रहे। किसी को यह पता नहीं कि कल क्या होगा ? हमारा एक-एक पल खुशनुमा होगा, अगर हम संबंधों को महत्व दे। बाहर तनाव है, ऐसा लग रहा है, कि हम युद्ध के मुहाने पर है। नाव डूब रही हो तो सभी को परिवार की जीवन रक्षक जैकेट पहनकर एक साथ उसे बाहर निकलें ।



डॉ. बी०आर० नलवाया

यदि माँ प्रथम गुरु हैं तो संयुक्त परिवार है-- पाठशाला। क्योंकि बच्चे परिवार को देखकर ही सीखते हैं। परिवार के सभी सदस्य एक दूसरे को सपोर्ट करते हैं। इससे बच्चों में अच्छे विचारों का जन्म होता है, यदि बहू को किसी बहू मंडल या किसी अन्य कार्यक्रम में जाना है, तो दादा-दादी बच्चों को बड़े ही प्यार से रखते हैं। यह एकल परिवार में संभव नहीं है। परवरिश करने वाली बाईयों से बच्चों को बहुत अच्छे संस्कार नहीं मिल पाते हैं। इसलिए यह कहा जाता है, कि परिवार का कवच है- संयुक्त परिवार।

समाजशास्त्री प्रो० कुमार ने परिवार के बारे में कहा--- अगर परिवार साथ है तो मनोबल मिलता है, आप हर संकट का सामना करने के लिए तैयार रहते हैं। लेकिन पिछले दशकों में हमारे सामाजिक परिप्रेक्ष्य में आए परिवर्तन के कारण हमारे संयुक्त परिवार का ताना- बाना बिखर गया। पहले परिवारों में बच्चों के पालन-पोषण का जिम्मा पूरे परिवार का होता था, तथा आमविश्वास रहता था, कि अगर कल को हम नहीं रहे, तो बच्चे अनाथ नहीं' होगे। यही विश्वास कठिनाईयों के समय भी डिगने नहीं देता था, लेकिन अब एक बार फिर से परिवार की दृढ़ता, उसकी क्षमता को समझा जा रहा है।

परिवार में परस्पर सौहार्द बनाये रखने के लिए आज इस दिवस पर संकल्प करे कि-----

सिर्फ अपने बारे मै ही सोचाने के बजाय घर के प्रत्येक सदस्यों के बारे में भी सोचगे।

अपने परिवार में किसी भी सदस्य को मदद की जरूरत हो तो पूरी करेगे अपनी जिम्मेदारी समझकर घर के कामों में हाथ बटाएंगे।

परिवार में गुस्से को खुद से दूर रखने का प्रयास करेंगे।

किसी भी काम में मीन-मेख नहीं निकालेगे। # परिवार में बड़ो के साथ सम्मान व छोटो के साथ स्नेह से बात करेंगे। बच्चों को परिवार के इतिहास के बारे में बताएंगे तो वे अपनी लाइफ कंट्रोल करना भी ज्यादा सीखेगे।

हमे यह भी संकल्प लेना कि ऊंचे स्वर में बात नहीं करेंगे। परिवारिक विवाद को संयम व प्यार से निपटाएगें । किसी ने ठीक कहा है, कि मिट्टी का मटका और परिवार की कीमत सिर्फ बनाने वाले को पता होती है, तोड़ने वाले को नहीं' परिवार की प्रत्येक इकाई हर दूसरी इकाई का महत्व समझे, यह संस्कार भी परिवार के सदस्यों से मिलते है।

**पूर्व वरिष्ठ- उपाध्यक्ष, ओसवाल लोढ़े साथ जैन समाज, मंदसौर (मप्र)**

# बी.आर इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा मनिका सिरोही एवं रियांशी ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गुलावठी।** गांव अट्टा स्थित बी.आर. इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय की छात्रा मनिका सिरोही एवं रियांशी ने 96.2% अंक प्राप्त किए।




वहीं आर्यांश शर्मा ने 96% अंक प्राप्त कर साइंस स्ट्रीम के टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। इसके अलावा सुहैब ने 91.5%, अदिति राणा ने 90.2% तथा समिक्षा ने 90% अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की। विद्यालय चेयरमैन अमित नागर ने मेधावियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट व प्रेरणादाई रहा है।

स्कूल की प्रधानाचार्य अंशु भाटी ने कहा कि विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतिभा का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि परीक्षा परिणाम में विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत सामने आई है।

# वीपी ब्लॉक पीतमपुरा में किसी हृदयविदारक घटना के इंतजार में शासन व प्रशासन, अतिक्रमण से गलियां बंद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली पीतमपुरा के वीपी ब्लॉक में अतिक्रमण की सभी हदें पार हो गयी है क्योंकि अतिक्रमण चरम सीमा तक पहुँच गया है। असामाजिक तत्वों व दबंगों ने गलियां बंद करके गलियों की जगह को घरों के अंदर ले लिया है मगर शासन व प्रशासन सोया हुआ है लगता है विवेक विहार व उत्तम नगर जैसी हृदयविदारक घटनाओं के इंतजार में है।

2 मई को मुख्यमंत्री जनसुनवाई में और 4 मई को ईमेल के माध्यम से शासन व प्रशासन को शिकायत पत्र देने के बावजूद भी कोई कार्यवाही नहीं हो रही है।

आपको बता दें कि पीतमपुरा के वीपी ब्लॉक में फिलहाल सीवर लाइन डालने का काम चल रहा है जिस कारण मुख्य मार्ग बंद है। स्थानीय निवासियों को आने-जाने में बहुत ही मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी को अगर घर के पीछे वाली गली में ही जाना हो तो पूरे ब्लॉक का चक्कर काट कर जाना पड़ता है क्योंकि अतिक्रमण इतना ज्यादा हो गया है कि लोगो ने गलियों पर कब्जा करके मकान के अंदर ले लिया है और कई जगह पर गेट लगाकर बंद कर रास्ता बंद कर दिया है और हद तो तब पार हो गयी जब सीवर लाइन को भी घर के अंदर ले लिया गया है।



इस सम्बन्ध में दिल्ली सरकार व सम्बंधित विभाग से शिकायत करने के बावजूद भी कोई कार्यवाही नहीं हो रही है जबकि इस शिकायत पत्र को दिए हुए 12 दिन बीत चुके है, हमें लग रहा है कि शासन व प्रशासन विवेक विहार व उत्तम नगर जैसी हृदयविदारक घटनाओं के इंतजार में है। हमने जब एमसीडी के क्षेत्रीय जेई रवि चौहान से वातार्लाप किया तो उन्होंने बताया कि हमारे पास इस तरह की अभी तक कोई जानकारी नहीं है जबकि इस सम्बन्ध में वरिष्ठ पत्रकार अजय शास्त्री ने स्वयं दिल्ली की माननीय मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जी से मुलाकात करके शिकायत पत्र सौंपा, उन्होंने उस पत्र को स्थानीय निगम पार्षद अमित नागपाल जी को तुरंत दे दिया और इस सम्बन्ध में कार्यवाही करने को कहा मगर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। हम दिल्ली सरकार से पूछना चाहते हैं कि सीवर लाइन को घर के अंदर लेकर और गलियों में गेट लगाकर और अतिक्रमण करने से या गलियां बंद करने से ही सुरक्षा होती है क्या ? कॉलोनियों की गलियां आने-जाने के लिए होती है या कब्जा करके उस पर अपना मकान बनाने के लिए होती हैं ?आपको बता दें कि वीपी ब्लॉक पीतमपुरा वासी अतिक्रमण को लेकर बहुत परेशान हैं उनका कहना है कि अतिक्रमण को तुरंत हटाया जाये और बंद पड़ी सीवर लाइन को फिर से खोलकर उनकी मरम्मत की जाये ताकि बरसात के दिनों में जल भराव जैसी किसी अन्य तरह की समस्याओं से छुटकारा मिल सके और स्थानीय निवासियों के लिए आवागमन भी सुचारु रूप से हो सके।

# धौलाना ग्राम प्रधान अतीक ने कस्बे में चलाया सफाई अभियान,नाले नाली चकाचक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धौलाना।** गुरुवार को ग्राम पंचायत धौलाना द्वारा पिलखुवा दादरी मार्ग पर- सफाई अभियान चलाया । इस दौरान नालियों और नालों की व्यापक स्तर पर सफाई की गई, जिससे क्षेत्र में गंदगी और जलभराव की समस्या से लोगों को राहत मिली। धौलाना ग्राम प्रधान अतीक भाई अहमद ने स्वयं मौके पर उपस्थित होकर सफाई कार्य का निरीक्षण किया। बीडीओ धौलाना रामकुमार शर्मा के निर्देश पर ब्लाक के हेड बाबू विनोद कुमार कश्यप भी मौके पर निरीक्षण करने पहुंचे । धौलाना खंड पंचायत अधिकारी गुरविंदर सिंह ने सफाई कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए । इस दौरान ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। ग्राम प्रधान अतीक अहमद ने बताया कि ग्राम पंचायत में साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि नियमित अभियान चलाकर गांव और कस्बे को स्वच्छ रखने का प्रयास किया जाएगा। प्रधान ने लोगों से सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलाने और स्वच्छता अभियान में सहयोग करने की अपील भी की। स्थानीय ग्रामीणों और व्यापारियों ने ब्लाक प्रशासन और ग्राम प्रधान के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने बताया कि लंबे समय बाद इतने व्यापक स्तर पर नालियों की सफाई हुई है, जिससे क्षेत्र में स्वच्छ वातावरण बना है। लोगों ने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इसी प्रकार नियमित रूप से सफाई अभियान जारी रहेगा।



इस अवसर पर आदित्य वशिष्ठ, इलियास भाई, आस मोहम्मद, मूलचंद राणा, भोलू राणा, शिवम राणा, दुष्यंत राणा, सलीम मिस्त्री , टूली, राजेश, मुकेश और समीर सहित दर्जनों लोगों ने धौलाना ग्राम प्रधान की जनहित की कार्यप्रणाली की भूरि भूरि प्रशंसा की।

# मां भगवती इंटरनेशनल स्कूल में सीबीएसई कक्षा 12 परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावको का किया गया सम्मान

**बुलंद संदेश यूरो**

**शिकारपुर ।** सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 12वीं परीक्षा परिणाम में मां भगवती इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया इस उपलब्धि के उपलक्ष में बृहस्पतिवार को विद्यालय प्रांगण में मेधावी छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों के सम्मान में एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया।



समारोह में विद्यालय की होनहार छात्रा भावना सिंह पुत्री केहर सिंह एवं प्रियांशी गुप्ता पुत्री ईश्वर चंद्र गुप्ता ने 95% अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं यश कुमार पुत्र पवन कुमार एवं अभिनव पुत्र दीपक ने 94% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया, दिव्य सिंह पुत्री सुधीर सिंह ने 93.60% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त कनल लौर पुत्री प्रवीण लौर ने 92.20%, कृष्ण गोस्वामी पुत्र शिशुपाल गिरी ने 92%, ट्रेसीमयूर सिंह पुत्री अजय कुमार सिंह ने 91.60% तान्या त्यागी पुत्री गजेंद्र सिंह त्यागी ने 91%, जिया बंसल पुत्री गौरव बंसल ने 90.80%, स्पर्श शर्मा पुत्र पवन कुमार शर्मा ने 90.60 %, नैतिक गर्ग पुत्र नितिन गर्ग ने 90.40%, तथा वैभव शर्मा पुत्र सुनील कुमार ने 90% अंक प्राप्त कर विद्यालय की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। विद्यालय के प्रबंधक कपिल कुमार सिंघल एवं पूर्वी सिंघल ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। प्रधानाचार्य सतीश कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को जीवन में निरंतर मेहनत करता रहने एवं उच्च लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की हेड कोऑर्डिनेटर नीटा माहेश्वरी, सीनियर विंग कोऑर्डिनेटर रोहित मित्तल एवं ऋतु त्यागी ने भी विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की समारोह में विद्यालय के समस्त अध्यापकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मेधावी विद्यार्थियों को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार में इस शानदार परीक्षा परिणाम को विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों के सामूहिक प्रयास का प्रतीक बताते हुए भविष्य में भी उत्कृष्ट शैक्षिक उपलब्धियों का संकल्प दोहराया है।

# युवा वर्ग स्टार प्रचारक सौरभ सिंह का जन्मदिन धूमधाम से मनाया, केक काटकर दी शुभकामनाएं

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**डिबाई (केपी सिंह चौहान)।** भीमपुर दोराहे स्थित आनंद फैमिली रेस्टोरेंट पर अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजवीर सिंह उर्फ राजू भैया के सुपुत्र एवं युवा वर्ग के स्टार प्रचारक सौरभ सिंह का जन्मदिन ब्लॉक प्रमुख आनंद लोधी की अगुवाई में बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य लोगों, सामाजिक कार्यकताओं एवं महिला कार्यकताओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर सौरभ सिंह को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम के दौरान आकर्षक सजावट के बीच सौरभ सिंह ने केक काटकर सभी का आभार व्यक्त किया। उपस्थित लोगों ने पुष्पमालाएं पहनाकर, मिठाई खिलाकर एवं तालियों की गूंज के साथ उनका भव्य स्वागत किया। समारोह में युवाओं का उत्साह देखने लायक था। कार्यक्रम स्थल पर पूरे समय उत्सव जैसा माहौल बना रहा। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि युवा वर्ग को समाज सेवा, संगठन की मजबूती और आपसी भाईचारे के लिए आगे आना चाहिए। सामाजिक एकता एवं संगठन को मजबूत बनाने पर भी विस्तार से चर्चा की गई। लोगों ने सौरभ सिंह के व्यवहार, सक्रियता एवं सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया।



कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अभय कुमार चौधरी उर्फ सेठ जी विवियाना, हरि गोपाल प्रधान भैलाई, विनोद कुमार, पूनम शर्मा, डॉ. गोविंद सिंह, राधेश्याम प्रधान, वीर सिंह प्रधान, विजय पंडित, रामबाबू सिंह, सर्वेश कुमारी, अर्जुन सिंह लोधी, गंगा देवी, जितेंद्र सिंह चौधरी, हिमांशु शर्मा, उमेश कुमार शर्मा, सीमा कुमारी, राजकुमारी सहित काफी संख्या में महिला कार्यकर्ता, युवा साथी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# एससीए मेमोरियल स्कूल के आदित्य गर्ग एवं वैष्णवी सर्वाधिक अंक लाकर रहे अव्वल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गुलावठी।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई बोर्ड ने 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। नगर स्थित सुरेश चंद अग्रवाल मेमोरियल पब्लिक स्कूल के मेधावी छात्र आदित्य गर्ग एवं वैष्णवी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 96.6 प्रतिशत अंक लाकर शीर्ष स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। वहीं रिया ने 94.8,खुशी गुप्ता 93.6,कशिश 91.4, नैंसी 88%, प्रथम 87.2% पलक 87% अंक प्राप्त किये। विद्यालय के डायरेक्टर मयंक अग्रवाल ने कहा दोनों विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता ने विद्यालय को गर्व का अवसर प्रदान किया है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। विद्यालय सदैव से ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है, जिसका परिणाम इस प्रकार की उपलब्धियों के रूप में सामने आता है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय के चेयरमैन वी.के. अग्रवाल, स्कूल डायरेक्टर मयंक अग्रवाल स्कूल एडमिनिस्ट्रेटर शुभम अग्रवाल एवं स्कूल प्रधानाचार्य गोपाल शर्मा ने दोनों टॉपर्स को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत है। विद्यालय परिवार एवं समस्त स्टाफ ने भी इस अवसर पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# विबग्योर इंटरनेशनल स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा।** विबग्योर इंटरनेशनल School में सीबीएसई इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में विशेष समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों ने खुशी व्यक्त करते हुए सफल छात्रों का उत्साहवर्धन किया। समारोह में विद्यालय की टॉपर निष्ठा गर्ग को 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। इसके अलावा अनन्या मित्तल और देवांश बंसल को 95.8 प्रतिशत तथा माही तोमर को 94 प्रतिशत अंक हासिल करने पर सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों के अभिभावक भी मौजूद रहे।







विद्यालय के अध्यक्ष जनार्दन गुप्ता ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि अनुशासन, समयपालन और निरंतर परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। निदेशक नदीश गुप्ता और प्रधानाचार्य एन.पी. सिंह ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

# लारेंस एकेडमी विद्यालय की छात्रा मर्सी ए लाल ने किया टॉप, 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गुलावठी।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई के 12वी का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही नगर स्थित लॉरेंस अकैडमी विद्यालय में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला। स्कूल की छात्रा मर्सी ए लाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतिभा का परिचय दिया और 96.6 प्रतिशत अंक लाकर टॉप किया।

वही आंशिक गुप्ता, 95 प्रतिशत, कनिष्का 94.6, माही तायल 93.6, कुमकुम,93, नितिन 93, आदित्य 92.8, आर्यन अंसार 92.4, सारा खान 91.4, सिमरन पाकीजा 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि से स्कूल और परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई सभी छात्र-छात्राओं ने अपनी सफलता का माता-पिता व शिक्षकों को दिया। स्कूल के निदेशक शोएब मेवाती ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय सदैव से ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है। जिसका परिणाम इस प्रकार की उपलब्धियां के रूप में सामने आता है। उन्होंने कहा कि यह सफलता छात्रों की मेहनत नियमित पढ़ाई और शिक्षकों द्वारा दिए गए मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं ने सिद्ध कर दिया की लगन अनुशासन और निरंतर मेहनत से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। स्कूल की प्रधानाचार्य तृप्ति तिवारी ने कहा कि परीक्षा में छात्र-छात्राओं द्वारा अथक मेहनत की गई थी। जिसका परिणाम सामने है। वही 96.6 प्रतिशत अंक लाकर अव्वल रही मर्सी ए लाल ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के गुरुजन व माता-पिता और विद्यालय की उच्च कोटि व अनुशासित पढ़ाई को दिया। उन्होंने कहा कि समय-समय पर गुरुजनों से सही मार्गदर्शन व माता-पिता के सहयोग से यह सफलता हासिल हुई है।



## संक्षिप्त समाचार

### कानपुर की चकरपुर सब्जी मंडी में भीषण आग से भारी नुकसान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कानपुर (सुनील बाजपेई)।** आज गुरुवार दोपहर यहां के सचेंडी स्थित चकरपुर सब्जी मंडी में अचानक भीषण आग लग गई। आग की शुरूआत चबूतरा नंबर-6 स्थित एक आढ़त से हुई और देखते ही देखते उसने पूरे क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया। इस बीच आग इतनी तेजी से फैली कि करीब 40 से अधिक दुकानें धू-धू कर जलने लगीं। मौके पर मौजूद आढ़तियों ने पहले खुद आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन लपटें बढ़ती देख दुकानों को छोड़कर जान बचाकर भागना पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंच गईं। पहले दो दमकल गाड़ियों को भेजा गया, लेकिन आग की गंभीरता को देखते हुए बाद में आठ फायर टेंडर मौके पर लगाए गए। समाचार लिखे जाने तक दमकल कर्मी लगातार आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं।

### माहवारी स्वच्छता जागरूकता को लेकर शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा।** सस्टेनेबल डेवलपमेंट सोसायटी संदेश की ओर से सर्वोदय इंटर कॉलेज में किशोरियों के स्वास्थ्य और माहवारी स्वच्छता प्रबंधन विषय पर विशेष जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। महीने के वो पाँच दिन शीर्षक से आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालयों में छात्राओं के लिए सुरक्षित और जागरूक वातावरण तैयार करना रहा। कार्यशाला में हापुड़ जनपद के विभिन्न इंटर कॉलेजों से आए शिक्षकों को माहवारी स्वच्छता, किशोरियों के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य तथा इससे जुड़ी सामाजिक भ्रांतियों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पूनम सिंह परिहार और मंजुला बिष्ट ने किया।






विशेषज्ञों ने कहा कि माहवारी एक सामान्य जैविक प्रक्रिया है, जिसे लेकर समाज में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। छात्राओं को स्वच्छता अपनाने और आत्मविश्वास के साथ शिक्षा जारी रखने के लिए प्रेरित किया गया। संस्था संदेश के सहायक प्रबंधक राहुल सक्सेना ने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षक अब अपने-अपने विद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाएंगे।

**आरोप** पैसे न देने को लेकर विवाद हो गया जिसका मामला कोर्ट मे चल रहा है

# डॉ0 तौसीफ ने लगाये कासिम सेठ पर गम्भीर आरोप कोतवाली तक पहुंचा मामला

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल (दानिश अली)।** डॉक्टर और अस्पताल संचालक के बीच का मामला गर्मा गया है। डॉक्टर ने अस्पताल संचालक पर गम्भीर आरोप लगाये है। वहीं डॉक्टर के साथ हुई घटना को लेकर आईएमए के पदाधिकारी और डॉक्टर कोतवाली शिकायत करने पहुंचे।

बताते चलें कि डॉ0 तौसीफ अहमद ने मीडिया को जारी ब्यान मे हसीना बेगम हॉस्पिटल के संचालक कासिम सेठ पर गम्भीर आरोप लगाये है। मीडिया से बातचीत करते हुए डॉ0 तौसीफ अहमद ने कहा कि मै कासिम सेठ का पार्टनर था उनके अस्पताल मे काम करता था। पैसे न देने को लेकर विवाद हो गया जिसका मामला कोर्ट मे चल रहा है। काशिफ सरवर नामक व्यक्ति ने शिकायत की। शिकायत को लेकर कोतवाली बुलाया गया। मैरे साथ थाने मे गलत व्यवहार किया गया। लगातार धमकियां दी जा रही है झूठा मुकदमा लगवाने और ट्रक चढ़वाने की। हम डॉक्टर हैं मरीजों को देखते हैं यह मामला थमना चाहिए काफी परेशान है। उनके खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए। कोतवाली के बाद एकाउण्ट ऑफिस जाकर हिसाब लेकर बात हुई जहां बात नहीं बनी। बताते चलें की आईएमए के पदाधिकारी विभिन्न डॉक्टर इस मामले को लेकर डॉ0 तौसीफ के साथ खड़े नजर आये। दुर्गा कालोनी मे विक्रम पैलेस मे इस मामले को लेकर डॉक्टर एवं आईएमए की बैठक भी हुई। उधर कासिम सेठ पर लगाये गये डॉ0 तौसीफ द्वारा आरोपों को झूठा बताया गया है। सच्चाई क्या है यह तो जांच के बाद ही पता लग पायेगा।



# भाजपा सरकार के मंत्री द्वारा औवेसी को अप शब्द कहने पर भड़के कार्यकर्ता

**संभल।** ऑल इण्डिया मजलिस इत्तेहादुल मुस्लेमीन के कार्यकर्ताओ ने भाजपा सरकार के मंत्री द्वारा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को अप शब्द कहे जाने की कड़े शब्दो मे निन्दा करते हुए कार्यवाही के लिए ज्ञापन सौपा।

महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित एक ज्ञापन एआईएमआईएम के जिलाध्यक्ष असद अब्दुल्ला के नाम नेतृत्व मे एसडीएम समभल निधि पटेल को सौंपा गया जिसमे कहा गया कि महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और भाजपा नेता नितेश राणे ने ए०आई०एम०आई०एम० पार्टी को आंतकवादी सगंठन कहकर विवादित ब्यान दिया है। तथा साथ ही नितेश राणे ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जनाब बैरिस्टर असदुद्दीन उवैसी साहब की तुलना आंतकवादी सरगना ओसामा बिन लादेन से की है।

इसी ब्यान के साथ उक्त सिरफिरे मंत्री ने मदरसों को आंतकबाद का केन्द्र बताया है। तथा मदरसों के बन्द करने की मांग की है। इनके इस तरह के ब्यान से ए०आई०एम०आई०एम०तथा बैरिस्टर असदुद्दीन उवैसी साहब के चाहने वाले लाखों करोड़ों लोगों की भावना आहत हुई है। नितेश राणे का उक्त ब्यान कानून व सविधान के पूर्णतः खिलाफ है।

# पुलिस की बड़ी कामयाबी, लोगों ने की जनपद पुलिस की सराहना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल/बहजोई।** गुरुवार पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार और अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार रावत के निर्देशन में चली बड़ी कार्रवाई। संभल पुलिस ने एक बार फिर शानदार काम करते हुए आम लोगों के खोए और गुम हुए 261 मोबाइल

- **55 लाख रुपये कीमत के 261 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद**
- **मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरों पर लौटी मुस्कान**

फोन बरामद कर उनके असली मालिकों को सौंप दिए हैं। बरामद किए गए मोबाइल फोनों की अनुमानित कीमत करीब 55 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई से मोबाइल वापस पाने वाले लोगों में खुशी का माहौल देखने




को मिला। दरअसल, पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार और अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार रावत के कुशल निर्देशन में साइबर सेल और पुलिस टीम लगातार गुमशुदा मोबाइल फोनों को ट्रेस करने में जुटी हुई थी। तकनीकी सर्विलांस और साइबर ट्रैकिंग की मदद से अलग अलग कंपनियों के मोबाइल फोन बरामद किए गए। इसके बाद पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मोबाइल स्वामियों को उनके फोन सुपुर्द किए गए। मोबाइल पाकर मोबाइल स्वामियों ने कहा कि, हमें उम्मीद नहीं थी कि हमारा मोबाइल वापस मिल जाएगा, पुलिस का बहुत-बहुत धन्यवाद किया। मोबाइल वापस मिलने के बाद लोगों ने संभल पुलिस की जमकर सराहना की। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि आम जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है और आगे भी ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे।

# सम्भल में हजरत जुनैद शाह मियां के सालाना उर्स में धूमधाम से उठी चादर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (दानिश अली)।** । हजरत जुनैद शाह मियां रह0 अले0 के मौके पर मुल्क और शहर में अमन शांति एवं भाइचारे के लिए दुआ की गई। सेंकड़ों हाथ दुआ के लिए उठे। दरगाह हजरत जुनैद शाह मियां, वितरण किया गया। सचिव इंतेजार हुसैन ने बताया कि शुक्रवार की सुबह 04 बजे कुल शरीफ के साथ उर्स का समापन होगा। इस मौके पर नामित



सालाना उर्स में धूमधाम के साथ चादर उठीस जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। मुल्क और शहर मे अमन शांति एवं भाईचारे को दुआ की गई।

गुरुवार को नगर के मोहल्ला चमन सराय में फरजंद अली वारसी के निवास से चादर धूमधाम के साथ उठीस चादर परम्परागत तरीके से दरगाह पहुंची और हजरत जुनैद शाह मियां रह0 अले0 के सालाना उर्स के गुलामाने साबरी कमेटी की और से दरगाह पर चादर का फूलों एवं

**जुनैद शाह मियां की दरगाह आपसी सौहार्द और भाईचारे का देती है पैगाम सैयद शान अली**

गाजेबाजे से स्वागत हुआ। चादर पोशी करने के बाद तर्बरूक का सभासद उ0 प्र0 सरकार सैयद शान अली ने बोलते हुए कहा कि चादर पोशी कर अमन शांति का पैगाम दिया गया है। जुनैद शाह मियां की दरगाह आपसी सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक है। इस मौके पर इंतजार हुसैन, सय्यद शान अली नामित सभासद उत्तर प्रदेश सरकार, कासिम प्रधान, मोहम्मद वसीम साबरी, शारिक जिलानी, अब्दुरर्हमान, मोहम्मद आकिब आदि रहे।

# ब्लैक बेल्ट प्रमाण पत्र मिलने पर खिलाड़ियों का सम्मान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** जिले की दो प्रतिभाशाली ताइक्वांडो खिलाड़ियों को गुरुवार को पुलिस अधीक्षक के.के. बिश्नोई ने सम्मानित किया। चंदौसी ताइक्वांडो एकेडमी की खिलाड़ी पूर्वी राघव और आराध्या विश्वकर्मा को वर्ल्ड ताइक्वांडो हेडक्वार्टर कुक्किवोन (दक्षिण कोरिया) से जारी ब्लैक बेल्ट प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



जिला ताइक्वांडो सचिव एवं कोच सुरेश कुमार ने बताया कि दोनों खिलाड़ी पिछले सात वर्षों से ताइक्वांडो का प्रशिक्षण ले रही हैं और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में कई पदक हासिल कर जिले का नाम रोशन कर चुकी हैं। इस अवसर पर एसपी के.के. बिश्नोई ने दोनों बालिकाओं को बधाई देते हुए कहा कि जिले में विशेषकर बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने और खेलों के प्रति प्रशिक्षित करने का कार्य सराहनीय है। उन्होंने कहा कि आज बालिकाएं पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं, जो समाज के लिए सकारात्मक संदेश ।

# बेरोजगार युवाओं को मिलेगा ,खाद्य प्रसंस्करण का निःशुल्क प्रशिक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (मौ0 कासिफ)।** गुरुवार राजकीय फल संरक्षण केंद्र एवं प्रशिक्षण केंद्र द्वारा ग्रामीण बेरोजगार युवक-युवतियों को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के अंतर्गत वर्ष 2026-27 में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। यह प्रशिक्षण जनपद सम्भल की 11 न्याय पंचायतों के ग्राम सभाओं में निःशुल्क कराया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को फल एवं सब्जी आधारित उत्पाद जैसे सॉस, कैचप, फ्रूट जैम, कैंडी, पेठा मुरब्बा, जैली, पापड़, बड़ी, अचार और आलू चिप्स आदि बनाने की जानकारी दी जाएगी। साथ ही प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले इच्छुक लोगों को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करने के लिए विभाग द्वारा 1 लाख रुपये तक के अनुदान की योजना की जानकारी भी दी जाएगी।

कार्यक्रम में प्रत्येक प्रशिक्षण शिविर में 30 लाभार्थियों को शामिल किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान लेखन सामग्री, प्रयोगात्मक सामग्री और जलपान की व्यवस्था निःशुल्क रहेगी। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर सभी प्रतिभागियों को खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए जाएंगे।विभाग के अनुसार चयन पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा।

इच्छुक महिला एवं पुरुष अभ्यर्थी, जिनकी आयु 21 वर्ष हो, अपने आधार कार्ड, शैक्षिक प्रमाण-पत्रों की फोटो कॉपी और एक फोटो के साथ आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्र, गणेश कॉलोनी गली नंबर-04, चन्दौसी, जिला सम्भल कार्यालय में आप लोग इस नम्बर पर करें संपर्क 941049836।

# मानवता और सेवा का संदेश देकर गए बाबा हरदेव सिंह : सुभाष कुमार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** संत निरंकारी सत्संग भवन चंदौसी में गुरुवार को प्रेरणा दिवस संत समागम का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया गया।




समागम में बाबा हरदेव सिंह जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके बताए मानवता, प्रेम और भाईचारे के मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि बाबा हरदेव सिंह जी का संपूर्ण जीवन मानव सेवा और सद्भावना को समर्पित रहा। उन्होंने हमेशा इंसानियत, प्रेम और आपसी भाईचारे का संदेश दिया।

स्टेज पर उपस्थित महात्मा सुभाष जी ने कहा कि बाबा जी का भोला स्वभाव, मधुर मुस्कान और हर किसी के दुख को बांटने की भावना लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत रही है। समागम में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के संदेशों का भी उल्लेख किया गया, जिसमें सेवा, सुमिरण और मानव कल्याण को जीवन का उद्देश्य बनाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने भक्ति गीतों और विचारों के माध्यम से बाबा जी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# आर्ट एंड क्राफ्ट कार्यशाला में बच्चों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी (मयंक सक्सेना)।** एबीसी किड्स मोंटेसरी स्कूल में गुरुवार को बच्चों के रचनात्मक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आर्ट एंड क्राफ्ट कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जयपुर से आए कला विशेषज्ञ ने बच्चों को विभिन्न कलात्मक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया।कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने रंगीन कागज, क्रेयॉन और अन्य सजावटी सामग्रियों की सहायता से फूल, बंदनवार, दीवार सजावट समेत कई आकर्षक वस्तुएं तैयार कीं। गतिविधियों में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी कल्पनाशक्ति और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। विद्यालय की संचालिका संगीता भार्गव ने कहा कि कला एवं शिल्प शिक्षा बच्चों के मानसिक, बौद्धिक और



रचनात्मक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से बच्चों में आत्मविश्वास, धैर्य और नई चीजें सीखने की क्षमता विकसित होती है। कार्यशाला में बच्चों को त्योहारों और विशेष अवसरों पर घर सजाने के आसान तरीके भी सिखाए गए। अंत में बच्चों को अभ्यास हेतु विशेष पुस्तकें वितरित की गईं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की अध्यापिकाओं का विशेष सहयोग रहा।

# फर्जी इलाज के आरोप की जांच करने पहुंची टीम, शिकायतकर्ता ने धमकी देने का लगाया आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** नगर के आवास विकास क्षेत्र में कथित रूप से बिना मान्यता के इलाज किए जाने की शिकायत पर गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जांच की। जांच के दौरान शिकायतकर्ता और संबंधित पक्ष को आमने-सामने बुलाकर अधिकारियों ने पूरे मामले की जानकारी ली।

जानकारी के अनुसार पुरा मझोला निवासी प्रताप सिंह, जो पिछले आठ वर्षों से चंदौसी में रह रहे हैं, ने कुछ दिन पूर्व एडी हेल्थकेयर मुरादाबाद को एक शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी।

शिकायत में आरोप लगाया गया था कि, एक व्यक्ति द्वारा आवास विकास क्षेत्र में एक फिजियोथैरेपी सेंटर संचालित करता हैं,जोकि बी-फार्मा और फिजियोथेरेपी से संबंधित डिग्रियों के आधार पर सर्दी-जुकाम, बुखार, हड्डी टूटने समेत विभिन्न बीमारियों का उपचार कर रहा हैं। और लोगों की जान के साथ खेल



रहा है। गुरुवार को गठित जांच टीम मौके पर पहुंची, जहां नोडल अधिकारी विश्वास कुमार, नायब तहसीलदार चंदौसी सहित संयुक्त चिकित्सालय के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

जांच के दौरान शिकायतकर्ता प्रताप सिंह को भी मौके पर बुलाया गया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जांच के दौरान संबंधित पक्ष और उसके कुछ साथियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। हालांकि मौके पर मौजूद अधिकारियों ने दोनों पक्षों को अलग कर स्थिति को शांत कराया और मामले से संबंधित दस्तावेजों व तथ्यों की जानकारी जुटाई। जांच टीम ने शिकायतकर्ता को मामले का नियमानुसार जल्द निस्तारण कराने का आश्वासन दिया है।

# दिल्ली के मैक्स सुपर हॉस्पिटल पर, लगाया 5 लाख का जुर्माना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** गुरुवार असमोली विकास खंड क्षेत्र के गांव नगला खोकर निवासी नेमपाल सिंह ने अपनी पत्नी भाग्यवती के हृदय रोग के लिए देवकी देवी फाउंडेशन द्वारा चलाये जा रहे मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल साकेत में इलाज के लिए ले जाया गया ।

जहां उनके हृदय के राइट एंट्रीयम में स्थित मांस को सर्जरी द्वारा 31/8/2021 को निकालने के पश्चात उसके राइट वेनिट्रिकिल को अक्रियशील हो जाने के कारण मरीज की रिकवरी दी मी हो गई। उक्त इलाज करने के लिए अस्पताल ने 3लाख का पैकेज बताया परंतु धीरे-धीरे करके उनसे 11 लाख 80 हजार 795 ले लिए तथा 14- 15 दिन रखने के बाद भी जब कोई सुधार नहीं हुआ तो घर ले जाने के लिए कहा जहां अगले दिन 21 /9 /2021 को अस्पताल से छुट्टी होने के उपरांत उनकी मृत्यु हो गई । तथा बिना इलाज के कागज दिए उनको हॉस्पिटल से छुट्टी दी गई जिसके लिए नेमपाल सिंह ने अस्पताल द्वारा तैयार धनराशि से अधिक धनराशि वसूली तथा इलाज के पर्चे न देने के संबंध में एवं इलाज में भर्ती के लापरवाही के लिए जिला उपभोक्ता आयोग सम्भल में उपभोक्ता मामलों के विशेषज्ञ अधिवक्ता लवमोहन वार्ष्णेय द्वारा एक वाद प्रस्तुत किया गया आयोग ने दोनों पक्षों को तलब किया तो उन्होंने आयोग को बताया कि उनके द्वारा आपरेशन पूर्ण रूप से सही किया गया है तो आयोग ने ऑपरेशन से संबंधित पूर्व तथा बाघ की रिपोर्ट को प्रस्तुत करने के लिए कहा गया जिस पर पहले तो अस्पताल द्वारा कोई भी प्रपत्र अथवा रिपोर्ट होने से मना किया गया वादी के अधिवक्ता लवमोहन वार्ष्णेय द्वारा आयोग से अनुरोध किया गया कि परिवादी की पत्नी को डिस्चार्ज करने पर कोई भी इलाज के पेपर उपलब्ध नहीं कराए गए जिस पर आयोग के आदेश देने पर अस्पताल की ओर से ऑपरेशन से पूर्व की गई जांच रिपोर्ट आयोग


एडवोकेट लव मोहन वार्ष्णेय

में दाखिल की तथा बार-बार आदेश दिए जाने के बावजूद भी विपक्षी द्वारा ऑपरेशन के बाद की रिपोर्ट दाखिल नहीं की गई जिस पर आयोग ने दोनों पक्षों की बहस सुनी और अपना आदेश विपक्षीगण देवकी देवी फाउंडेशन व मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के प्रबंधक निदेशक / अध्यक्ष को आदेशित किया जाता है कि वह परिवादी नेमपाल सिंह को उसकी पत्नी की सर्जरी व इलाज में बरती गई चिकित्सकीय उपेक्षा को क्षतिपूर्ति के रूप में 5 लाख रुपए उस पर परिवाद संस्थान की तिथि से 7% वार्षिक ब्याज सहित अंदर दो माह अदा करें।

इसके अलावा विपक्षीगण परिवादी को मुबलिग 50हजार रुपए मानसिक कष्ट व आर्थिक हानि की मद में तथा 5हजार रुपए बाद व्यय के मद में भी अदा करेंगे । नियत अवधि में धनराशि अदा न किए जाने की दशा में ब्याज 9% वार्षिक देय होगा।

**गरजे भाजपाई** — अखलेश यादव शर्म करो, सपा सांसद माफी मांगो,तख्ती पर लिख कर कलेक्ट्रेट पहुंचे भाजपा कार्यकर्ता

# प्रधानमंत्री का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान,इसी नारे के साथ गरजे भाजपाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** कलेक्ट्रेट पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। समाजवादी पार्टी के एक सांसद द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में भाजपा नेताओं और कार्यकतोओं ने धरना देकर जमकर नारेबाजी की और माफी की मांग उठाई। बहजोई कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व भाजपा जिला अध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू ने किया। प्रदर्शन में भाजपा नेत्री मंजू दिलेर, पूर्व मंत्री अजीत कुमार राजू, जिला पंचायत सदस्य अवधेश प्रताप सहित पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

कार्यकताओं ने हाथों में तख्तियां और पार्टी के झंडे लेकर सपा सांसद के खिलाफ जमकर




प्रदर्शन किया और कहा कि प्रधानमंत्री के खिलाफ अभद्र टिप्पणी देश की जनता कभी बर्दाश्त नहीं करेगी।

जिला अध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू ने कहा कि प्रधानमंत्री देश की 140 करोड़ जनता का सम्मान हैं। उनके खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। समाजवादी पार्टी को देश से माफी मांगनी चाहिए। भाजपा नेताओं का आरोप है कि समाजवादी पार्टी के सांसद द्वारा प्रधानमंत्री को लेकर दिए गए बयान से देशवासियों की भावनाएं आहत हुई हैं।

प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। धरना प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेताओं ने कहा कि अगर सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगी गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी मौके पर तैनात रहा,जिला अध्यक्ष हरेंद्र चौधरी ने कहा की सासंद माफी मांगे बरना अंजाम भुगतने को तैयार रही वही मंजू दिलेर ने महिलाओं के साथ धरने को मजबूती प्रदान की और कहां प्रधानमंत्री के बारे में कोई भी टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी अखलेश यादव अपने नेताओं को समझाते बरना उनकी इसका गंभीर परिणाम भुगतना पड़ेगा।

# देर रात आई आंधी-तूफान ने मचाई तबाही, सड़क पर गिरा बिजली का पोल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (मोहम्मद काशिफ)।** देर रात आए तेज आंधी-तूफान और बारिश ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया। तेज हवाओं के चलते कई जगह पेड़ गिर गए, वहीं बिजली के पोल भी क्षतिग्रस्त हो गए, जनपद के अधिकांश सडको पर गिरे पेड़ भारी नुक्सान। ऐसा ही एक मामला संभल के सलारपुर रोड पर सामने आया, जहां तेज तूफान के कारण बिजली का पोल सड़क पर गिर पड़ा।

पोल गिरने से रास्ता पूरी तरह बाधित हो गया और गुजरने वाले रोड की साइड से निकलने को मजबूर हुए साथ ही स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

वहीं घटना के बाद वायरल वीडियो में कुछ बच्चे गिरे हुए बिजली के पोल पर खेलते और स्लाइड करते दिखाई दिए। यह बेहद खतरनाक स्थिति हो सकती थी, क्योंकि बिजली का पोल और तार



कभी भी जानलेवा साबित हो सकते हैं। लोगों का कहना है कि जिम्मेदारों को ऐसे स्थानों पर तुरंत सुरक्षा व्यवस्था करनी चाहिए ताकि कोई बड़ा हादसा न हो।

साथ ही अभिभावकों और बड़ों को भी बच्चों को ऐसी खतरनाक जगहों से दूर रखने की जरूरत है। मौसम खराब होने के दौरान लोगों से सावधानी बरतने की अपील की जा रही है। तेज आंधी, तूफान और बारिश के समय सुरक्षित स्थान पर रुकना ही बेहतर होता है, क्योंकि थोड़ी सी लापरवाही बड़ा हादसा बन सकती है।

# गांव सैंडोरा में ग्राम समाज की भूमि पर कब्जे का आरोप पर कार्रवाई न होने से ग्रामीणों में रोष

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सम्भल (लल्ला सलमानी)।** गुन्नौर तहसील के थाना रजपुरा क्षेत्र के गांव



सैंडोरा में ग्राम समाज एवं सरकारी भूमि पर कब्जे के प्रयास का मामला चर्चा में बना हुआ है। गांव निवासी दुर्वेश यादव ने उपजिलाधिकारी गुन्नौर को प्रार्थना पत्र देकर मामले में कार्रवाई की मांग की है।शिकायतकर्ता का आरोप है कि गांव के ही देवेंद्र,सुरेंद्र व गजेंद्र पुत्र राम सिंह अपने साथियों के साथ मिलकर ग्राम समाज और बंजर भूमि पर अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। विवादित भूमि रजपुरा-सैंडोरा मार्ग नदी के पास स्थित बताई जा रही है, जिसे भविष्य में सरकारी कार्यों के लिए उपयोगी माना जा रहा है।प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि संबंधित लोगों के नाम करीब आठ बीघा भूमि दर्ज है, लेकिन आरोप है कि वे इससे डेढ़ गुना अधिक भूमि पर कब्जा किए हुए हैं। इसके बावजूद अब ग्राम समाज की खाली पड़ी सरकारी भूमि पर भी कब्जे की कोशिश की जा रही है पीड़ित ने आरोप लगाया कि मामले की शिकायत कई बार किए जाने के बावजूद लेखपाल और कानूनगो द्वारा लगातार टालमटोल की जा रही है।

# रंगों, रचनात्मकता और भावनाओं से सजा विदाई समारोह : सुभारती विश्वविद्यालय में छात्रों को दी गई भावभीनी विदाई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के नंदलाल बोस सुभारती कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट्स एंड फैशन डिजाइन द्वारा वर्ष 2026 के स्नातक विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य एवं भावनात्मक विदाई समारोह का आयोजन बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में कला, फैशन एवं रचनात्मकता का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहां विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, उत्साह और भावनात्मक पलों के साथ अपने कॉलेज जीवन की यादों को संजोया। समारोह का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर फाइन आर्ट्स संकाय के डीन प्रो. (डॉ.) पिंटू मिश्रा, परफॉर्मिंग आर्ट्स विभागाध्यक्ष प्रो.(डॉ.) भावना ग्रोवर, फैशन डिजाइन विभागाध्यक्ष डॉ. नेहा सिंह, एनिमेशन विभागाध्यक्ष डॉ. विधि खंडेलवाल, फाइन आर्ट्स विभाग के सहायक प्रोफेसर श्री लकी त्यागी तथा सुश्री अनीशा आनंद सहित अनेक सम्मानित अतिथि उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए जीवन में निरंतर सृजनात्मकता और मेहनत के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन अत्यंत प्रभावशाली एवं आकर्षक ढंग से यीशा राव द्वारा किया गया, जिसकी सभी उपस्थित अतिथियों एवं विद्यार्थियों ने सराहना की। वहीं आयोजन को सफल बनाने में विशेष योगदान के लिए श्री लकी त्यागी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। विदाई समारोह का सबसे आकर्षक क्षण वह रहा, जब विभिन्न







श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित खिताबों से सम्मानित किया गया। स्नातक वर्ग में श्री वंश शर्मा को मिस्टर फेयरवेल यूजी तथा मिस अनुष्का वशिष्ठ को मिस फेयरवेल यूजी का खिताब प्रदान किया गया। वहीं स्नातकोत्तर वर्ग में श्री सुमित को मिस्टर फेयरवेल पीजी और सुश्री तरुशी चौहान को मिस फेयरवेल पीजीह्व चुना गया। विजेताओं के नामों की घोषणा होते ही सभागार तालियों की गूंज से भर उठा। इसके अतिरिक्त कॉलेज प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बेस्ट स्टूडेंट सम्मान से भी नवाजा गया। परफॉर्मिंग आर्ट्स विभाग से रिया, एनिमेशन विभाग से अंकुश, फैशन विभाग से मिताली तथा फाइन आर्ट्स विभाग से तरुशी को उनकी प्रतिभा, अनुशासन एवं रचनात्मक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। समारोह को सफल बनाने में योगदान देने वाले डॉ. अंशु श्रीवास्तव, श्रद्धा यादव, डॉ. आशीष मिश्रा, श्री लक्ष्य कुमार, श्री लक्ष्य खन्ना, श्री अक्षय कुमार तथा अभिषेक मिश्रा के सहयोग की भी सराहना की गई और उन्हें हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

पूरे समारोह के दौरान विद्यार्थियों के चेहरों पर उत्साह, भावुकता और भविष्य के सपनों की चमक स्पष्ट दिखाई दी। यह आयोजन केवल एक विदाई समारोह नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की उपलब्धियों, रचनात्मकता और उनके सुनहरे भविष्य के प्रति कॉलेज की प्रतिबद्धता का जीवंत उदाहरण बन गया। कार्यक्रम ने यह संदेश भी दिया कि स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय कला, फैशन डिजाइन एवं एनिमेशन के क्षेत्र में प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें वैश्विक मंच तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# मुसलमान बीजेपी को हराने के ठेकेदारी करे बंद, रहे एक जुट आने वाला समय कांग्रेस का : इमरान मसूद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बरेली ।** आज नगर पंचायत ठीरिया निजावत खाँ में कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने नगर के कांग्रेसी नेता जुबेर खान के आवास पर एक नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मुसलमान बीजेपी को हराने की जिम्मेदारी लेना करें बंद रहे रहे एकजुट इसी में है कौम की भलाई उन्होंने कहा भाजपा को वह लोग हारने की जिम्मेदारी लें जो हमारे वोट पर राज करते हैं और अपना वोट नहीं रोक पाते को उन्होंने कहा इस देश मे अगर प्रधानमंत्री जी से आंख में आंख डालकर कोई बात करने वाला नेता है तो सिर्फ राहुल गांधी जो सदन से लेकर सड़क तक प्रधानमंत्री से सवाल करते है और किसी के बस की बात नहीं आने वाला समय कांग्रेस का है सभी कांग्रेसी एकजुट रहे पार्टी को मजबूत करें किसी से डरने की कोई जरूरत नहीं है इस मौके पर प्रदेश महासचिव ओमवीर यादव प्रदेश प्रवक्ता गुरुजी त्रिपाठी



अजय शुक्ला महानगर अध्यक्ष दिनेश दादा ओवैस खान जुबेर खान कमरुद्दीन सैफी नौशाद खान और रिजवान सहित सैकड़ो की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विश्व प्रसिद्ध दरगाह जोगीपुरा में 21 मई से सालाना मजालिस का आगाज होगा, जोगीपुरा में सालाना मजलिसों की तैयारियां जोरों पर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बिजनौर/नजीबाबाद (मौहम्मद अब्बास)।** शिया धर्म गुरु मौलाना शबाब नकवी प्रशासक दरगाह ने बताया कि आने वाली सालाना मजालिस जो की 21 मई 2026 से शुरू हो रहीं हैं के मद्दे नजर दरगाह पर आने वाले जायरीनों की सहुल्यात के लिए कामों का सिल सिला युद्ध स्तर पर चल रहा है जिसमे खास तौर पर नालों की सफाई और रंगाई पुताई और खेतों की जमीन को टेंटों के लिए एक्सा किया जा रहा है वही लाइट की व्यवस्था के लिए बिल्लियों को लगाने का कार्य जारी है ताकि आने वाले जरीन को किसी तरह की मुश्किल का सामना न करना पड़े प्रशासक मौलाना शबाब नकवी ने बताया हमारी प्राथमिकता है कि किसी भी जायर को किसी तरह की कोई तकलीफ ना हो और बिजली पानी साफ सफाई वगैरा का पूरा ख्याल रखा जाएगा और दरगाह पर इंतजामया द्वारा तकरीबन सारे एहम कामों को ध्यान में रखते हुए तेजी से काम किया



जा रहा है ताकि आने वाली मजलिसों में बेहतर इंतजाम हो सके और एक खूबसूरत तरीके से इस साल की सालाना मजलिसें मुनाकिद हों सकें। दरगाह पर आने वाले जायरीनों की बड़ी तादाद को देखते हुए सीवर लाइन के बड़े पाइप लगवाए जा रहे हैं और नए स्तर पर लैट्रिनों को बनाने का काम जारी है वही बड़े सीवर टैंक के चारों तरफ बाउंड्री कराई जा रही है ताकि किसी भी तरीके की दुर्घटना को रोका जा सके मौलाना ने बताया कि आने वाली इन मजलिसों में प्रशासन हमारे साथ पूरी तरीके से कॉपोरेंट कर रहा है और इंशाल्लाह इन मजलिसों को कामयाब बनाने में प्रशासन का अहम रोल रहेगा।

# यादों,सम्मान और उत्साह से सजा विदाई समारोह : कंप्यूटर विभाग के विद्यार्थियों को दी गई भावभीनी विदाई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ के केरल वर्मा सुभारती कॉलेज ऑफ साइंस के कंप्यूटर अनुप्रयोग विभाग द्वारा रानी लक्ष्मीबाई ऑडिटोरियम में अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के सम्मान में एक भव्य, भावनात्मक एवं उल्लासपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई देना, उनके साथ बिताए गए यादगार पलों को संजोना तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रदान करना था। समारोह में फैकल्टी ऑफ साइंस के डीन प्रो. (डॉ.) आर.के. जैन, विभागाध्यक्ष डॉ. शशिराज तेवतिया तथा डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सरताज अहमद की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिससे पूरा सभागार सकारात्मकता, ऊर्जा एवं ज्ञान के प्रकाश से आलोकित हो उठा। दीप प्रज्वलन के उपरांत प्रो. (डॉ.) आर.के. जैन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, समर्पण, सकारात्मक सोच एवं निरंतर सीखते रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाने की प्रेरणा भी देती है।







इसके पश्चात कंप्यूटर अनुप्रयोग विभागाध्यक्ष डॉ. शशिराज तेवतिया ने अत्यंत भावुक शब्दों में विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि विभाग और विद्यार्थियों का रिश्ता केवल शिक्षक और छात्र तक सीमित नहीं, बल्कि परिवार जैसा है। उन्होंने भावुक होकर कहा कि वे नहीं चाहते कि उनके विद्यार्थी विदा होकर जाएं, क्योंकि विद्यार्थियों के साथ बिताया गया हर पल विभाग के लिए अमूल्य और अविस्मरणीय है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे जीवन में जहां भी जाएं, अपने माता-पिता, शिक्षकों, विभाग और विश्वविद्यालय का नाम रोशन करें। उनके प्रेरणादायी एवं भावुक संबोधन ने सभागार में उपस्थित सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को भावुक कर दिया। कार्यक्रम के सांस्कृतिक सत्र में जूनियर विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स को समर्पित आकर्षक एवं ऊर्जावान प्रस्तुतियां दीं। नृत्य, संगीत, हास्य-नाट्य, कविता एवं मनोरंजक प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को उत्साह और भावनाओं से भर दिया। इन प्रस्तुतियों में जूनियर विद्यार्थियों का अपने सीनियर्स के प्रति सम्मान, स्नेह और अपनापन स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। समारोह का सबसे रोमांचक और आकर्षण का केंद्र मिस्टर एवं मिस फेयरवेल 2026 प्रतियोगिता रही। प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रतिभागियों के लिए तीन चरण आयोजित किए गए। रैंप वॉक राउंड में प्रतिभागियों ने आत्मविश्वास, व्यक्तित्व और सौम्यता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। टैलेंट हंट राउंड में विद्यार्थियों ने गायन, नृत्य, कविता पाठ एवं मिमिक्री जैसी विविध प्रतिभाओं से सभी का मन मोह लिया। वहीं प्रश्नोत्तर राउंड में प्रतिभागियों से तात्कालिक एवं विचारोत्तेजक प्रश्न पूछे गए, जिनका मूल्यांकन उनकी बुद्धिमत्ता, विवेक और अभिव्यक्ति शैली के आधार पर किया गया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद अभिनव तेवतिया को मिस्टर फेयरवेल 2026 तथा खुशबू को मिस फेयरवेल 2026 के खिताब से सम्मानित किया गया। विजेताओं के नामों की घोषणा होते ही पूरा सभागार तालियों की गूंज से गूंज उठा। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों के उत्कृष्ट योगदान और उपलब्धियों को सम्मानित करने के लिए विशेष पुरस्कार भी प्रदान किए गए। स्टूडेंट ऑफ द ईयर (पुरुष) पुरस्कार अभिनव तेवतिया एवं आयुष राज को प्रदान किया गया, जबकि स्टूडेंट ऑफ द ईयर (महिला) सम्मान मिताली को मिला। वहीं विभाग की गतिविधियों एवं आयोजन में विशेष योगदान के लिए ऋषभ एवं मयंक को बैकबोन ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की सफलता में विभागाध्यक्ष डॉ. शशिराज तेवतिया के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजन को सफल बनाने में डॉ. सरिता राणा, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. संदीप, डॉ. अनुज, डॉ. आदेश, डॉ. अंकित कुमार, श्री मुकुल, सुश्री अल्माश, श्री केपी सिंह, श्री मृगेश तथा विभाग एवं कॉलेज के अन्य शिक्षकों का विशेष योगदान रहा, जिसकी सभी ने सराहना की।

कार्यक्रम का समापन सांस्कृतिक समिति द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें डीन महोदय, समस्त फैकल्टी सदस्यों, आयोजकों, स्वयंसेवकों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इसके पश्चात आयोजित डीजे सेशन में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए नृत्य, हंसी और यादगार पलों के साथ अपने कॉलेज जीवन की इस सुनहरी यात्रा को अविस्मरणीय बना दिया। यह विदाई समारोह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच भावनात्मक जुड़ाव, सम्मान, प्रेरणा और यादगार पलों का सुंदर उत्सव बन गया, जिसने सभी के मन में लंबे समय तक रहने वाली मधुर स्मृतियां छोड़ दीं।

# हाफिज अहमद हसन शाह शेरी जमाली कादरी का 35 वा सालाना उर्स मुबारक का आगाज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रामपुर।** नगर मे 14 मई मौहल्ला पुराना गंज मंगल की पैठ में स्थित हाफिज अहमद हसन शाह शेरी जमाली कादरी का 35 वॉ सालाना उर्स मुबारक का आगाज हुआ कारी फय्याज अहमद खॉ शेरी जमाली की कुरआने करीम की तिलावत से हुआ। बाद तिलावते कुरआने करीम के हाफिज मेराजुल हसन शेरी ने नाते पाक व मनकबत पेश की। इस मौके पर हजरत मौलाना शाह खालिद खाँ साहब कादरी ने मौजूद लोगों को खिताब करते हुए फरमाया के हिन्दुस्तान औलियाए किराम, पीराने इजाम बुजुर्गानेदीन का मस्कन ओर तवज्जोह का मर्कज रहा है। और रामपुर औलिया-ए-किराम से आबाद है। मौलाना ने कहा के यह रामपुर की खुशनसीबी है के इस सर जमीन पर हजरत सय्येदुना शाहे दरगाही महबूबे इलाही, और हजरत सय्येदुना हाफिज शाह जमालुल्लाह साहब रहमतुल्लाहे अलैह जैसे बाकमाल बुर्जग मौजूद हैं। बुर्जगानेदीन ने अपनी खानकाहों के जरिए दीन को फैलाया, और अपनी खानकाहों में रात दिन बैठ कर अल्लाह रब्बुल इज्जत जल्ला शानुहू की इबादत की, अल्लाह और उसके प्यारे रसूल सल्लल्लाहौ अलैही वसल्लम का पैगाम लोगों तक पहुँचाया। अल्लाह वालों के आस्तान क्यामत तक मखलूके खुदा के लिये फैज का जरिया हैं, जहाँ हर वक्त दिन हो या रात अल्लाह की रहमत का नुजूल रहता है। अल्लाह वालों के यहाँ आने से बिगड़े हुए काम बनते हैं, अल्लाह का ज़िक करने से दिल को सुकून मिलता है।

और फायदा पहुँचता है, मौलाना ने कहा के अपने माँ-बाप की खिदमत करते रहो, और वालिदेन को भी चाहिए कि वह अपने बच्चों को अच्छी तालीम व तलीम व तरबियत दिलाएँ। कुरआन कहता है और हदीसे मुबारका के अन्दर भी है के जो अल्लाह का ज़िक करे, और जो न करे वह ऐसा हे जेसे ज़िन्दा या मुर्दा। यानी अल्लाह का ज़िक करने वाला ज़िन्दा बताया गया, और ज़िक न करने वाला मुर्दा क्रार दिया गया है। ज़िके रसूल (सल्लल्लाहो अलैही



वसल्लम) से सुकून हासिल होता है। यह बुजुर्गाने दीन, औलियाए कामेलीन अल्लाह के दीन और रसूले करीम (सल्लल्लाहो अलैही वसल्लम) की सुन्नतों पर अमल कराने के लिये हमेशा मसरूफ रहै। यहाँ जो भी अकीदत व एहतेराम के साथ आता है और अपनी मुरादों के लिये दुआ मांगता है, तो अल्लाह तआला इनके वसीले से दुआएँ कुबूल करता है। और खाली दामनों को गौहरे मुराद से भर देता है। अल्लाह वालों ने कभी किसी चीज की ख्वाहिश जाहिर नही की। हुजूर सल्लल्लाहो अलैही वसललम ने फरमाया के अल्लाह के रास्ते पर चलना और अमल करना हर इन्सान पर फर्ज है। अल्लाह अपने नेक बन्दों से तभी खुश होता जब वह पंजवक़्ता नमाज पढ़ते हैं। और गरीबों की मदद करते हैं। और रोजे रखते हैं। और जो लोग बुर्जगानेदीन के बताए हुऐ रास्ते पर चलते हैं वह लोग दुनियाँ में रोशन होते हैं। आखिर में कुल शरीफ के बाद शिजरा ख्वानी हुई। और तमाम आ लमे इस्लाम के मुसलमानों के लिए अमन व आफियत की दुआ के साथ महफिल का इख्तेताम हुआ।

इस मौके पर हाफिज मेराजुल हसन शेरी, हाफिज महबूब हुसैन शेरी, महमूद हुसैन शेरी, अनवारूल हसन शेरी, हाफिज महफूज हुसैन शेरी जमाली, हाफिज शरीफ हसन शेरी, हाजी अन्जारूल हसन शेरी, हाफिज साकिब शेरी, मुनव्वर हुसैन शेरी, वकार उल हसन, मौहम्मद अरसलान, आदि शरीक ए महफिल रहै।

# आवास आयुक्त, उत्तर प्रदेश शासन एवं जिला नोडल अधिकारी बलकार सिंह द्वारा कान्हा गौ-आश्रय स्थल गजरौला का निरीक्षण किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)।** आवास आयुक्त, उत्तर प्रदेश शासन एवं जिला नोडल अधिकारी बलकार सिंह द्वारा कान्हा गौ-आश्रय स्थल गजरौला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला में गायों को गुड़ खिलाया और दुलारा।नोडल अधिकारी ने अधिशासी अधिकारी गजरौला को निर्देश दिए कि गौ-आश्रय स्थल को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए। गौशाला में निर्मित उत्पादों के माध्यम से स्वावलंबन के प्रयास किए जाएं। पोषक आहार की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, गौशाला के दूध की बिक्री रणनीति बनाई जाए तथा बायोगैस प्लांट का पूर्ण क्षमता से संचालन किया जाए।निरीक्षण के दौरान पशुओं हेतु निर्मित चार शेड मानक के अनुरूप पाए गए। भूसा, हरा चारा, गुड़ तथा स्वच्छ पेयजल की पर्याप्त



व्यवस्था है। रात्रि में प्रकाश की भी व्यवस्था संतोषजनक पाई गई।गौशाला में कुल 234 गौवंश संरक्षित हैं, जिनमें 142 नर तथा 92 मादा शामिल हैं।सभी गौवंश स्वस्थ पाए गए। ग्रीष्मकाल में पशुओं को लू एवं तापघात से बचाने के लिए सभी शेडों पर पर्दे, एयर कूलर तथा पंखे लगाए गए हैं। उन्होंने कहा की गोवंशों को गर्मी में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।बताया गया कि पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा नियमित स्वास्थ्य परीक्षण तथा उपचार किया जा रहा है।निरीक्षण के समय जिलाधिकारी डॉ.नितिन गौड़,अपर जिलाधिकारी गरिमा सिंह,प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी,मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी आभा दत्त, पशु चिकित्सक डॉ. अतुल,पूर्व विधायक एवं नगर स्वच्छता प्रेरक हरपाल सिंह, अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य तथा अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

**प्रशिक्षण**

## बिगनर्स कोर्स के स्काउटिंग-गाइडिंग के विविध विषयों पर हुआ प्रभावी प्रशिक्षण

# भारत स्काउट एवं गाइड के तत्वाधान में 03 दिन चले प्रशिक्षण का हुआ समापन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षित करने हेतु अनेक कार्यक्रम भारत स्काउट एंड गाइड द्वारा किए जा रहे जिसमें प्रादेशिक मुख्यालय, भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश से प्राप्त अनुमति एवं निर्देशों के क्रम में, जिला विद्यालय निरीक्षक बुलंदशहर तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बुलंदशहर के निर्देशन में, जिला संस्था भारत स्काउट और गाइड, बुलंदशहर के तत्वावधान में आयोजित बिगनर्स कोर्स के द्वितीय दिवस का प्रशिक्षण उत्साह, अनुशासन एवं स्काउटिंग भावना के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम को जिला संस्था के समस्त पदाधिकारियों, प्रशिक्षकों एवं सहयोगी कार्यकताओं के समन्वित सहयोग से प्रभावी रूप से संचालित किया गया। प्रशिक्षण शिविर का संचालन जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) एवं सहायक लीडर ट्रेनर श्री पवन कुमार राठी द्वारा किया गया। सहयोगी प्रशिक्षकों के रूप में ओ.पी. हंस सहायक लीडर ट्रेनर, सतीश कुमार हिमालय वुडबैज होल्डर तथा राजकुमारी राठी हिमालय वुडबैज होल्डर द्वारा प्रतिभागियों को व्यवहारिक एवं सैद्धांतिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

द्वितीय दिवस में प्रतिभागियों को निर्धारित सिलेबस के अनुसार स्काउटिंग/गाइडिंग का इतिहास, संगठन की विभिन्न शाखाएं, प्रतिज्ञा एवं नियम, संकेत, सलामी, लेफ्ट हैंड शेक, संगठनात्मक संरचना, यूनिट प्रारंभ एवं पंजीकरण, यूनिट मीटिंग संचालन तथा यूनिट लीडर्स की उन्नति आदि महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय कार्यक्रमों, एडवेंचर गतिविधियों, सेवा कार्यों एवं आपदा प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां भी प्रदान की गईं। साथ ही ध्वजारोहण प्रशिक्षण के अंतर्गत ध्वज को सही प्रकार से बांधने, फहराने एवं सम्मानपूर्वक फोल्ड करने की विधियों का व्यवहारिक अभ्यास कराया गया।

संपूर्ण प्रशिक्षण को सुव्यवस्थित रूप से संचालित करने हेतु प्रतिभागियों को ब्लॉकवार अलग-अलग दो प्रशिक्षण हॉलों में बैठाकर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर बुलंदशहर, दानपुर, पहासू, खुर्जा एवं सिकंदराबाद ब्लॉक के



अध्यापक-अध्यापिकाओं एवं प्रतिभागियों ने पूर्ण मनोयोग एवं उत्साह के साथ सहभागिता की। पंजीकरण एवं प्रशिक्षण व्यवस्था में रेखा भारद्वाज (ब्लॉक गाइड कैप्टन), डॉ. शिप्रा जैन (ब्लॉक गाइड कैप्टन), शबनम (ब्लॉक गाइड कैप्टन), सुभाष स्काउट मास्टर, जे.ए.एस. इंटर कॉलेज खुर्जा एवं इंद्रपाल सिंह स्काउट मास्टर, जे.ए.एस. इंटर कॉलेज खुर्जा का उल्लेखनीय सहयोग रहा।

कार्यक्रम में अमित गौतम ने ट्रेनिंग काउंसलर के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान कीं। वहीं सर्विस रोवर के रूप में शक्ति तेवतिया, राजकुमार राणा, प्रीत कुमार सैनी एवं आकाश भारद्वाज द्वारा कक्षा व्यवस्था, पंजीकरण, जलपान व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं में सराहनीय सहयोग प्रदान किया गया।

संपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम स्काउटिंग के मूल सिद्धांतों – सेवा, अनुशासन, नेतृत्व एवं राष्ट्र निर्माण – की भावना को सुदृढ़ करने वाला सिद्ध हुआ। प्रशिक्षण में उपस्थित प्रतिभागियों ने कार्यक्रम की उपयोगिता एवं व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए इसे अत्यंत प्रेरणादायी एवं ज्ञानवर्धक बताया।

# बच्चों ने शास्त्रीय नृत्य संग अभिनय के गुर सीखे, नवरंग समर कैंप-2026 का शुभारंभ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** बच्चों में छिपी हुई प्रतिभा को उजागर कर उन्हें उनकी अभिव्यक्ति का मंच प्रदान करने के उद्देश्य से जे. पी एस स्टार 11 के तत्वावधान में आज से तिलक शिशु निकेतन स्कूल, बसेरा मोड़ कल्याणपुर लखनऊ में आरम्भ हुए नवरंग समर कैंप- 2026 में बच्चों ने शास्त्रीय नृत्य के साथ अभिनय के गुर सीखे।

अरविंद सक्सेना के संयोजन में आरम्भ हुए 15 दिवसीय नवरंग समर कैंप के आज पहले दिन बच्चों ने भारतीय शास्त्रीय नृत्य के साथ अभिनय का गुर सिखा, आज उनको नृत्य के बेसिक स्टेप के अलावा अभिनय के लिए संवाद अदायगी सिखाई गई। इसके अलावा अन्य दिनों मे बच्चों को पारंपरिक लोक नृत्य, गीत-संगीत, आर्ट्स-क्राफ्ट और अभिनय के विभिन्न सोपानों को सीखाया जाएगा। इसके पूर्व नवरंग समर कैंप का उद्घाटन फिल्मकार प्रदीप श्रीवास्तव ने फीता काट कर किया। इस अवसर पर टी.आर मिश्रा और संजोती मिश्रा ने कहा कि यह कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उनकी रचनात्मक कलात्मक प्रतिभा को पंख प्रदान करेगा।

# कुन्दरकी में तेज आंधी से बिजली के तार टूटे गिरी दिवार, आम व अन्य फसलों को हुआ नुकसान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** बीती रात लगभग साढ़े दस बजे तेज आंधी से कई स्थानों पर बिजली के खम्बे व पेड़ गिरने से बिजली के तार टूट गए जिससे बिजली व्यवस्था ठप हो गई तथा आम की फसल के साथ ही कई फसलों को भारी नुकसान हो गया जिससे बाग स्वामी व किसानों में मायूसी छा गई ।

बीती रात तेज आंधी आने से बिजली के खंभे और पेड़ गिरने से कुंदरकी नगर व आसपास के क्षेत्र की बिजली व्यवस्था ठप हो गई बिजली व्यवस्था ठप होने के कारण नगर में पेयजल व्यवस्था भी गड़बड़ा गई तथा तेज आंधी आने से कई मकानों पर लगी टिन शेट वह मकान पर ऊंचे स्थानों पर रखी पानी की टंकीया भी उड़ गई । बिजली व्यवस्था चरमराने से लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया और भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा । तेज आंधी आने से पेड़ों







के गिरने से कई स्थानों पर यातायात व्यवस्था भी ठप हो गई थी। यातायात सुचारू करने के लिए वन विभाग को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी बिजली के तार कई स्थानों टूट गए । जिससे बिजली विभाग को बिजली के तार जोड़ने में ही पसीना आ गए ।ज्यादा देर शाम समाचार लिखे जाने तक बिजली व्यवस्था चालू नहीं हो सकी थी ।तेज आंधी आने से कई आम की फसल के साथ ही अन्य फसलों को भी नुकसान हुआ जिससे किसान मायूस हो गए कुंदरकी के नजदीकी गांव काजीपुरा पंडिया रोड स्थित सगीर वारसी के मकान की दिवार गिर गई।

# डीएम के निर्देश पर वन विभाग ने की पशु-पक्षियों के लिए प्याऊ की व्यवस्था

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा।** जिलाधिकारी डॉ0 नितिन गौड़ के निर्देश पर वन विभाग ने ग्रीष्मकालीन भीषण गर्मी और हीट वेव के दौरान जंगली पशु-पक्षियों को पानी उपलब्ध कराने के लिए विशेष व्यवस्था की है। विभाग द्वारा विभिन्न वन क्षेत्रों में प्याऊ की व्यवस्था की गई है,ताकि प्यास से व्याकुल वन्य जीवों को राहत मिल सके।वन विभाग द्वारा ख्याली पुर नर्सरी हसनपुर, बाटू पूरा नर्सरी हसनपुर और जटी




वन परिसर अमरोहा के दो स्थानों पर प्याऊ स्थापित किए गए हैं।इन के साथ साथ इन क्षेत्रों में जगह जगह मिट्टी के बर्तनों में पानी भर कर रखा गया है ताकि पशु पक्षी पानी के लिए भटकना न पड़े।

# आंधी के कारण अनेक पेड़ धराशाई: आम की फसल को भारी नुकसान, गैस "गोदाम की छत पर पेड़ गिरने से "छत हुई धराशाही

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** नगर एवं क्षेत्र में नगर पंचायत उमरी कला में आंधी के कारण गैस के गोदाम पर पेड़ गिरने से गोदाम की छत टूट कर गिर गई है । प्लाट में खड़े लिप्टिस के भारी पेड़ अमन इण्डेन ग्रामीण वितरक विलायत नगर रोड स्थित गैस गोदाम पर गिर गये जिससे गैस






बुधवार की देर रात देर रात आये आंधी तूफान से सैकड़ो पेड़ गिर गए आंधी के कारण आम की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है' बीती रात आंधी के कारण अनेक पेड़ धराशाई हो गए आम की फसल को भारी नुकसान होने की खबर है' ऊमरी कला के गोदाम को सारी छत टूट कर गिर गई बताते हैं कि गोदाम स्वामी को करीब 1 लाख से ज्यादा का नुकसान हुआ है ।

# भीमराव अंबेडकर पार्कों का होगा सौंदर्यीकरण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी) ।** विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण से शिष्टाचार भेंट कर क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं एवं विकास कार्यों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।

इस अवसर पर विधायक ने क्षेत्र में स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्कों के सौंदर्यीकरण, मरम्मत एवं जनसुविधाओं के विकास हेतु मंत्री को ज्ञापन सौंपा, जिससे महापुरुषों के सम्मान से जुड़े स्थलों को और अधिक व्यवस्थित एवं प्रेरणादायी बनाया जा सके।

विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कुंदरकी विधान सभा के ग्राम जेतिया संदलपुर, शिवपुरी, मिल्क, मिलक मिल्क, हरियाना , शेखीपुर खास, मोहनपुर तख्तपुर हाशा, बाहपुर, मुहम्मपुर बसतौर, नूरपुर जतपुरा, मघुपुरी, इमरतपुर उघों व मालीपुर स्थित बाबा अम्बेडकर पार्क के निर्माण एंव सौंदर्यीकरण की मांग की है जिसपर समाज कल्याण मंत्री ने विधायक द्वारा रखे गए सभी विषयों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए शीघ्र सकारात्मक



कार्यवाही का आश्वासन दिया है। जिससे कुंदरकी विधान सभा के अम्बेडकर पार्को की सूरत बदलने वाली है । विधायक ने कहा कि जनता के हित, क्षेत्र के विकास एवं सामाजिक सम्मान के लिए वह निरंतर प्रयासरत है ।

# पहले रेप फिर निकाह, निकाह के बाद पति गायब, सुसरालियों ने मारपीट कर घर से निकाला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** कुन्दरकी थाना क्षेत्र की एक विवाहिता ने पति सहित ससुरालयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

विवाहित ने पुलिस कप्तान को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसके पति इस्माइल ने नाबालिक व्यवस्था में 4 साल पहले उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और वीडियो बनाकर उसके साथ 4 साल तक रेप करता रहा एक रोज वह घर में अकेली थी तब इस्माइल और उसका साथी उसके घर में आ गए और उसके साथ रेप किया जब उसके शोर मचाने पर गांव के लोग आ गए तब गांव वालों ने इस्माइल को रंगे हाथ पकड़ लिया था तब उसने पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने का प्रयास किया तो इस्माइल के परिजनों ने निकाह करने की बात कह कर कार्यवाही करने से मनाकर दिया था तब उसने इस्माइल के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं कराया था और इस्माइल के परिजनों ने उसका निकाह कर दिया था महिला का आरोप है कि निकाह करने के बाद उसका पति घर से गायब हो गया अब उसका जेठ उस पर बुरी नियत रखता है । महिला का आरोप है कि ससुरालिया उससे दहेज की मांग कर रहे है । दहेज नही लाने पर उसके सुसरालियो ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया है तथा सुसरालिया उसके पति के बारे में भी कोई जानकारी नही दे रहे है । पुलिस कप्तान के आदेश पर पुलिस ने महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है । थाना प्रभारी हम्बीर सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है ।

# शादी की" सालगिरह के दो दिन बाद महिला "ने दी जान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** कटघर थाना क्षेत्र के पीतल नगरी में बुधवार की दोपहर एक महिला ने अपने पति से मोबाइल पर बात करने के बाद फंदे पर लटक कर जान दे दी। दो दिन पहले पति पत्नी की शादी की दूसरी सालगिरह थी लेकिन पति के घर में मौजूद नहीं होने के कारण सालगिरह नहीं मना पाए थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और फोरेंसिक टीम भी बुला ली। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।एसपी सिटी कुमार रण विजय सिंह के अनुसार कटघर के पीतल नगरी निवासी मनोज प्रजापति फर्म में नौकरी करता है। 11 मई 2024 को उसकी शादी कटघर के हनुमान मूर्ति तिराहे के पास रहने वाले यशवीर की बेटी काजल के साथ हुई थी। परिवार के लोगों ने पुलिस को बताया कि 11 मई को मनोज और काजल की शादी की दूसरी सालगिरह थी। पिछले साल की तरह इस बार भी सालगिरह को धूमधाम से मनाने की तैयारी थी लेकिन सालगिरह से एक दिन पहले मनोज 10 मई को किसी कार्य से दिल्ली चला गया था।

उसे 15 मई को दिल्ली से वापस जाना था।घर में मनोज के दो भाई, भाभी, मां बाप मौजूद थे। बुधवार की दोपहर काजल ने अपने पति मनोज से फोन पर बातचीत की थी और खाना खाने के बारे में पूछा था।

दोनों के बीच करीब दस मिनट बात हुई। मनोज ने खाना खाने की बात कही थी और फिर काजल पूछा था कि उसने खाना खा लिया था नहीं। तब काजल ने बताया कि उसने खाना बना लिया है अब खाने की तैयारी कर रही है। इसके बाद फोन कट गया था। इसके बाद काजल अचानक कमरे में चली गई और काफी देर बाद वापस नहीं आई।दोपहर करीब दो बजे मनोज की मां ने काजल को आवाज दी लेकिन उसके कमरे से कोई जवाब नहीं आया। इसके बाद उसने कमरे में जाकर देखा तो काजल दुपट्टे के जरिए फंदे से लटकी हुई थी। सास की चीख पुकार सुनकर परिजन आ गए। लोगों ने काजल को फंदे से उतारा लेकिन उसकी सांसें थम चुकी थीं।

# सब्सिडी पर मिलेगी "गोबर की खाद" सरकार ने "गो संरक्षण अभियान के लिए 2,000 करोड़ "रुपये किए मंजूर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्रदेश के गोपालकों, स्वयं सहायता समूहों और किसानों के लिए एक बड़ी योजना सरकार ने शुरू की है। अब प्रदेश के लगभग 7500 गो आश्रय स्थलों पर गोबर से जैविक खाद तैयार की जाएगी। यह खाद किसानों को सब्सिडी पर उपलब्ध कराई जाएगी। कृषि विश्वविद्यालयों और विज्ञान केंद्रों के माध्यम से खाद का परीक्षण और खरीद होगी। इससे ग्रामीण युवाओं, पशुपालकों और स्वयं सहायता समूहों को रोजगार मिलेगा। गोबर से खाद बनाने के लिए प्रशिक्षक भी तैयार किए जाएंगे। उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने इसे ग्रामीण समृद्धि का मॉडल बताया। गाय के गोबर को पहली बार आर्थिक संसाधन के रूप में विकसित किया जा रहा है। इससे 7500 गो आश्रय स्थलों पर तैयार होगी जैविक खाद,गांवों की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और पशुपालन से आय बढ़ेगी। गोबर आधारित खाद निर्माण, र्माण, पैकेजिंग, परिवहन और विपणन से बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा होंगे। खासकर युवाओं और पशुपालकों को इससे सीधा लाभमिलेगा।यह पहल प्राकृतिक खेती और जैविक उत्पादों की बढ़ती मांग के अनुरूप है। किसानों को डीएपी और यूरिया के साथ जैविक खाद का विकल्प मिलेगा। इससे खेती अधिक टिकाऊ बनेगी। सरकार ने गो संरक्षण अभियान के लिए 2,000 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं।



# पिता के "घर की चाबियां प्रेमी को देकर बेटी ने कराई सनसनीखेज" डकैती: 5 गिरफ्तार, 47 लाख से ज्यादा नकदी और अवैध हथियार बरामद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** थाना नागफनी क्षेत्र में पीतल कारोबारी के घर हुई सनसनीखेज डकैती की घटना का पुलिस ने गुरुवार को खुलासा कर दिया। नागफनी पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में पुलिस ने कारोबारी की बेटी समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई 47 लाख 24 हजार रुपये की नकदी, अवैध हथियार, कारतूस, दो कारें और मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

घटना के खुलासे को लेकर आज पुलिस लाइन सभागार में एसएसपी सतपाल अंतिल ने प्रेसवार्ता की।एसएसपी ने मीडिया को बताया कि 11 मई 2026 की रात थाना नागफनी क्षेत्र के अकबर कम्पाउंड निवासी पीतल कारोबारी मोहम्मद इमरान के घर में हथियारबंद बदमाशों ने धावा बोल दिया था। बदमाशों ने परिवार को तमंचे के बल पर बंधक बनाकर नगदी और जेवरात लूट लिए थे। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया था। कारोबारी की तहरीर पर थाना नागफनी में मुकदमा दर्ज किया गया था।

घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देश पर कई पुलिस टीमों का गठन किया गया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस और मुखबिर की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया है उनमें अमरोहा निवासी अरशद वारसी, रवि कुमार और निक्की के अलावा मुरादाबाद निवासी कुलदीप तथा कारोबारी की बेटी अरीबा शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक अरीबा का मुख्य आरोपी अरशद वारसी से पिछले कई वर्षों से प्रेम संबंध था।



# हज के सफर पर जाने वालों का सिलसिला जारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** सऊदी अरब के मक्का में हज के लिए कुंदरकी नगर और क्षेत्र से हाजियों का रवाना होने का सिलसिला शुरू हो चुका है। कुन्दरकी नगर और क्षेत्र से गुरूवार को हाजी दिल्ली एयरपोर्ट के लिए रवाना हुए है। हाजीयों की रुखसती के मौके पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जुटी रही। लोगों ने ह्ललब्बैक अल्लाहुम्मा लब्बैकह्व के नारे लगाकर हाजियों को मुबारकबाद दी। इस दौरान मुल्क में अमन-चैन, भाईचारे और कौमी एकता के लिए खास दुआ भी की गई। कुन्दरकी क्षेत्र के मोहनपुर गांव से समाजसेवी रईस मलिक अपने भाई मौहम्मद अली, रफीउद्दीन और परिजनों के साथ हज मुबारक के पाक मुकद्दस सफर पर शाम को रवाना हुए।

- लब्बैक अल्लाहुम्मा लब्बैक के नारे के साथ लोगों ने हज के सफर पर जाने वालों को मुबारकबाद दी
- कुन्दरकी नगर और क्षेत्र से हज के सफर पर बड़ी तादाद में जायरीन हुये रवाना



इस दौरान लोगों ने आजमीन-ए-हज से गले मिलकर दुआएं लीं और हाजीयों के गले में फूलों के हार डालकर और गले मिलकर मुबारकबाद दी और सकुन के माहौल में हज के सफर पर हाजीयों को रवाना किया। एम.के.भारती सैफी, सभासद हाजी छिद्दा मलिक,एम.राशिद इस्माइल अंसारी,शायर आकिल अंसारी,आरिफ सैफी कसीर तादाद में लोग मौजूद रहे।

# अमरोहा पुलिस को मिली बडी सफलता,भारी मात्रा में अवैध हथियार बरामद ,अभियुक्तों ने कबूला हथियारों का कारोबार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)।** जनपद की थाना बछरायूं पुलिस द्वारा ग्राम कुआखेडा रोड के किनारे से काले रंग की स्कार्पियो-एन गाडी से भारी मात्रा में अवैध हथियार बरामद कर चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अमरोहा लखन सिंह यादव के निर्देशन में बछरायूं पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौराने ग्राम कुआखेडा रोड पर काले रंग की स्कार्पियो एन गाडी से चार अवैध हथियार बरामद किये हैं जिस में दो देसी तमचे 325 बोर और दो देसी तमंचे 32 बोर बरामद किये गए हैं। 13/14 मई की रात्रि थाना बछरायूँ पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग एवं शांति व्यवस्था ड्यूटी के दौरान थाना क्षेत्र के कुआंखेड़ा मार्ग पर एक संदिग्ध काले रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी संख्या UP21 DQ 3004 को रोका गया।

# महिला "जज के पिता की हत्या में हिस्ट्रीशीटर व उसके दो बेटे गिरफ्तार" 27 फरवरी की शाम की गई थी हत्या

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** नागफनी थाना क्षेत्र के बंगला गांव चौराहे के पास महिला जज के पिता मो. असद की हत्या में शामिल रहे 50 हजार के इनामी हिस्ट्रीशीटर जफर और उसके दो बेटों को पुलिस ने जम्मू कश्मीर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में जफर ने इस घटना में शामिल अपने एक और साथी का नाम बताया है। गिरफ्तार किया गया जफर का एक बेटा नाबालिग है।सिविल लाइंस के जिगर कॉलोनी निवासी मो. असद की बेटी असमा सुल्ताना और उनके पति जज हैं। दोनों जजों की तैनाती बुलंदशहर में है। मो. असद अलवीना नाम से बेकरी का कारोबार भी करते थे। एसएसपी सतपाल अंतिल के अनुसार 27 फरवरी की शाम करीब सात बजे मो. असद नागफनी क्षेत्र में लाल मस्जिद में तरावीह की नमाज पढ़ने जा रहे थे। नागफनी के ढहरिया निवासी उनके छोटे साले मुजाहिर उर्फ डेनियल उनके साथ स्कूटी पर मौजूद थे। नागफनी के बंगला गांव चौराहे के पास मो. असद का बड़ा साला हिस्ट्रीशीटर जफर अपने एक साथी के साथ आया और सिर में गोली मारकर मो. असद की हत्या कर दी थी। नागफनी थाने में ढहरिया निवासी जफर, उसके बेटे सैफुल जफर, दूसरे नाबालिग बेटे, कटघर निवासी आलमगीर, मुगलपुरा के कानून गोयान निवासी मो. फैजान और अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस ने यह रिपोर्ट मुजाहिर की तहरीर पर दर्ज की थी। अगले दिन 28 फरवरी को पुलिस ने जफर के दामाद मो. फैजान और आलमगीर को गिरफ्तार कर लिया था। उन्हें कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया था। पुलिस ने जफर के एक अन्य साथी को भी गिरफ्तार किया था।मुख्य आरोपी जफर और उसके बेटे पुलिस के हाथ नहीं आ रहे थे। एसएसपी ने तीनों आरोपियों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया थी। इसके बाद डीआईजी ने तीनों हत्यारोपियों की गिरफ्तारी पर इनाम की राशि बढ़ाकर 50-50 हजार कर दी थी। पुलिस को सूचना मिली थी कि तीनों आरोपी जम्मू कश्मीर में छिपे हैं। नागफनी थाने की पुलिस और स्वाट टीम तीनों की तलाश में जम्मू कश्मीर पहुंच गई।बुधवार को पुलिस टीम ने जम्मू कश्मीर के श्री नगर जिले के नौगाम थाना क्षेत्र के स्वेतांगलेसजन ग्राम से जफर, उसके बेटे सैफुल जफर औ दूसरे 17 वर्षीय नाबालिग बेटे को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस दोनों को मुरादाबाद ले आई। बुधवार की शाम जफर और सैफुल को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। जबकि नाबालिग आरोपी किशोर न्याय बोर्ड में पेश किया।

"इमरजेंसी हेल्थ प्वाइंट" यात्रियों के लिए जरूरी दवाइयों को रखा जाएगा

# मुरादाबाद मंडल के टोल प्लाजा बनेंगे "इमरजेंसी हेल्थ प्वाइंट"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** मंडल के टोल प्लाजा जल्द इमर्जेंसी हेल्थ प्वाइंट के रूप में दिखाई देंगे। लंबे रूट पर हाईवे पर कोई मेडिकल स्टोर नहीं होता है। सफर करने वालों को दवाइयों के लिए परेशान होना पड़ता है। इसी समस्या के समाधान को योजना तैयार की गई है।

प्रशासन और एनएचएआई ने टोल आधारित स्वास्थ्य सुविधा का खाका तैयार किया है। हाईवे के टोल प्लाजा पर यात्रियों के लिए जरूरी दवाइयों का स्टाक रखा जाएगा। इसके लिए होमवर्क शुरू हो गया है। एनएचएआई के परियोजना निदेशक अरविंद कुमार और मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने इस संबंध में विस्तार से चर्चा की है।




तय किया गया है कि यात्रियों के लिए सुविधा देने को बुखार, दर्द, जुकाम समेत कई ऐसी जरूरत की औषधियां रखवाई जाएं कि लोगों को राहत मिल सके। यात्री हाईवे पर सफर के दौरान टोल प्लाजा पर रुक कर दवाई ले सकें और अपनी समस्या का समाधान कर सकें। इस योजना को चरणबद्ध तरीके से धरातल पर उतारने की तैयारी शुरू कर दी गई है। मंडलायुक्त ने कहा है कि तमाम बार ऐसी समस्याएं सामने आ चुकी हैं 'टोल प्लाजा पर टॉयलेट, पेयजल और रिफ्रेशमेंट का इंतजाम पहले से ही है। मंडल के पेट्रोल पंपों पर भी पेयजल, स्वच्छ शौचालय के इंतजाम हैं। जरूरत की दवाइयां और सेनेटरी पैड की व्यवस्था भी यहां मंडल में लागू की जा चुकी है और टोल प्लाजा पर मुख्यत बुखार, दर्द निवारक, एलर्जी, पेट की खराबी, मामूली चोट लगने की दवा। उल्टी की दवा, ओआरएस घोल, एंटीसेप्टिक क्रीम आदि मौजूद रहेगी ।

**तय किया गया है कि यात्रियों के लिए सुविधा देने को बुखार, दर्द, जुकाम समेत कई ऐसी जरूरत की औषधियां रखवाई जाएं कि लोगों को राहत मिल सके। यात्री हाईवे पर सफर के दौरान टोल प्लाजा पर रुक कर दवाई ले सकें**

# गन्ने के साथ "अब सहफसली खेती का भी होगा सर्वे" मंडल में 5 हजार गांव का "सर्वे करने के लिए 814 टीमें " लगाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** उत्तर प्रदेश गन्ना सर्वेक्षण नीति-2026-27 के तहत मंडल में करीब पांच हजार से अधिक गांवों में गन्ना सर्वे के लिए 814 टीमें लगाई गई हैं। अब गन्ना आयुक्त ने सर्वेक्षण में अंतःफसली खेती, एग्रो-फॉरेस्ट्री और फार्म फॉरेस्ट्री के तहत बोई गई फसलों की बुवाई का विवरण भी अनिवार्य रूप से शामिल करने के निर्देश दिए हैं।उप गन्ना आयुक्त हरपाल सिंह ने बताया कि प्रदेश के गन्ना एवं चीनी आयुक्त की ओर से पेराई सत्र 2026-27 के लिए गन्ना सर्वेक्षण नीति जारी की जा चुकी है, मुरादाबाद परिक्षेत्र में गन्ना सर्वेक्षण चल रहा है, जो 30 जून तक चलेगा। गन्ना सर्वेक्षण कार्य को अधिक पारदर्शी, वैज्ञानिक एवं तकनीकी रूप से बनाने के उद्देश्य से अधिकारियों को निर्देशित किया गया है, कि सर्वेक्षण के दौरान खेत में मौजूद वास्तविक गन्ना किस्म का ही अंकन कराना सुनिश्चित कराएं। उन्होंने बताया कि मुरादाबाद परिक्षेत्र में बिजनौर जिले की दस चीनी मिलों के क्षेत्र में 377 टीमें, मुरादाबाद के चार चीनी मिल क्षेत्र में 128 टीमें, रामपुर की तीन चीनी मिल क्षेत्र में 74 टीमें, अमरोहा की तीन चीनी मिल क्षेत्र में 143 टीमें तथा संभल की तीन चीनी मिल क्षेत्र में 92 टीमों सहित कुल 814 टीमें लगाई गई हैं, जो करीब पांच हजार से अधिक गांवों में सात लाख से अधिक किसानों के गन्ने का सर्वे करेंगी।



# दूध के दाम बढ़ने से आम लोगों की बढ़ी परेशानी : नेशनल अकाली दल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**दिल्ली।** नेशनल अकाली दल की महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष भावना धवन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रेनू लूथरा एवं सोशल विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष रश्मीत कौर बिंद्रा ने दूध के लगातार बढ़ते दामों को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई का सबसे ज्यादा असर आम और मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है। दूध हर घर की रोजमर्रा की सबसे जरूरी वस्तुओं में शामिल है, लेकिन लगातार बढ़ती कीमतों ने लोगों का घरेलू बजट पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। भावना धवन और रश्मीत कौर बिंद्रा ने कहा कि छोटे बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों के लिए दूध एक आवश्यक पोषण आहार है। ऐसे में दूध के दाम बढ़ने से परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। पहले जहां लोग आसानी से अपनी जरूरतें पूरी कर लेते थे, वहीं अब कई परिवारों को अपने अन्य खर्चों में कटौती करनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि रसोई गैस, सब्जियों और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतें पहले ही आसमान छू रही हैं, और अब दूध के दामों में बढ़ोतरी ने लोगों की चिंताओं को और बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा कि खासतौर पर नौकरीपेशा, सीमित आय वाले और निम्न मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए घर का बजट संभालना दिन-प्रतिदिन कठिन होता जा रहा है। महंगाई का सीधा असर आम जनता की रसोई पर दिखाई दे रहा है।वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष रेनू लूथरा ने बताया कि वह पीरागढ़ी क्षेत्र में एक वृद्ध आश्रम संचालित करती हैं, जहां बुजुर्गों की देखभाल और उनके स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा जाता है। उन्होंने कहा कि वृद्ध आश्रमों में रहने वाले बुजुर्गों के लिए दूध सबसे जरूरी खाद्य पदार्थों में से एक है, क्योंकि कई बुजुर्गों को दवाइयों के साथ नियमित रूप से दूध देना आवश्यक होता है।




रेनू लूथरा ने बताया कि आश्रम में रहने वाले बुजुर्गों को सुबह-शाम दूध उपलब्ध कराया जाता है ताकि उनकी सेहत बेहतर बनी रहे, लेकिन दूध के बढ़ते दामों के कारण हर महीने का खर्च काफी बढ़ गया है। इससे आश्रम के बजट पर सीधा असर पड़ रहा है और सामाजिक संस्थाओं के सामने आर्थिक चुनौतियां लगातार बढ़ती जा रही हैं।नेशनल अकाली दल की नेताओं ने सरकार से मांग की कि बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं, ताकि आम जनता, सामाजिक संस्थाओं और जरूरतमंद लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते महंगाई पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो आम लोगों की परेशानियां और बढ़ सकती हैं।नेताओं ने समाज से भी अपील की कि जरूरतमंद परिवारों, बुजुर्गों और सामाजिक संस्थाओं की सहायता के लिए आगे आएं, ताकि महंगाई के इस कठिन दौर में सभी को सहयोग और सहारा मिल सके।

# मानवता के कल्याण के लिए डॉ. कुमार प्रशांत मानव की तीन प्रेरक पुस्तकों का भव्य विमोचन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** पीतमपुरा स्थित 'सिटी पार्क होटल' में 'पंजाब केसरी' द्वारा आयोजित एक भव्य समारोह में डॉ. कुमार प्रशांत मानव की तीन अत्यंत ज्ञानवर्धक, शिक्षाप्रद और प्रेरणादायक पुस्तकों– 'बिल्डिंग अ बेटर फ्यूचर', 'बुक ऑफ लाइफ' (चतुर्थ संस्करण) और उनकी 'आत्मकथा' का विमोचन किया गया। सैकड़ों पाठकों, दर्शकों और श्रोताओं की भावपूर्ण समीक्षाओं और सराहना से सुसज्जित इन पुस्तकों को समारोह में उपस्थित सभी लोगों को निःशुल्क वितरित किया गया।

**समाज और मानवता के लिए एक अमूल्य धरोहर**

इस भव्य समारोह में डॉ. कुमार प्रशांत मानव की पुस्तकें समाज, मानवता और आने वाली पीढ़ी को जीवन का सही मार्ग दिखाने के उद्देश्य से मुफ्त बांटी गईं। इन पुस्तकों का विमोचन मुख्य अतिथियों और गणमान्य व्यक्तियों द्वारा किया गया, जिसमें राष्ट्रीय कवि डॉ. सुदेश यादव 'जख्मी' जी, 'बुक ऑफ लाइफ' और 'आत्मकथा' के प्रकाशक श्री जगदीश गंभीर जी एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों का पूर्ण सहयोग रहा।

**डॉ. कुमार प्रशांत मानवः एक परिचय और मिशन**

पृष्ठभूमिः डॉ. कुमार प्रशांत मानव मूल रूप से राजस्थान से संबंध रखते हैं। उनके परदादा स्वर्गीय सर फतेह सिंह जी बीकानेर, राजस्थान में न्यायाधीश (जस्टिस) थे।



**ज्ञानोदयः** मार्च 2020 में कोविड काल के दौरान डॉ. मानव को आध्यात्मिक आत्मज्ञान प्राप्त हुआ। उस कठिन समय में, जब पूरी दुनिया जीवन के लिए संघर्ष कर रही थी, उन्होंने ईश्वर द्वारा प्रदत्त अमूल्य विचारों को लिखना शुरू किया।

**निःस्वार्थ सेवाः** उनका एकमात्र लक्ष्य लोगों के मनोबल को बढ़ाना, राष्ट्रीय भावना जागृत करना और अच्छे कर्मों के प्रति उत्साह पैदा करना है। वे अब तक 'बुक ऑफ लाइफ' के विभिन्न संस्करणों और 'बिल्डिंग अ बेटर फ्यूचर' की हजारों प्रतियाँ सातवीं और आठवीं कक्षा के छात्रों, पुस्तकालयों और संस्थानों में निःशुल्क वितरित कर चुके हैं।

"मैं ईश्वर द्वारा दिए गए इन अमूल्य विचारों को कभी नहीं बेचूँगा। मेरा उद्देश्य धन, प्रसिद्धि या पद कमाना नहीं, बल्कि हर इंसान के भीतर मानवता के बीज बोना और ईश्वर के चमत्कारी प्रकाश से सबको जागृत करना है।" – डॉ. कुमार प्रशांत मानव

**प्रधानमंत्री मोदी जी के प्रति अटूट श्रद्धा**

डॉ. मानव ने अपनी भावनाओं और सम्मान को व्यक्त करते हुए 6 अप्रैल 2019 को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को अपने रक्त से पत्र लिखा था, जिसे 23 अप्रैल 2019 को पीएमओ में दिया गया। इस पत्र में उन्होंने मोदी जी के प्रचंड बहुमत के साथ दोबारा प्रधानमंत्री बनने की भविष्यवाणी की थी। जीत के बाद उन्होंने 26 जुलाई 2019 को पुनः बधाई पत्र भेजा। फरवरी 2022 में उन्होंने मोदी जी की पूज्य माता जी को भी पत्र लिखा और अपनी पुस्तकों के 3 सेट उनके गुजरात स्थित आवास पर भेजे। ये सभी ऐतिहासिक पत्र 'बुक ऑफ लाइफ' के चौथे संस्करण में प्रकाशित हैं।

**बहुआयामी व्यक्तित्व**

डॉ. कुमार प्रशांत मानव वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया में रह रहे हैं, लेकिन अपनी मातृभूमि भारत के लिए उनकी सेवाएँ निरंतर जारी हैं। वे एक अद्भुत वक्ता, टीवी मोटिवेशनल स्पीकर, यूट्यूबर, दार्शनिक और परामर्शदाता हैं। विभिन्न जीवन पहलुओं पर उनके 250 से अधिक टीवी एपिसोड गूगल, यूट्यूब, फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हैं। उनकी पुस्तक का शीर्षक "जर्नी ऑफ लाइफ फ्रॉम डार्कनेस टू लाइट" (अंधेरे से उजाले की ओर जीवन की यात्रा) उनके जीवन दर्शन को सटीक रूप से दशार्ता है।

# शहीद आयतुल्लाह अली खामनेई की स्मृति में तंजीमुल मकातिब आयोजित करेगा दो दिवसीय सेमिनार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** गोलागंज स्थित देश की प्रसिद्ध संस्था तंजीमुल मकातिब में आगामी 16 और 17 मई को दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। यह सेमिनार इजराइल के हमले में शहीद हुए आयतुल्लाह अली खामनेई के जीवन और उनके संघर्षों पर आधारित होगा संस्था के सचिव मौलाना सय्यद सफी हैदर ने एक पत्रकार वार्ता के दौरान कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी साझा की। इस अवसर पर उनके साथ मौलाना सय्यद मुमताज जाफर और मौलाना तहजीबुल हसन भी मौजूद रहे।

**सेमिनार की मुख्य विशेषताएं**

मौलाना सफी हैदर ने बताया कि शहीद आयतुल्लाह की याद में देश-दुनिया में कई कार्यक्रम और मजालिस आयोजित हो रही हैं, लेकिन तंजीमुल मकातिब का यह कार्यक्रम




अपनी तरह का अनूठा आयोजन होगा बहुआयामी चर्चाः सेमिनार में शहीद के जीवन के हर पहलू, उनके विचारों और मानवता के लिए उनके योगदान पर गहराई से रोशनी डाली जाएगी सर्वधर्म भागीदारीः कार्यक्रम की विशिष्टता यह है कि इसमें केवल उलमा ही नहीं, बल्कि विभिन्न धर्मों के धर्मगुरु, वरिष्ठ पत्रकार, बुद्धिजीवी और समाजसेवी भी हिस्सा लेंगे।

**शामिल होने वाली प्रमुख हस्तियां**

सेमिनार में देश की कई नामचीन शख्सियतों ने आने की स्वीकृति दे दी है, जिनमें प्रमुख रूप से शामिल हैं धर्मगुरु मौलाना सय्यद कल्बे रूशैद, मौलाना कलीम अशरफ जाएसी, पंडित विजय शर्मा, सरदार परमजीत सिंह, भंते दीपांकर जी, महाराज सुशील जी, पास्टर शिबू थॉमस और सरदार प्रितपाल सिंह सलूजा।

बुद्धिजीवी व राजनेताः पूर्व जज बी.डी. नकवी, सोशलिस्ट लीडर संदीप पाण्डेय, डॉ. सुनीलम, सय्यद आसिम वकार, कुर्बान अली और डॉ. कुलदीप भार्गव।शिक्षाविदद व पत्रकारः प्रोफेसर रमेश दीक्षित, प्रोफेसर नदीम अशरफ, वरिष्ठ पत्रकार अशोक पाण्डे, डॉ. लक्ष्मण सिंह और डॉ. ग्रीश शर्मा विद्वान मौलाना सय्यद काज़िम मेंहदी, मौलाना सय्यद शाबिउल हसन और मौलाना शमीमुल हसन। मौलाना सफी हैदर ने कहा कि इस सेमिनार के माध्यम से समाज के हर वर्ग तक शहीद आयतुल्लाह के शांति और न्याय के संदेश को पहुँचाने का प्रयास किया जाएगा।


# पालम में हाजी यामीन कुरैशी के जनाजे में सैकड़ों हिंदू-मुस्लिमों ने की शिरकत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली, पालम (इरफान राही )।** मंगला पुरी शाह नगर पालम के सम्मानित निवासी हाजी यामीन कुरैशी साहब के इंतकाल पर इलाके में गम का माहौल व्याप्त हो गया। बुधवार शाम बाद नमाज-ए-मगरिब उनका जनाजा मंगला पुरी कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया, जहां सैकड़ों की तादाद में हिंदू-मुस्लिम समाज के लोगों ने पहुंचकर मरहूम को नम आंखों से खिराज-ए-अकीदत पेश किया।

जनाजे की नमाज बिलाल मस्जिद के इमाम ओ खतीब मौलाना वकीलुर्रहमान ने पढ़ाई तथा मरहूम के लिए दुआ-ए-मगफिरत कराई। इस मौके पर आसपास के तमाम ओलमा-ए-किराम और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

मुस्लिम इत्तेहाद कमेटी के चेयरमैन सलीम कुरैशी ने कहा कि हाजी यामीन कुरैशी साहब एक नेक और मिलनसार इंसान थे, जो हमेशा समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलते थे। कांग्रेस?? पार्टी के नेता व द्वारका के पूर्व विधायक आदर्श शास्त्री कहा कि हाजी जी ने अपनी ज़िंदगी में भाईचारे, मोहब्बत और इंसानियत को हमेशा प्राथमिकता दी। मंगला पुरी वार्ड के निगम पार्षद नरेंद्र गिरसा ने कहा कि हाजी यामीन हमारे क्षेत्र के सम्मानित बुजुर्ग थे उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं , दिल्ली प्रदेश कांग्रेस पार्टी उपाध्यक्ष तस्वीर सोलंकी ने भी खिराज ए अकीदत पेश की जनाजे में जमीयत ए उलेमा ए हिन्द जुनूबी मगरिब के सदर मौलाना



जमील कासमी, अली मियां लाइब्रेरी के डायरेक्टर एवं कमल पार्क मस्जिद के इमाम मौलाना यहया अर्सलानी, हिन्दू मुस्लिम सर्व धर्म एकता मंच के चेयरमैन विनोद सारवान, सरपरस्त मौलाना गुलाम रसूल, कवि एवं पत्रकार इरफान राही सैदपुरी सैफी, प्रधान रियाज अंसारी, कांग्रेस पार्टी से द्वारका के अमित कनोजिया, अमित शर्मा, हाजी राहत अली सैफी, शफीक कुरैशी, चौधरी अबरार , हाजी इकबाल कुरैशी,सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

इस अवसर पर परिवार के सदस्य हाजी मतलूब कुरैशी, मकसूद कुरैशी तथा युवा कांग्रेस नेता महफूज कुरैशी सहित बड़ी संख्या में रिश्तेदार, दोस्त और क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

महफूज कुरैशी ने बताया कि उनके बड़े भाई मरगूब कुरैशी उर्फ.ह्यकालेह्व इस समय हज के मुबारक सफर पर मक्का-मदीना गए हुए हैं।

वालिद के इंतकाल की सूचना मिलने पर उन्होंने वीडियो कॉल के जरिए अपने पिता की आखिरी बार ज़ियारत की और वहीं से दुआ-ए-मगफिरत की। यह मंजर मौजूद लोगों की आंखें नम कर गया।

मरहूम के इंतकाल की खबर से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। उपस्थित लोगों ने अल्लाह रब्बुल इज्जत से दुआ की कि मरहूम की मगफिरत फरमाए, उन्हें जन्नतुल फिरदौस में आला मुकाम अता करे तथा अहले खाना को सब्र-ए-जमील प्रदान करे।

# 8 मशीनों से रोज 32 डायलिसिस की सुविधा, 57 मरीजों को मिल रहा लाभ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**


**चंदौसी (मयंक सक्सेना)।** जनपद सम्भल के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चन्दौसी में पीपीपी मॉडल के तहत संचालित डायलिसिस यूनिट किडनी रोगियों के लिए राहत साबित हो रही है। मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए यूनिट में मशीनों की संख्या दो से बढ़ाकर आठ कर दी गई है। इनमें छह मशीनें सामान्य मरीजों और दो मशीनें हेपेटाइटिस-सी संक्रमित मरीजों के लिए संचालित की जा रही हैं।

डायलिसिस यूनिट का शुभारम्भ दिसंबर 2022 में दो मशीनों के साथ किया गया था। वर्तमान में एक मशीन से प्रतिदिन अधिकतम चार डायलिसिस की जा रही हैं। इस प्रकार आठ मशीनों के माध्यम से प्रतिदिन 32 डायलिसिस की क्षमता उपलब्ध है, जिनमें 24 सामान्य और आठ हेपेटाइटिस-सी संक्रमित मरीजों के लिए निर्धारित हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार सामान्य तौर पर प्रत्येक मरीज की सप्ताह में दो से तीन बार डायलिसिस की जाती है। यूनिट में वर्तमान में 57 मरीज उपचार ले रहे हैं। इनमें 31 मरीजों की सप्ताह में तीन बार, 25 मरीजों की सप्ताह में दो बार और एक मरीज की सप्ताह में एक बार डायलिसिस की जा रही है। प्रतिमाह करीब 576 डायलिसिस की जा रही हैं। दिसंबर 2022 से मार्च 2026 तक यूनिट में कुल 19,459 डायलिसिस की जा चुकी हैं।

# आखिर भारतीय बिश्नोई महासभा मुरादाबाद की प्रबंध समिति का चुनाव कार्यक्रम घोषितः 17 जून को नामांकन, मतदान / चुनाव परिणाम 27 जून को, मतगणना लाइव की जाएगी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा (रजि.)मुख्य कार्यालयः मुक्तिचाम मुकाम, तहसील नोखा, जिला बीकानेर (राजस्थान) के प्रधान देवेंद्र बुड़िया ने महन्त भगवान दास (मुख्य निर्वाचन अधिकारी) की देखरेख में अखिल भारतीय विश्नोई महासभा, विश्नोई धर्मशाला कृष्णापुरी लाइनपार जिला मुरादाबाद की प्रबन्ध समिति के चुनाव हेतु कार्यक्रम घोषित किया है'नामांकन की तिथि 17.06.2026प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे




तक । स्थान-मुक्तिधाम मुकाम, नोखा, बीकानेर'

नामांकन पत्रों की जांच 18.06.2026प्रातः 10:00 बजे से साय 05:00 बजे तक ।

नामांकन वापसी19.06.2026 प्रातः 10:00 बजे से सांय 04:00 बजे तक स्थान-मुक्तिधाम मुकाम, नोखा, बीकानेर 'वैध मतदाताओं की सूची का प्रकाशन 20.06.2026 प्रातः 10:00 बजे से साय 04:00 बजे तक

मतदान,मतगणना / परिणाम 27.06.2026प्रातः 08:00 बजे से सांय 06:00 बजे तक और मतगणना लाइव की जाएगी'

# वैश्विक अनिश्चितता के बीच ब्रिक्स से रचनात्मक और स्थिर करने वाली भूमिका की बढ़ रही उम्मीदें : जयशंकर

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने गुरुवार को ब्रिक्स 2026 को संबोधित करते हुए कहा कि उभरते बाजारों और विकासशील देशों के बीच यह उम्मीद बढ़ रही है कि ब्रिक्स वैश्विक अनिश्चितता, संघर्षों और आर्थिक चुनौतियों के बीच एक रचनात्मक और स्थिर करने वाली भूमिका निभाएगा। विदेश मंत्री जयशंकर ने भारत मंडपम में ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों की मीटिंग में ओपनिंग स्पीच देते हुए कहा, भारत की अध्यक्षता आपके सपोर्ट की तारीफ करती है, जिसने हमारे काम की लगातार तरक्की में मदद की है। बता दें, 2026 में भारत ब्रिक्स की अध्यक्षता कर रहा है। मौजूदा ग्लोबल हालात पर जोर देते हुए विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि यह मीटिंग ऐसे समय में हो रही है जब अंतरराष्ट्रीय संबंधों में बड़े बदलाव और अस्थिरता है। उन्होंने कहा, हम ऐसे समय में मिल रहे हैं जब अंतरराष्ट्रीय संबंधों में काफी उतार-चढ़ाव हैं, चल रहे झगड़े, आर्थिक अनिश्चितताएं और व्यापार, तकनीक और जलवायु को लेकर चुनौतियां वैश्विक माहौल को बना रही हैं।



ब्रिक्स समूह के महत्व पर जोर देते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, खासकर उभरते बाजारों और विकासशील देशों से यह उम्मीद बढ़ रही है कि ब्रिक्स एक संरचनात्मक और स्थिर करने वाली भूमिका निभाएगा। चल रही बातचीत के महत्व का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि चचाओं ने बड़े वैश्विक और क्षेत्रीय विकास पर सोचने और सदस्य देशों के बीच सहयोग को मजबूत करने के प्रैक्टिकल तरीकों को खोजने का मौका दिया।

जलवायु से जुड़ी चिंताओं को लेकर भारत के विदेश मंत्री ने कहा कि क्लाइमेट चेंज एक जरूरी ग्लोबल मुद्दा बना हुआ है जिस पर मिलकर ध्यान देने की जरूरत है।

उन्होंने कहा, क्लाइमेट चेंज एक बड़ी चिंता बनी हुई है। हमारी बातचीत में बराबरी और आम लेकिन अलग-अलग जिम्मेदारियों के सिद्धांतों को आगे बढ़ाते हुए सतत विकास को आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने ग्लोबल ऑर्डर पर तकनीक में तरक्की के बढ़ते असर पर भी जोर दिया और कहा कि इन विकास का इस्तेमाल अच्छे शासन और सबको साथ लेकर चलने वाले विकास को बढ़ावा देने के लिए किया जाना चाहिए।

विदेश मंत्री ने जोर दिया कि शांति और सुरक्षा से जुड़े मुद्दे ग्लोबल ऑर्डर के लिए अहम बने हुए हैं और अलग-अलग इलाकों में जारी झगड़ों के बीच बातचीत और कूटनीति की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा, शांति और सुरक्षा के मुद्दे ग्लोबल ऑर्डर के लिए सेंट्रल बने हुए हैं। हाल के झगड़े बातचीत और कूटनीति के महत्व को और दिखाते हैं। साथ ही उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ मजबूत सहयोग की भी अपील की। विदेश मंत्री जयशंकर ने ब्रिक्स फ्रेमवर्क के अंदर सहयोग को मजबूत करने के लिए लगातार समर्थन के लिए सभी हिस्सा लेने वाले डेलिगेशन को धन्यवाद दिया। विदेश मंत्री ने कहा, अध्यक्ष के तौर पर, मैं हर डेलिगेशन को उनकी मौजूदगी और ब्रिक्स फ्रेमवर्क के अंदर सहयोग को मजबूत करने के उनके लगातार कमिटमेंट के लिए धन्यवाद देता हूं।

**लीवर ट्रांसप्लांट** — बिना ब्लड ट्रांसफ्यूजन के ऐसी सर्जरी बेहद रेयर, विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक यादव और उनकी टीम ने डोनर की कमी के बीच एडवांस तकनीक से बचाई मरीज की जान

# लखनऊ में पहली बार,अपोलो हॉस्पिटल में बिना ब्लड ट्रांसफ्यूजन हुआ सफल लीवर ट्रांसप्लांट

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** अपोलोमेडिक्स सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ के डॉक्टरों की टीम ने पहली बार एक बेहद दुर्लभ और चुनौतीपूर्ण लीवर ट्रांसप्लांट को सफलतापूर्वक अंजाम देकर मेडिकल क्षेत्र में नई मिसाल पेश की है। इस सर्जरी की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि पूरे ऑपरेशन के दौरान 56 वर्षीय मरीज को एक भी यूनिट खून (ब्लड ट्रांसफ्यूजन) नहीं चढ़ाना पड़ा। गंभीर स्थिति में पहुंचे इस मरीज को सफल सर्जरी के बाद नई जिंदगी मिली है। आमतौर पर लीवर ट्रांसप्लांट के बाद मरीज को 20 से 25 दिन तक अस्पताल में रहना पड़ता है, लेकिन बेहतर रिकवरी के चलते इस मरीज को ऑपरेशन के महज 8वें दिन ही छुट्टी दे दी गई। उल्लेखनीय है कि अपोलो की लीवर ट्रांसप्लांट टीम पिछले 7 महीनों में 20 सफल लीवर ट्रांसप्लांट कर चुकी है। यह मरीज उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले का रहने वाला है। अस्पताल आने पर उसकी हालत काफी गंभीर थी। मरीज का एमईएलडी स्कोर (MELD Score) 30 था। इसका अर्थ है कि मरीज का लीवर बेहद गंभीर स्थिति में था और उसे तुरंत लीवर ट्रांसप्लांट की जरूरत थी। मरीज की जान बचाने के लिए उसकी 45 वर्षीय पत्नी ने अपना लीवर डोनेट किया। यह लीवर ट्रांसप्लांट अपोलो हॉस्पिटल लखनऊ के डॉ. अभिषेक यादव, सीनियर डायरेक्टर एवं हेड लिवर ट्रांसप्लांट, और डॉ. उत्कर्ष श्रीवास्तव, कंसलटेंट लिवर ट्रांसप्लांट, व उनकी टीम द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। डॉ. अभिषेक यादव ने बताया कि आमतौर पर लीवर




ट्रांसप्लांट में भारी मात्रा में ब्लड लॉस होता है। सामान्य तौर पर ऐसी सर्जरी में 2 से 3 लीटर तक खून बह सकता है, जिसके कारण मरीज को कई यूनिट खून चढ़ाना पड़ता है। उन्होंने बताया कि इस केस में मरीज के लिए पर्याप्त ब्लड डोनर उपलब्ध नहीं थे। इसे देखते हुए टीम ने पहले से ही ब्लड लॉस को कम से कम रखने की रणनीति तैयार की थी। टीम ने बेहद सावधानी से ऑपरेशन किया और ब्लीडिंग को न्यूनतम रखा। नतीजा यह रहा कि पूरी सर्जरी बिना किसी ब्लड ट्रांसफ्यूजन के पूरी हो गई। मरीज अब स्वस्थ है और डिस्चार्ज होकर घर जाने की स्थिति में है।

उन्होंने आगे बताया कि पहले लीवर ट्रांसप्लांट के लिए 8 से 10 यूनिट तक ब्लड की व्यवस्था करनी पड़ती थी, बिना खून चढ़ाए लीवर ट्रांसप्लांट करना एक बेहद दुर्लभ एवं जटिल प्रक्रिया है लेकिन एक्सपर्ट टीम और एडवांस सर्जिकल मैनेजमेंट की मदद से कई मामलों में यह संभव हो सकता है। उन्होंने बताया कि अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल में पिछले 7 महीनों में 20 सफल लीवर ट्रांसप्लांट किए जा चुके हैं जिनमें कुछ बेहद जटिल ट्रांसप्लांट भी शामिल हैं। सभी मरीज फॉलो अप में हैं व रिकवर कर रहे हैं । इस महत्वपूर्ण मेडिकल उपलब्धि पर अपोलोमेडिक्स सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ के एमडी और सीईओ डॉ. मयंक सोमानी ने कहा, "लिवर ट्रांसप्लांट अपने आप में एक अत्यंत जटिल सर्जरी है, जिसमें 8 से 10 यूनिट खून की जरूरत पड़ती ही है।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267